डालटनगंज (मेदिनीनगर), बुधवार । 15 जुलाई 2026 । वर्ष-32, अंक-269, पृष्ठ-12
आषाढ़ शुक्ल पक्ष 01, संवत 2083 । डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित । रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94
मूल्य 2 रु.
ईश्वर में हमारा विश्वास
# राष्ट्रीय नवीन मेल
सत्यमेव जयते
पेज 12
www.rastriyanaveenmail.com
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर






## डालटनगंज का तापमान

| मेदिनीनगर | गढ़वा |
|---|---|
| अधिक. 35.0° | अधिक. 37.0° |
| न्यून. 27.0° | न्यून. 29.0° |

## दृष्टिपात

### जमीन विवाद में युवक को गोली मारकर किया घायल



**छतरपुर (पलामू)।** थाना क्षेत्र के हुटूकदाग गांव में मंगलवार सुबह आठ बजे जमीन विवाद को लेकर 51 वर्षीय विसम्बर लोहार को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। गोली उनकी नाभि में लगी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सौरव चौबे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और घायल को तत्काल छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एमएमसीएच), मेदिनीनगर रेफर कर दिया। थाना प्रभारी सौरव चौबे ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोषियों की उम्रकैद बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने जज उत्तम आनंद हत्याकांड में दोषी ठहराए गए राहुल वर्मा और लखन वर्मा की आपराधिक अपील खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने धनबाद की सीबीआई विशेष अदालत द्वारा सुनाई गई उम्रकैद की सजा को बरकरार रखते हुए कहा कि यह घटना न्यायपालिका पर सीधा हमला थी। दोनों दोषियों ने धनबाद स्थित सीबीआई की विशेष अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में आपराधिक अपील दायर की थी। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने सीबीआई कोर्ट से निचली अदालत का रिकॉर्ड (लोअर कोर्ट रिकॉर्ड-एलसीआर) तलब किया था। रिकॉर्ड के अवलोकन और दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद खंडपीठ ने अपील खारिज कर दी।

## आज कल




# भारत मंडपम में झारखंड पैवेलियन का उद्घाटन

- नई दिल्ली में उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया उद्घाटन, बोले- हमारे हस्तकरघा उत्पाद दुनिया तक पहुंचेंगे
- छह जीआई टैग प्राप्त उत्पादों को वैश्विक खरीदारों के समक्ष प्रदर्शित किया
- राज्य के बुनकरों और वस्त्र उद्योग के लिए नए बाजार व रोजगार के अवसरों पर जोर




नवीन मेल डेस्क

**रांची/नई दिल्ली।** नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2026 में राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने मंगलवार को झारखंड पैवेलियन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी पहचान केवल राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि देश और दुनिया तक पहुंचनी चाहिए। झारखंड की समृद्ध हस्तकरघा और वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाकर हम राज्य में रोजगार के अधिक अवसर सृजित करना चाहते हैं, ताकि हमारे युवाओं को रोजगार की तलाश में बाहर न जाना पड़े। रोजगार बढ़ेगा, तो झारखंड का विकास भी नई गति से आगे बढ़ेगा। उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि भारत टेक्स 2026 झारखंड के पारंपरिक वस्त्र उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने, बुनकरों और कारीगरों को नए व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराने तथा राज्य के वस्त्र उद्योग को वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण मंच है।

शेष पेज 11 पर

### लोकल से ग्लोबल' हो रहे हैं हमारे उत्पाद, रोजगार के भी अवसरों में इजाफा



हेमंत सोरेन सरकार झारखंड की समृद्ध हस्तकरघा और वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए सतत प्रयासरत है। इससे राज्य के हस्तकरघा और वस्त्र उत्पाद न केवल 'लोकल से ग्लोबल' हो रहे हैं, बल्कि झारखंड में रोजगार के अवसर भी बढ़ रहे हैं। वास्तव में झारखंड की समृद्ध हस्तकरघा और वस्त्र विरासत राज्य की गहरी आदिवासी संस्कृति और प्राकृतिक परिवेश का एक अनूठा संगम है। यह विरासत मुख्य रूप से तसर रेशम (कोसा) और विशिष्ट जनजातीय परिधानों के लिए जानी जाती है, जिन्हें अब जोहारग्राम जैसे आधुनिक फैशन ब्रांड वैश्विक पहचान दिला रहे हैं। राज्य के हस्तकरघा और वस्त्र उद्योग को 11 नए भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग प्राप्त हुए हैं, जो इसकी प्रामाणिकता और विशिष्टता को प्रदर्शित करते हैं। झारखंड सरकार और झारक्राफ्ट जैसे संगठनों के प्रयासों से इस विरासत को आधुनिक बाज़ारों तक पहुंचाया जा रहा है। यह कला न केवल राज्य की सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं और बुनकरों के लिए आजीविका का एक प्रमुख साधन भी है।

# पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक का निधन

- रांची के एक निजी अस्पताल में लंबे समय से चल रहा था इलाज
- विभिन्न दलों के नेताओं ने उनके निधन पर व्यक्त किया शोक



नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य की राजनीति के अनुभवी चेहरों में शामिल मन्नान मल्लिक का मंगलवार की सुबह निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। उन्होंने रांची के बरियातू स्थित एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से अस्वस्थ थे और उनका इलाज चल रहा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत विभिन्न दलों के नेताओं ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है। मन्नान मल्लिक के निधन की सूचना मिलते ही धनबाद समेत पूरे झारखंड और बिहार कांग्रेस में शोक की लहर दौड़ गई। कांग्रेस नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा उनके समर्थकों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए

शेष पेज 11 पर

### उनकी कमी सदैव महसूस की जाएगी : हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मन्नान मल्लिक के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी धर्मपत्नी एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ मंगलवार को झारखंड विधानसभा पहुंचे, जहां उन्होंने दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।
मुख्यमंत्री ने मरांग बुरु से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों, समर्थकों और शुभचिंतकों को इस कठिन समय में धैर्य एवं संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।
मुख्यमंत्री ने कहा कि मन्नान मल्लिक लंबे समय तक जनसेवा और सार्वजनिक जीवन में सक्रिय रहे। उन्होंने झारखंड, विशेषकर धनबाद की जनता की समस्याओं और आवाज़ को मजबूती से उठाने का कार्य किया। उनके निधन से राज्य ने एक अनुभवी जनप्रतिनिधि और सामाजिक सरोकारों से जुड़े नेता को खो दिया है। उन्होंने कहा कि यह अपूरणीय क्षति है और उनकी कमी सदैव महसूस की जाएगी।
श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद मुख्यमंत्री और विधायक कल्पना सोरेन ने दिवंगत मन्नान मल्लिक के शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा इस दुख की घड़ी में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।
उल्लेखनीय है कि झारखंड के पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन पर राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर है।

# समय पर एंबुलेंस और ऑक्सीजन नहीं मिलने से छात्रा की मौत का आरोप

- परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र पर लापरवाही का लगाया आरोप, जांच और कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर (गुमला)।** चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान 15 वर्षीय छात्रा शिवानी कुमारी की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और ग्रामीणों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। परिजनों के अनुसार, प्रेमनगर निवासी राजकुमार लोहरा की पुत्री शिवानी कुमारी मंगलवार सुबह स्कूल जाने की तैयारी के दौरान अचानक तेज सिरदर्द और उल्टी की शिकायत के बाद गंभीर रूप से बीमार हो गई। उसे तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।मृतका के पिता का आरोप है कि गंभीर स्थिति के बावजूद अस्पताल में सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराई गई और ऑक्सीजन की भी व्यवस्था नहीं की गई।

# रविन्द्र गंझू के पास से एके-56 समेत कई हथियार मिले

### 20 लाख के इनामी नक्सली की गिरफ्तारी के बाद पुलिस और सीआरपीएफ ने की संयुक्त प्रेसवार्ता

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** नक्सल विरोधी अभियान में लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झारखंड सरकार और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा कुल 20 लाख रुपये के इनामी भाकपा (माओवादी) के रीजनल कमेटी सदस्य रविन्द्र गंझू उर्फ मुकेश गंझू उर्फ सुरेंद्र गंझू को संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव और डीआईजी, सीआरपीएफ पंकज कुमार ने संयुक्त प्रेस वार्ता में बताया कि बेतर ओपी क्षेत्र के जंगल में विशेष अभियान चलाकर उसे गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान उसके पास से एक एके-56 रायफल, दो मैगजीन, 180 जिंदा कारतूस, एक 7.65 एमएम पिस्टल, दो मैगजीन, 12 कारतूस, एक देशी रायफल, 5.56 एमएम के 21 कारतूस, .303 बोर के 16 कारतूस तथा अन्य नक्सली सामग्री बरामद की गई।पुलिस के अनुसार 43 वर्षीय रविन्द्र गंझू पिछले लगभग 30 वर्षों से माओवादी संगठन से जुड़ा था और उसके खिलाफ झारखंड के विभिन्न थानों में 154 मामले दर्ज हैं। उस पर झारखंड सरकार ने 15 लाख रुपये तथा एनआईए ने पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार माओवादी से पूछताछ की जा रही है और उसके इनपुट के आधार पर अन्य नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी रहेगा।

### सीबीएसई ने जारी किया तीसरी भाषा (आर-3) का नया मूल्यांकन ढांचा

# तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं, पर पढ़ना जरूरी

- स्कूल करेंगे 100 अंकों का आंतरिक मूल्यांकन, जिसमें उत्तीर्ण होना अनिवार्य

विशेष संवाददाता

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफ-एसई 2023) के तहत आर-3 (तीसरी भाषा) मूल्यांकन फ्रेमवर्क जारी कर दिया है। नए नियम के अनुसार, कक्षा 9 (सत्र 2026-27) से तीसरी भाषा (आर-3) की कोई बोर्ड परीक्षा नहीं होगी, बल्कि इसका मूल्यांकन संबंधित स्कूल अपने स्तर पर आंतरिक परीक्षा के माध्यम से करेगा। हालांकि, 10वीं का सीबीएसई सेकेंडरी पास सर्टिफिकेट पाने के लिए आर-3 में उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। यदि कोई छात्र कक्षा 9 में आर-3 में सफल नहीं होता है, तो उसे 10वीं में प्रमोट कर दिया जाएगा, लेकिन 10वीं के दौरान उसे यह विषय पास करना होगा। साथ ही, 10वीं में आर-3 में असफल होने पर परिणाम घोषित होने

शेष पेज 11 पर

### छात्रों से अतिरिक्त दबाव हटाना है उद्देश्य




शिक्षा विशेषज्ञों के अनुसार इस नई व्यवस्था से छात्रों पर बोर्ड परीक्षा का अतिरिक्त दबाव कम होगा। अब भाषा सीखने का जोर रटने के बजाय बोलने, सुनने, समझने और व्यवहारिक उपयोग पर रहेगा। स्कूल पूरे वर्ष विभिन्न गतिविधियों, प्रोजेक्ट और संवाद आधारित मूल्यांकन के जरिए छात्रों की प्रगति का आकलन करेंगे। इससे मातृभाषा और भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि बढ़ेगी, आत्मविश्वास विकसित होगा और बहुभाषी क्षमता मजबूत होगी। यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उस लक्ष्य को भी आगे बढ़ाती है, जिसमें विद्यार्थियों को कम उम्र से ही एक से अधिक भारतीय भाषाओं में दक्ष बनाने पर बल दिया गया है।

# मानव तस्करी पर बनेगी एसओपी

### जिलों से मांगी गई है विस्तृत रिपोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** मानव तस्करी और लापता बच्चों के मामलों की रोकथाम तथा जांच प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से झारखंड पुलिस ने सभी जिलों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने राज्य के सभी वरीय पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) और पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को पत्र जारी कर आवश्यक सूचनाएं एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।
सीआईडी की ओर से जारी पत्र के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को नई दिल्ली में ईस्टर्न जोन की जोनल कंसल्टेशन बैठक आयोजित होगी। यह बैठक सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर गठित समिति की ओर से बुलाई जा रही है। इसका उद्देश्य मानव तस्करी और लापता बच्चों के मामलों में पूरे देश के लिए एक समान मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करना है। इस सिलसिले में झारखंड सीआईडी ने सभी जिलों से मानव तस्करी विरोधी इकाई (एएचटीयू) की वर्तमान स्थिति से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी है। जिलों को यूनिट में तैनात निरीक्षकों, अवर निरीक्षकों (एसआई) और कांस्टेबलों की संख्या, वर्ष 2024, वर्ष 2025 तथा मई 2026 तक दर्ज मानव तस्करी के मामलों का ब्योरा

शेष पेज 11 पर




सीआईडी ने सभी जिलों के एसएसपी और एसपी को पत्र किया जारी

# दस्तावेज लीक केस में स्वास्थ्य कर्मी शंभू सिंह भी बनेगा आरोपी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** विधायक सरयू राय पर गोपनीय दस्तावेज लीक करने के आरोप से जुड़े मामले में एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मी शंभू सिंह को आरोपी बनाए जाने की अनुमति दे दी है। विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने शंभू सिंह के खिलाफ समन जारी करने का भी निर्देश दिया है। मामले में उसकी अदालत में उपस्थिति के लिए 05 अगस्त 2026 की तिथि निर्धारित की गई है।
मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 319 के तहत शंभू सिंह को अतिरिक्त आरोपी बनाने की याचिका पर अदालत ने अपना आदेश सुनाया। अभियोजन ने अदालत को बताया कि मामले में अब तक दर्ज चार गवाहों के बयान में यह बात सामने आई है कि गोपनीय दस्तावेज की तस्वीर शंभू सिंह ने खींची थी। अभियोजन का तर्क था कि मामले के सभी तथ्यों को सामने लाने के लिए उसे भी आरोपी बनाया जाना आवश्यक है। अदालत ने इन दलीलों को स्वीकार करते हुए याचिका मंजूर कर ली।
मामले की सुनवाई फिलहाल एमपी/एमएलए की विशेष अदालत में ट्रायल के चरण में है। अब तक अनुसंधान पदाधिकारी सहित 12 गवाहों की गवाही पूरी हो चुकी है।

### वित्त वर्ष 2026-27 पहली तिमाही के निर्यात आंकड़े भारत के लिए उत्साहजनक

# क्या निर्यात की तेज गति बदलेगी देश की अर्थव्यवस्था?

- केवल वस्तुओं का निर्यात 15.92 प्रतिशत बढ़कर 129.32 अरब डॉलर हुआ
- भारत धीरे-धीरे वैश्विक व्यापार में मजबूत कर रहा है अपनी पकड़

उदय चंद्र सिंह

**नई दिल्ली।** भारत की अर्थव्यवस्था को समझने के लिए सिर्फ शेयर बाजार या जीडीपी के आंकड़े देखना पर्याप्त नहीं होता। यह भी देखना जरूरी है कि दुनिया भारत से क्या और कितना खरीद रही है। यही तस्वीर किसी देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धा, उसकी उत्पादन क्षमता और आर्थिक मजबूती का वास्तविक संकेत देती है। इसी लिहाज से वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के निर्यात आंकड़े भारत के लिए उत्साहजनक हैं।
अप्रैल से जून 2026 के बीच भारत का कुल मर्चेंडाइज और सेवा निर्यात 232.73 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 11.37 प्रतिशत अधिक है। केवल वस्तुओं (मर्चेंडाइज) का निर्यात ही 15.92 प्रतिशत बढ़कर 129.32 अरब डॉलर हो गया। इतना ही नहीं, पेट्रोलियम उत्पादों को छोड़कर गैर-पेट्रोलियम निर्यात में भी 12.44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। यह केवल एक आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि यह संकेत भी है कि भारत धीरे-धीरे वैश्विक व्यापार में अपनी पकड़ मजबूत कर रहा है।
आखिर निर्यात बढ़ना इतना महत्वपूर्ण क्यों है? इसे आसान भाषा में समझें। यदि भारत दुनिया को अधिक सामान बेचता है, तो देश में अधिक विदेशी मुद्रा आती है। विदेशी मुद्रा बढ़ने का अर्थ है कि भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत होती है।

शेष पेज 11 पर

### झारखंड की अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण



झारखंड को आमतौर पर खनिज संपदा वाला राज्य कहा जाता है। लेकिन, इसकी अर्थव्यवस्था केवल खनन तक सीमित नहीं है। यहां इस्पात, इंजीनियरिंग, मशीनरी, फेरो अलॉय और धातु आधारित उद्योग बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। जब इंजीनियरिंग उत्पादों और औद्योगिक वस्तुओं का निर्यात बढ़ता है, तो इसका सकारात्मक प्रभाव झारखंड जैसे औद्योगिक राज्यों पर भी पड़ता है। इससे स्टील संयंत्रों की मांग बढ़ सकती है, उत्पादन में तेजी आ सकती है और नए निवेश तथा रोजगार के अवसर पैदा हो सकते हैं। यही कारण है कि राष्ट्रीय निर्यात के आंकड़े झारखंड की अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण माने जाते हैं।

# निजी क्लीनिक में इलाज के बाद सात वर्षीय मासूम की मौत, जांच की मांग तेज

## सीएचसी से रेफर होने के बाद निजी क्लीनिक में कराया गया था इलाज

- मेदिनीनगर ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम
- चिकित्सक ने आरोपों को बताया निराधार

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** थाना क्षेत्र के गजबोर स्थित एक निजी क्लीनिक में इलाज के बाद सात वर्षीय बच्चे की मौत का मामला सामने आने से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। मृतक की पहचान पांकी बस्ती निवासी अमित कुमार के सात वर्षीय पुत्र हर्ष कुमार के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान बच्चे की हालत लगातार बिगड़ती रही। वहीं, क्लीनिक संचालक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उपचार के बाद बच्चे की स्थिति सामान्य होने पर उसे घर भेज दिया गया था। परिजनों के अनुसार हर्ष कुमार को पेट दर्द की शिकायत होने पर सबसे पहले पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उसे रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे गजबोर स्थित डॉ. वीरेंद्र कुमार के क्लीनिक ले गए, जहां उपचार शुरू हुआ। परिजनों का कहना है कि इलाज के दौरान बच्चे की तबीयत लगातार बिगड़ती रही। यदि समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सकीय सुविधा मिल जाती, तो उसकी जान बच सकती थी। सोमवार सुबह करीब आठ बजे बच्चे की हालत अचानक गंभीर हो गई। इसके बाद उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। स्थानीय लोगों ने भी निजी क्लीनिकों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जांच की मांग की है। दूसरी ओर, क्लीनिक संचालक डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि आवश्यक जांच और उपचार के बाद बच्चे की स्थिति सामान्य होने पर उसे घर भेज दिया गया था। अगले दिन सुबह परिजन दोबारा बच्चे को लेकर आए, जहां पुनः उपचार किया गया। उस समय भी उसकी स्थिति संतोषजनक थी। इसके बाद बच्चा कहां गया और उसके साथ क्या हुआ, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। घटना के बाद यह चर्चा भी तेज हो गई है कि डॉ. वीरेंद्र कुमार चतरा जिले में आयुष चिकित्सक के रूप में पदस्थापित बताए जाते हैं। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि यदि उनकी नियमित ड्यूटी चतरा में है तो पांकी स्थित निजी क्लीनिक का संचालन किस प्रकार किया जा रहा है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

**आवेदन दिए जाने पर मामले की जांच कराई जाएगी : चिकित्सा प्रभारी**

पांकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ. महेंद्र प्रसाद ने कहा कि यदि परिजनों की ओर से आवेदन दिया गया है तो मामले की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। वहीं, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है। समाचार लिखे जाने तक मामले में किसी प्रशासनिक कार्रवाई की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई थी।

## दृष्टिपात

### सब्जी बाजार से उचक्कों ने उड़ाए एक लाख रुपये

**हैदरनगर।** स्थानीय सब्जी बाजार में उचक्कों ने एक व्यक्ति के साइकिल के हैंडल में टंगे झोले से एक लाख रुपये नगद और पासबुक उड़ा लिए। घटना के बाद पीड़ित ने हैदरनगर थाना में सूचना दी है। मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के पठलौटिया निवासी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उन्होंने झारखंड ग्रामीण बैंक से एक लाख रुपये निकाले थे। रुपये झोले में रखकर साइकिल के हैंडल में टांग दिए और सब्जी खरीदने लगे। करीब दस मिनट बाद लौटने पर झोले से रुपये और पासबुक गायब मिले। उन्होंने बताया कि घर में एक कार्यक्रम के लिए रुपये निकाले थे। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना के बाद बाजार की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं।

### हरिहर चौक ओवरब्रिज के नीचे सड़क मरम्मत



**हुसैनाबाद (पलामू)।** जपला-दंगवार मुख्य मार्ग पर हरिहर चौक ओवरब्रिज के नीचे क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत के मद्देनजर प्रशासन ने 14 से 17 जुलाई तक यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) ने इस संबंध में थाना प्रभारी को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। आदेश के अनुसार ओवरब्रिज के नीचे सड़क अत्यधिक क्षतिग्रस्त होने से दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती के अनुरोध पर चार दिनों तक मरम्मत कार्य कराया जाएगा। इस दौरान उक्त मार्ग पर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा और उन्हें वैकल्पिक मार्ग से भेजा जाएगा।प्रशासन के अनुसार जपला से दंगवार जाने वाले वाहन कोरियाडीह–नवीनगर मार्ग तथा जपला नहर मोड़–पथरा रोड होते हुए बभनडी–दोबटिया मार्ग से गुजरेंगे। एसडीओ ने दंगवार ओपी और नहर मोड़ के पास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती कर यातायात सुचारु रखने का निर्देश दिया है। प्रशासन ने वाहन चालकों से सहयोग करने और वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील की है।

### सड़क दुर्घटना में ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर गंभीर रूप से घायल



**मोहम्मदगंज (पलामू)।** प्रखंड में कार्यरत ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर प्रेमतोष पांडेय सोमवार रात मेदिनीनगर बाईपास रोड स्थित सुरभि नगर के समीप दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में दूसरे बाइक चालक को भी गंभीर चोटें आई हैं, जिसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है। प्रेमतोष पांडेय का एमएमसीएच में प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी हालत खतरे से बाहर है। हैदरनगर के ब्लॉक वाश कॉर्डिनेटर हरसु कुमार दयानिधि ने बताया कि बाईपास रोड के किनारे नाली निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढे से निकाली गई मिट्टी और निर्माण सामग्री सड़क पर रखे होने से मार्ग संकरा हो गया था, जिससे दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि रात करीब आठ बजे प्रेमतोष पांडेय रिश्तेदार के घर जा रहे थे, तभी हादसा हो गया। उनके सिर में गंभीर चोट आई है, जहां 12 टांके लगाए गए हैं, जबकि बायां पैर भी फ्रैक्चर हो गया है। उन्होंने पथ निर्माण विभाग और नगर निगम से सड़क किनारे जमा मिट्टी हटाने तथा नाली निर्माण कार्य पूरा होने तक विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### 'नमस्ते डे' पर सफाई कर्मियों का सम्मान

**छतरपुर (पलामू)।** केंद्र सरकार की नमस्ते योजना के तहत मंगलवार को नगर पंचायत परिसर में 'नमस्ते डे' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया तथा उनके लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। पात्र कर्मियों के आयुष्मान भारत (पीएम-जय) कार्ड भी बनाए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सफाई कर्मी नगर की स्वच्छता व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी सुरक्षा तथा स्वास्थ्य सर्वोच्च प्राथमिकता है। डॉ. अभिषेक प्रसाद के नेतृत्व में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सफाई कर्मियों के बीच सुरक्षा जैकेट, ग्लव्स, मास्क सहित अन्य सुरक्षा उपकरण वितरित किए गए।

### किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए गांव-गांव जनसंपर्क अभियान



**सतबरवा।** मलय डैम की मुख्य नहर संख्या-18 की मरम्मत और किसानों को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने की मांग को लेकर 16 जुलाई को प्रस्तावित किसान महापंचायत की तैयारियां तेज हो गई हैं। महापंचायत को सफल बनाने के लिए किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पोंची, हलुमाड, ताबर, मानसोती, ठेमा-ठेमी, मुरमा, दुलसुलमा और रबदा सहित कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। सामाजिक कार्यकर्ता एवं किसान आशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि पिछले वर्ष सतबहिनी (मुरमा) के पास मुख्य नहर क्षतिग्रस्त हो गई थी। कई बार प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन देने के बावजूद अब तक मरम्मत नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि डैम में पर्याप्त पानी होने के बावजूद नहर टूटने से खेतों तक पानी नहीं पहुंच रहा है, जिससे धान की खेती प्रभावित होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि 16 जुलाई को सुबह 11 बजे आयोजित किसान महापंचायत में सतबरवा, मेदिनीनगर सदर और लेस्लीगंज प्रखंड के हजारों किसान भाग लेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे। जनसंपर्क अभियान में बड़ी संख्या में किसान और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सेवानिवृत्त वनकर्मी उदय सिंह का निधन नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**हैदरनगर।** प्रखंड मुख्यालय से सटे बभंडी निवासी एवं वन विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी उदय सिंह (76) का निधन हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ थे और वाराणसी के एक अस्पताल में उपचाररत थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगलवार सुबह उनके बभंडी स्थित आवास से अंतिम यात्रा निकाली गई। इसके बाद पैतृक गांव लोहरपुरा के श्मशान घाट में पूरे विधि-विधान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके पुत्र शशिरंजन कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने दी। उदय सिंह अपने सरल, मिलनसार और नेकदिल स्वभाव के लिए क्षेत्र में सम्मानित थे। उनके निधन से परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है। अंतिम संस्कार में पूर्व जिला परिषद सदस्य सचिदानंद सिंह उर्फ सत्या सिंह, उप प्रमुख पप्पू पासवान, भाजपा मंडल मंत्री राहुल सिंह, मुखिया जितेंद्र सिंह, नावाजिश खान सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कादल गांव में पशुओं को लगाया गया खुरहा-चपका रोग से बचाव का टीका

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में खुरहा-चपका (एफएमडी) जैसी मौसमी बीमारी से बचाव के लिए चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान के तहत मंगलवार को कादल गांव में दर्जनों पशुओं का टीकाकरण किया गया। भ्रमणशील पशु चिकित्सक डॉ. धर्मेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि एआई कर्मियों की हड़ताल के बावजूद विभागीय निर्देश के आलोक में अभियान को हर हाल में पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पशु एंबुलेंस कर्मी मुरली मनोहर पांडेय द्वारा टीकाकरण किया जा रहा है, जबकि पशु चिकित्सालय कर्मी बिपिन कुमार सहयोग कर रहे हैं।

## गोड़ाडीह में एसआईआर को लेकर चला जागरूकता अभियान



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के गोड़ाडीह पंचायत स्थित बूथ संख्या-31 पर मंगलवार को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए सभी पात्र मतदाताओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गणना प्रपत्र भरकर जमा करना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को घर-घर जाकर प्रपत्र उपलब्ध कराने और शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।कार्यक्रम में उपस्थित मतदाताओं को एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करने की अपील की गई। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि उदय कुमार सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## देवरी ओपी का एसडीपीओ ने किया औचक निरीक्षण, बेहतर पुलिसिंग के दिए निर्देश

### लंबित मामलों और विधि-व्यवस्था की समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद के एसडीपीओ दिव्यांश शुक्ला ने सोमवार को देवरी ओपी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओपी प्रभारी राजू गुप्ता एवं पुलिस जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीपीओ ने विधि-व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण, लंबित मामलों तथा पुलिस कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने पुलिसकर्मियों को ईमानदारी, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ दायित्व निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण और बेहतर कानून-व्यवस्था के लिए पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। आम लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुनकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के साथ ही ओपी परिसर की साफ-सफाई, अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

## बीडीओ ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज (पलामू)।** बीडीओ सह सीडीपीओ पारितोष प्रियदर्शी ने मंगलवार को प्रखंड की सलैया पंचायत स्थित मझियावां आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत समिति के 15वें वित्त आयोग मद से कराए जा रहे भवन सुदृढ़ीकरण, रंग-रोगन, चहारदीवारी और जलापूर्ति सहित विभिन्न कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर उपस्थित बच्चों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। बीडीओ ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण पर किया गया निवेश समाज के लिए सबसे अधिक लाभकारी होता है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से विकास मद की राशि का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर ऐसे जनहितकारी कार्यों में करने की अपील की। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि सनोज गुप्ता, सेविका रीता देवी, सहायिका संगीता देवी, स्वयंसेवक अमरेश कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भतीजे की हत्या के आरोप में चाचा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा गांव में 12 वर्षीय रोशन बैठा की चाकू गोदकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने आरोपी चाचा अनिल बैठा को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अंधविश्वास के कारण इस वारदात को अंजाम दिया। उसका आरोप था कि मृतक की दादी समुद्री देवी ने डायन-भूत के प्रभाव से एक वर्ष पहले उसके बेटे की मौत करा दी थी। इसी अंधविश्वास में उसने अपने 12 वर्षीय भतीजे रोशन बैठा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है।

## डिजिटल पंचायत से सशक्त होंगी ग्राम पंचायतें, वीएलई की भूमिका अहम : अभिषेक कुमार

**नीलांबर-पीतांबरपुर।** ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने के उद्देश्य से डिजिटल पंचायत परियोजना के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न पंचायतों के ग्राम स्तरीय उद्यमी (वीएलई), पंचायत सचिव, पंचायत स्वयंसेवक, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक (बीपीसी) तथा अन्य कर्मियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को डिजिटल पंचायत पोर्टल, जीपीडीपी पोर्टल और एसआईआरडी से संबंधित विभिन्न मॉड्यूल की जानकारी दी गई।

## त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने पर जोर गोल्हना में बीएलओ-बीएलए की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के तहत मंगलवार को हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-51, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोल्हना में बीएलओ एवं बीएलए-2 की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा ने की। बैठक में संबंधित केंद्र पर अब तक मात्र 29.55 प्रतिशत कार्य प्रगति पर बीडीओ ने नाराजगी जताते हुए बीएलओ को डिजिटलीकरण की गति बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, मृत एवं स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर त्रुटिरहित एवं पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करने का निर्देश दिया।

## बरवाडीह में नाली निर्माण में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने रुकवाया काम

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** प्रखंड की ढुब पंचायत अंतर्गत बरवाडीह गांव में 15वें वित्त आयोग की राशि से हो रहे नाली निर्माण कार्य में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मंगलवार को निर्माण कार्य रुकवा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया जा रहा है। नाली निर्माण में गुणवत्तापूर्ण ईंटों के स्थान पर घटिया दर्जे की बंगला ईंट लगाई जा रही है। साथ ही बिना उचित ढलाई के ही दीवारें खड़ी की जा रही हैं, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन सरकारी राशि का दुरुपयोग और घटिया निर्माण किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य होने तक निर्माण शुरू नहीं होने दिया जाएगा। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। मौके पर विनय सिंह, अनिल सिंह, अभिषेक सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, गिरवर साव, बालेश्वर साव, कलेंदर भुईंया, विश्वनाथ साहू, संतोष साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर अनाथ बच्चों के घर पहुंची प्रशासनिक टीम

# स्वास्थ्य जांच के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का भरोसा

- शिक्षा, राशन और आर्थिक सहायता की प्रक्रिया शुरू

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** पलामू उपायुक्त दिलीप सिंह शेखावत के निर्देश पर मंगलवार को हुसैनाबाद प्रखंड की लोटनियां पंचायत अंतर्गत बरडीहा गांव में चार अनाथ बच्चों के घर प्रशासनिक टीम पहुंची। हुसैनाबाद के अंचल अधिकारी पंकज कुमार के नेतृत्व में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. एस.के. रवि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बच्चों से मुलाकात कर उनकी स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान डॉ. रवि ने चारों बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया। अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि चांदनी कुमारी (17), नंदिनी कुमारी (15), शिवानी कुमारी (7) और शिवम कुमार (5) को सरकार की सभी पात्र योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। स्पॉन्सरशिप योजना के तहत पात्र बच्चों को प्रतिमाह चार हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा बैंक खाता खुलवाने, शिक्षा से जोड़ने, साइकिल, पुस्तकें, कॉपियां और अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। गौरतलब है कि बरडीहा गांव के इन चार अनाथ बच्चों की दयनीय स्थिति समाजसेवी सतीश शर्मा द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए जाने के बाद उपायुक्त ने तत्काल संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को मौके पर भेजने का निर्देश दिया था। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि चारों बच्चों की देखभाल अपने बच्चों की तरह की जाएगी और उन्हें किसी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर मुखिया विनोद सिंह, समाजसेवी सतीश शर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

**संबंधित अधिकारियों को बच्चों की नियमित निगरानी करने का निर्देश**

बच्चों को नियमित राशन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को सौंपी गई है। साथ ही शौचालय निर्माण और गैस चूल्हा उपलब्ध कराने की भी कार्रवाई की जाएगी। संबंधित अधिकारियों को बच्चों की नियमित निगरानी करने तथा हरसंभव सहायता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## हिंदी शिक्षिका बिंदु देवी के निधन पर कॉलेज में शोकसभा

**सतबरवा।** महाविद्यालय की हिंदी शिक्षिका श्रीमती बिंदु देवी के लंबी बीमारी के बाद निधन से कॉलेज परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। वह पिछले छह माह से अधिक समय से अस्वस्थ थीं। महाविद्यालय के सचिव दिलीप सिंह नामधारी ने कहा कि बिंदु देवी कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और विद्यार्थियों के बीच लोकप्रिय शिक्षिका थीं। प्रभारी प्राचार्य मनु देव ने भी उनके शैक्षणिक योगदान को स्मरण करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। शोकसभा में शिक्षिका प्रतिमा कुमारी, निकिता कुमारी, मीना देवी, सविता देवी, शिक्षक चंचल कुमार, भोला मेहता, सुदामा प्रसाद, रिशाल सिंह, मनु महतो, मिथिलेश कुमार सिंह सहित शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## 'उन्नति का पहिया' योजना के तहत 120 विद्यार्थियों को मिली साइकिल



नवीन मेल संवाददाता

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में राज्य सरकार की 'उन्नति का पहिया' योजना के तहत चार विद्यालयों के 120 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल ने बताया कि राजकीयकृत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सोनबरसा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पंसा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय डाली तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोल्हुआ के विद्यार्थियों को साइकिल दी गई। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्र-छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह बढ़ेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

# एसआईआर अभियान में तेजी लाने पर जोर, उपायुक्त ने कई बूथों का किया निरीक्षण

● फॉर्म वितरण के साथ शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन और एएसडी सूची की सटीक मैपिंग के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत जिले में चल रहे गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन कार्यों की समीक्षा के लिए उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों, बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर को निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।



निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सबसे पहले चैनपुर स्थित उच्च विद्यालय, सहदेवा के मतदान केंद्र संख्या-112 पहुंचे। यहां बीएलओ से गणना प्रपत्रों के वितरण और डिजिटाइजेशन की प्रगति की जानकारी ली। बीएलओ ने बताया कि प्रपत्रों का वितरण शत-प्रतिशत पूरा हो चुका है, जबकि डिजिटाइजेशन अपेक्षाकृत धीमा है। इस पर उपायुक्त ने वितरण के साथ-साथ डिजिटाइजेशन और एएसडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाता) सूची की सटीक मैपिंग भी शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इसके बाद उन्होंने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बरांव स्थित मतदान केंद्र संख्या 62, 63 और 64 का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन प्रपत्रों का संग्रहण हो चुका है, उनका डिजिटाइजेशन उसी दिन पूरा कराया जाए। बीएलओ सुपरवाइजरों को भी प्रत्यक्ष निगरानी कर लंबित मामलों का तत्काल निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए-2) से भी संवाद किया और मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण निर्वाचन आयोग का महत्वपूर्ण अभियान है और इसमें सभी संबंधित पक्षों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

उपायुक्त ने कहा कि फॉर्म वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है और निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्य पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी संजय पांडे, चैनपुर अंचल अधिकारी सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## बरांव मध्य विद्यालय का औचक निरीक्षण आधारभूत सुविधाएं बेहतर करने के निर्देश

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय, बरांव का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों और आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न कक्षाओं का भ्रमण कर बच्चों से बातचीत की और पठन-पाठन की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय में अतिरिक्त बैठने की व्यवस्था, कुछ बेंचों की मरम्मत तथा परिसर की सुरक्षा के लिए चाहरदीवारी की आवश्यकता है। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी को दूरभाष पर निर्देश देते हुए विद्यालय की सभी आवश्यकताओं का विस्तृत प्रतिवेदन उसी दिन उपलब्ध कराने को कहा, ताकि आवश्यक सुविधाओं के विकास की कार्रवाई शीघ्र शुरू की जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है, ताकि आवश्यकतानुसार समयबद्ध सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

## देशी पिस्तौल और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

● गश्ती के दौरान पुलिस को देख घर में घुसा, तलाशी में हथियार बरामद

नवीन मेल संवाददाता



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बंदुआ गांव में सोमवार रात पुलिस ने गश्ती के दौरान एक युवक को देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। मंगलवार को उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि गिरफ्तार युवक की पहचान बंदुआ गांव निवासी फेंकू मियां के 27 वर्षीय पुत्र सत्तार आलम के रूप में हुई है। गश्ती के दौरान पुलिस वाहन को देखकर वह भागकर अपने घर में घुस गया, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बताया कि वह शौकवश और लोगों को डराने-धमकाने के उद्देश्य से हथियार लेकर घूम रहा था। इस मामले में चैनपुर थाना कांड संख्या 160/26 दर्ज कर आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए) एवं 26 के तहत कार्रवाई की गई है।

## दृष्टिपात

### पलामू में पहली बार संगीत नाटक अकादमी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली की ओर से मेदिनीनगर नगर निगम के सहयोग से बुधवार शाम टाउन हॉल में पहली बार सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। राष्ट्रगान 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप द्वारा "सोचो कि आजादी के असली नायक कौन रहे थे और बोलो वंदे मातरम्" नाटक का मंचन किया जाएगा। नाटक में नीलांबर-पीताम्बर, भवानी बक्स राय, रानी चंद्रावती कुंवर, कर्नल डाल्टन और मेजर मैकडॉनल्ड जैसे ऐतिहासिक पात्र जीवंत होंगे। करीब 35 कलाकार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम बुधवार शाम छह बजे टाउन हॉल में होगा। इस अवसर पर संगीतकार नंदलाल नायक, प्रो. राकेश कुमार सिंह और डॉ. रमेश चंचल को सम्मानित किया जाएगा।

### 17 जुलाई को वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट लगाएगा रक्तदान शिविर

**मेदिनीनगर।** सामाजिक संस्था वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 17 जुलाई को आईएमए हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रारंभ में यह शिविर महिलाओं को केंद्र में रखकर आयोजित किया जाना था, लेकिन महिलाओं में रक्तदान के प्रति अपेक्षाकृत कम जागरूकता और एनीमिया की समस्या को देखते हुए इसे सामान्य रक्तदान शिविर का स्वरूप दिया गया है। अब 18 से 60 वर्ष आयु वर्ग का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति इसमें भाग लेकर रक्तदान कर सकता है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि रक्तदान महादान है। इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के साथ रक्तदाता को भी स्वास्थ्य संबंधी लाभ मिलते हैं। संस्था की टीम लगातार लोगों को रक्तदान के लिए जागरूक कर रही है और विभिन्न स्थानों पर संपर्क अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास कर रही है। ट्रस्ट ने कहा कि उसका उद्देश्य पलामू में रक्त की कमी नहीं होने देना है, ताकि किसी भी मरीज की जान रक्त के अभाव में न जाए। सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में सक्रिय संस्था का कहना है कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल लोगों को समय पर रक्त उपलब्ध होने से उनकी जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती है। संस्था ने जिले के नागरिकों से 17 जुलाई को दोपहर तीन बजे आईएमए हॉल पहुंचकर स्वेच्छा से रक्तदान करने और इस जनहित अभियान को सफल बनाने की अपील की है।

### डिजिटल पंचायत परियोजना के तहत चार प्रखंडों के वीएलई को दिया गया प्रशिक्षण

**मेदिनीनगर।** डिजिटल पंचायत परियोजना के अंतर्गत लेस्लीगंज प्रखंड कार्यालय के सभागार में चार प्रखंडों के पंचायत स्तर के वीएलई (सीएसई) के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण में पाटन, लेस्लीगंज, पंडवा एवं सतबरवा प्रखंड के वीएलई शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए निर्णय ऐप, जीपीडीपी पोर्टल एवं ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर डेटा इंट्री तथा योजनाओं के सफल संचालन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर सौरभ कुमार दुबे एवं अभिषेक कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न मॉड्यूल की जानकारी देते हुए पंचायतों में डिजिटल सेवाओं के संचालन की पूरी प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि डिजिटल माध्यम से पंचायतों की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुखी बन रही है। डिजिटल पंचायत परियोजना के परियोजना प्रबंधक ने कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना के सफल क्रियान्वयन में वीएलई की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। पंचायत स्तर पर वीएलई प्रथम संपर्क बिंदु के रूप में कार्य करते हुए डिजिटल सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने में अहम योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर प्रखंड पंचायती राज समन्वयक अभिषेक कुमार, प्रखंड कार्यक्रम कंसल्टेंट मनोज कुमार सहित कई पदाधिकारी एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान में तेजी पत्थलगड़ा में 50 प्रतिशत कार्य पूरा

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी उदल राम ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सिंघानी के बूथ संख्या 142, 143 और 144 सहित अन्य केंद्रों पर बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का शुद्ध और त्रुटिरहित होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। पात्र मतदाताओं का नाम समय पर जोड़ा जाए तथा मृत, स्थानांतरित और अपात्र मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाए जाएं। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की भी जांच कर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। बीडीओ ने बताया कि पत्थलगड़ा प्रखंड में एसआईआर अभियान का लगभग 50 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य तेजी से चल रहा है। वहीं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शशिकांत मेहता ने भी विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ की समस्याओं का समाधान करने तथा अभियान को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

### 23 लाख की मरम्मत पर उठे सवाल, एक महीने में उखड़ने लगा पंचायत भवन

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** सिंघानी पंचायत भवन की मरम्मत में कथित अनियमितताओं को लेकर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जांच की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि करीब 23 लाख रुपये की लागत से कराई गई मरम्मत के महज डेढ़ महीने के भीतर ही भवन की दीवारों का रंग उखड़ने लगा, प्लास्टर झड़ रहा है, छत से पानी टपक रहा है और बाथरूम में भी रिसाव की समस्या बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2011 में बने पंचायत भवन की वर्ष 2016 में भी मरम्मत कराई गई थी। इसके बाद वर्ष 2026 में विशेष प्रमंडल द्वारा 23 लाख रुपये की लागत से दोबारा मरम्मत कराई गई, लेकिन कार्य की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं रही।

## अवैध खनन पर सख्ती, जून में 123 वाहन जब्त

# टास्क फोर्स बैठक में उपायुक्त ने संयुक्त छापेमारी और कड़ी निगरानी के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक में अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को अभियान और तेज करने के निर्देश दिए गए।

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि जून माह में खनन विभाग ने 32, परिवहन विभाग ने 51 तथा विभिन्न अंचलों ने 40 वाहन जब्त किए। इस प्रकार कुल 123 वाहन जब्त किए गए। खनन विभाग ने 22.36 लाख रुपये तथा परिवहन विभाग ने 9.41 लाख रुपये जुर्माना वसूला। झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने एक ईंट भट्ठा, 11 स्टोन माइंस और 12 स्टोन क्रशरों की जांच कर सभी को नोटिस जारी किया।

उपायुक्त ने पुलिस, खनन, परिवहन, वन विभाग और अंचल प्रशासन को संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाने, चेकपोस्टों पर सघन जांच करने तथा खनन स्थलों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन की सूचना पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने ब्लास्टिंग के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने, बंद खदानों की फेंसिंग कराने तथा बालू घाटों के रास्तों पर ट्रेंच कटिंग कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे, जबकि कई अंचलाधिकारी ऑनलाइन जुड़े।

# प्रमंडल स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

● उपायुक्त बोले- खेल और शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन से ही बनता है उज्ज्वल भविष्य

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** चैनपुर स्थित सहोदय उच्च विद्यालय में मंगलवार को प्रमंडल स्तरीय 65वीं सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने फुटबॉल को किक मारकर और टॉस कराकर किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्यालय जीवन व्यक्तित्व निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण दौर होता है। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुशासन, निरंतर अभ्यास और समय का सदुपयोग ही सफलता की कुंजी है। उपायुक्त ने शिक्षकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि माता-पिता के बाद शिक्षक ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि फुटबॉल जैसे खेल टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और शारीरिक दक्षता विकसित करते हैं तथा झारखंड खेल प्रतिभाओं की धरती है।

प्रतियोगिता में पलामू, गढ़वा और लातेहार जिले की टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन अंडर-15 और अंडर-17 बालक वर्ग के लीग मुकाबले आयोजित किए गए, जबकि बुधवार को अंडर-17 बालिका वर्ग के मुकाबले होंगे। प्रदर्शन के आधार पर विजेता टीमों का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ अंबुजया पांडेय, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बारिश की बेरुखी से किसानों की बढ़ी चिंता, सूखने लगे धान के बिचड़े

**प्रतापपुर (चतरा)।** क्षेत्र में पर्याप्त वर्षा नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। धान के बिचड़े सूखने लगे हैं और रोपनी का कार्य लगभग ठप हो गया है। किसान अच्छी बारिश की उम्मीद में आसमान की ओर टकटकी लगाए हैं, लेकिन बादल बिना बरसे लौट जा रहे हैं। जिन खेतों में इस समय तक धान की रोपनी पूरी हो जानी चाहिए थी, वहां अभी भी सूखी जमीन दिखाई दे रही है। किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों में अच्छी वर्षा नहीं हुई तो क्षेत्र में सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। बारिश की कमी का असर केवल धान की खेती तक सीमित नहीं रहेगा। इससे किसानों की आय प्रभावित होगी, खेतिहर मजदूरों के सामने रोजगार का संकट खड़ा होगा, पशुओं के लिए चारे की कमी होगी और तालाब, आहर तथा कुओं का जलस्तर भी घट सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि समय पर बारिश नहीं हुई तो फसल उत्पादन प्रभावित होने के साथ खाद्यान्न की कीमतों में भी बढ़ोतरी हो सकती है।

# दलित परिवारों ने एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार, पत्थर कारोबारी पर गंभीर आरोप

● जान से मारने की धमकी देने का आरोप, निष्पक्ष जांच व कड़ी कार्रवाई की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के महुगांई गांव के दर्जनों दलित परिवारों ने गांव के एक पत्थर कारोबारी पर जातिसूचक गाली-गलौज, धमकी और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी से सुरक्षा की गुहार लगाई है। सोमवार को सुनैन राम, संजय राम, गुड्डू भुइयां, सीता देवी, विनोद भुइयां, सतेंद्र राम समेत भुइयां समाज के कई लोगों ने एसपी को आवेदन सौंपकर निष्पक्ष जांच और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि सुरेंद्र साव लगातार दलित परिवारों के साथ अभद्र व्यवहार करता है और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करता है। विरोध करने पर जान से मारने, जिंदा जलाने और मिट्टी में दफनाने की धमकी दी जाती है। पीड़ितों का कहना है कि लगातार मिल रही धमकियों के कारण पूरे गांव में भय का माहौल है। महिलाएं घर से निकलने में डर रही हैं और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

पीड़ित परिवारों ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर गरीब और दलित परिवारों पर दबाव बनाता है तथा उसके कुछ सहयोगी भी उन्हें लगातार धमका रहे हैं। इससे किसी भी समय अप्रिय घटना की आशंका बनी हुई है। आवेदन में सभी प्रभावित परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने और आरोपी व उसके सहयोगियों के विरुद्ध अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम सहित अन्य सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करने की मांग की गई है। पीड़ितों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो वे सामूहिक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। पुलिस अधीक्षक ने आवेदन प्राप्त कर मामले की जांच के बाद विधिसम्मत कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## राहुल दुबे गैंग की बड़ी साजिश नाकाम तीन अपराधी हथियारों के साथ गिरफ्तार

● कोयला क्षेत्रों में फायरिंग और आगजनी की थी तैयारी, दो हथियार, छह कारतूस और बाइक बरामद

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने कोयला क्षेत्रों में लेवी वसूली के लिए फायरिंग और आगजनी की साजिश का पर्दाफाश करते हुए कुख्यात अपराधी राहुल दुबे गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। मामले में पिपरवार थाना में प्राथमिकी दर्ज कर तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (टंडवा) प्रभात रंजन बरबार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 13 जुलाई को गुप्त सूचना मिली थी कि राहुल दुबे के निर्देश पर उसके गिरोह के सदस्य टंडवा और पिपरवार क्षेत्र में लेवी वसूली के लिए कोयला परियोजनाओं में फायरिंग और आगजनी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद गठित विशेष टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे रामगढ़ के बरकाकाना और कुज्जू, हजारीबाग के केरेडारी और चरही, चतरा के आम्रपाली, पिपरवार के अशोका माइंस और राजधर साइडिंग तथा रांची के खलारी क्षेत्र की रेकी कर रहे थे। आम्रपाली और राजधर साइडिंग में वारदात को अंजाम देने के लिए सभी पिपरवार थाना क्षेत्र में एकत्र हुए थे। गिरफ्तार आरोपियों में बोकारो के लटकुटा बस्ती निवासी संजय मूर्ति, बोकारो स्टील सिटी निवासी आलोक कुमार सिंह तथा हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के बुण्डू निवासी अजय करमाली शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है।

# भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा को लेकर इस्कॉन ने तैयारियों को दिया अंतिम रूप

● 16 जुलाई को पलामू, गढ़वा, मझिआंव और जपला के संयुक्त प्रयास से निकलेगी रथयात्रा, श्रद्धालुओं से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भगवान श्री जगन्नाथ की विश्वविख्यात रथयात्रा के पावन अवसर पर 16 जुलाई को आयोजित होने वाली भव्य रथयात्रा की तैयारियों को लेकर मंगलवार को इस्कॉन पलामू, हरे कृष्ण निवास (मेजर मोड़, पुलिस लाइन) में प्रेस वार्ता एवं विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता गौर धाम प्रभु ने की। इसमें रथयात्रा को श्रद्धा, भक्ति और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में रथयात्रा के मार्ग, सेवा व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों तथा विभिन्न समितियों के कार्यों पर विस्तार से चर्चा हुई। आयोजकों ने बताया कि इस वर्ष की रथयात्रा पलामू, गढ़वा, मझिआंव और जपला के भक्तों के संयुक्त सहयोग एवं समर्पण से निकाली जाएगी, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति और आध्यात्मिक चेतना का वातावरण बनेगा। प्रेस वार्ता में आयोजकों ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सेवा, समरसता और मानव कल्याण का महापर्व है। इस पावन अवसर पर भगवान स्वयं अपने भक्तों के बीच आते हैं और सभी को अपने दिव्य दर्शन एवं कृपा का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने जिलेवासियों से परिवार सहित रथयात्रा में शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद का अनुभव करने तथा भगवान का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की। आयोजकों ने मीडिया से भी आग्रह किया कि इस आध्यात्मिक महोत्सव की जानकारी जन-जन तक पहुंचाकर अधिक से अधिक लोगों को रथयात्रा से जोड़ने में सहयोग करें।

बैठक में गौर धाम प्रभु, सुंदर माधव प्रभु, राकेश कुमार सिंह (मंगल सिंह), अरविंद प्रभु, विकास प्रभु, हर्षवर्धन प्रभु, लवकुश प्रभु, उत्तम प्रभु, प्रभुल प्रभु, प्रखर दास प्रभु, अर्पण प्रभु सहित बड़ी संख्या में भक्तगण एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संवाददाता के रूप में बनाइए शानदार करियर

1994 से डाल्टनगंज और 1999 से रांची से लगातार प्रकाशित दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल को दोनों संस्करणों के लिए मुख्यालय जिला और प्रखंड स्तर पर समाचारों की समझ रखने वाले जुझारू पत्रकारों और ट्रेनी युवा पत्रकारों की आवश्यकता है। पूर्ण विवरण, आधार कार्ड, अनुभव और फोटो के साथ इमेल करें। संपूर्ण पत्राचार पूर्णत: गोपनीय रहेगा। समय पर उचित सम्मानजनक पारिश्रमिक और विज्ञापनों के लिए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

प्रधान संपादक

hr.rnmail@gmail.com

# दृष्टिपात

## गढ़वा में मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान को मिली रफ्तार, 99.58 प्रतिशत गणना प्रपत्र वितरित

**गढ़वा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत गढ़वा जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा स्वयं अभियान की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। जिला प्रशासन के अनुसार अब तक 8,58,459 गणना प्रपत्रों का वितरण हो चुका है, जो कुल प्रपत्रों का 99.58 प्रतिशत है। इसके अलावा 4,73,598 प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन, 4,72,963 का सत्यापन तथा 633 प्रपत्रों का ऑनलाइन सबमिशन पूरा किया जा चुका है। गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 4.24 लाख से अधिक तथा भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 4.33 लाख से अधिक गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही मैपिंग एवं प्रोजेनी मैपिंग का कार्य भी तेजी से जारी है। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं से अपील की कि बीएलओ के घर पहुंचने पर आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं, गणना प्रपत्र सही ढंग से भरें और मतदाता विवरण का सत्यापन अवश्य कराएं, ताकि 5 अगस्त तक शुद्ध एवं विश्वसनीय मतदाता सूची प्रकाशित की जा सके।

## पुलिस की अपराध समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश

**गढ़वा।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में मासिक अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में उन्होंने जिले के सभी थाना एवं ओपी प्रभारियों को मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए बधाई दी। इसके बाद कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। पुलिस अधीक्षक ने 19 जुलाई को प्रस्तावित जेएसएससी परीक्षा को शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त कराने के लिए सभी परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने संपत्तिमूलक अपराधों के पुराने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन, हाल ही में जेल से छूटे अपराधियों की कड़ी निगरानी तथा गुमशुदगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करने को कहा। बैठक में मालखाना के लंबित प्रदर्श एवं एनडीपीएस मामलों के निष्पादन, सीमावर्ती क्षेत्रों में समन्वय स्थापित कर पशु तस्करी पर रोक लगाने तथा नशाखोरी, बाल विवाह, डायन-बिसाही, सड़क सुरक्षा और अन्य सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। एसपी ने नियमित वाहन जांच अभियान चलाकर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करने, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने तथा एससी-एसटी और पॉक्सो एक्ट के मामलों की समयबद्ध जांच सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने नक्सल मामलों के त्वरित निष्पादन, पासपोर्ट एवं चरित्र सत्यापन, वारंट और कुर्की के निष्पादन, साइबर अपराध, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस, आईटी एक्ट समेत अन्य मामलों में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में अनुसंधानकर्ताओं को सभी मामलों की ई-साक्ष्य पोर्टल पर अनिवार्य प्रविष्टि सुनिश्चित करने, डीजीएसपी-आईजीएसपी कॉन्फ्रेंस पोर्टल पर थानावार जानकारी अद्यतन रखने तथा अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाने पर भी विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों से निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की अपेक्षा जताई।

## ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में अव्यवस्था पर हंगामा, सैकड़ों आवेदक लौटे निराश

**डंडई।** पंचायत सचिवालय में आयोजित ड्राइविंग एवं लर्निंग लाइसेंस शिविर में भारी भीड़ और अव्यवस्था के कारण सैकड़ों आवेदक बिना आवेदन जमा किए लौट गए। पांच पंचायतों के लिए लगाए गए संयुक्त शिविर में सुबह से ही बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, लेकिन सीमित व्यवस्था के कारण कई लोगों का आवेदन नहीं लिया जा सका। आक्रोशित लोगों ने बताया कि अलग-अलग पंचायतों के लिए अलग काउंटर नहीं बनाए गए थे और दोपहर दो बजे आवेदन लेना बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने प्रत्येक क्लस्टर पंचायत में कम से कम दो दिवसीय शिविर आयोजित करने की मांग की। जिला परिवहन कार्यालय के प्रधान सहायक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में करीब 200 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 105 आवेदकों को ऑन-द-स्पॉट लाइसेंस जारी किया गया, जबकि 14 अभ्यर्थी ड्राइविंग टेस्ट में असफल रहे। दस्तावेजों में त्रुटि वाले आवेदकों को सुधार कर पुनः आवेदन करने की सलाह दी गई।

## झामुमो नेता नितेश सिंह ने विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर साधा निशाना

**चिनिया।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता एवं पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष नितेश कुमार सिंह ने मंगलवार को प्रेसवार्ता कर गढ़वा-रंका के विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी पर तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक विकास के बजाय धार्मिक और राजनीतिक बयानबाजी में अधिक रुचि लेते हैं तथा जनता को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि खोनहर मंदिर और डुमरिया हाई स्कूल सहित कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयासों से पूरे हुए। साथ ही विधायक पर विकास कार्यों में बाधा डालने और सरकारी योजनाओं में हस्तक्षेप करने जैसे आरोप भी लगाए। प्रेसवार्ता में झामुमो नेता अनिल कुमार चंद्रवंशी सहित अन्य नेताओं ने भी विधायक की कार्यशैली की आलोचना करते हुए क्षेत्र के विकास पर ध्यान देने की बात कही। कार्यक्रम में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, शत्रुघ्न चंद्रवंशी, मुखलाल यादव, जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा में शामिल होने की अफवाहों को झामुमो कार्यकर्ताओं ने बताया निराधार

**केतार (गढ़वा)।** परती कुशवानी पंचायत के झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर पार्टी में टूट और भाजपा में शामिल होने की चल रही चर्चाओं को पूरी तरह निराधार बताया है। पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर प्रसाद, झामुमो नेता दिनदयाल गुप्ता और कमलेश यादव ने कहा कि कुछ लोग संगठन को कमजोर करने के उद्देश्य से भ्रामक खबरें फैला रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पंचायत के सभी कार्यकर्ता पूरी मजबूती से झामुमो के साथ हैं और संगठन को मजबूत करने में जुटे हुए हैं। नेताओं ने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित अफवाहों पर विश्वास नहीं करने तथा केवल अधिकृत सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की। इस अवसर पर संतोष ठाकुर, अक्षय कुमार, रामाशीष यादव, विजयकांत प्रसाद, उदीत यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जिला परिषद बैठक में केतार की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया

**केतार।** जिला परिषद बोर्ड की बैठक में केतार के जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने प्रखंड की विभिन्न जनसमस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए संबंधित विभागों से शीघ्र कार्रवाई की मांग की। उन्होंने ताली मध्य विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक को कार्यमुक्त करने, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की लंबित किस्त जारी करने तथा वर्षों से लंबित दाखिल-खारिज मामलों का जल्द निष्पादन कराने की मांग की। उन्होंने मनरेगा के तहत सिंचाई कूप एवं बागवानी योजनाओं की लंबित सामग्री मद का भुगतान, सभी पंचायतों में पैक्स अध्यक्ष का चुनाव, स्वीकृत गायों का वितरण तथा ताली स्थित पंडा नदी पुल की तत्काल मरम्मत कराने का मुद्दा भी उठाया। ज्वाला प्रसाद ने सर्पदंश और डूबने से मृत लोगों के आश्रितों को शीघ्र मुआवजा देने तथा बंद पड़े जलमीनारों को चालू कराने की मांग की। उन्होंने जलापूर्ति व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं संवेदकों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की।

### मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान तेज, सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव पाठशाला आयोजित

# गढ़वा उपायुक्त ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर स्वयं भरा गणना प्रपत्र

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत बीएलओ, बीएलए-2, स्वयंसेवकों एवं ग्रामीणों की सहभागिता से चुनाव पाठशाला एवं बैठक आयोजित की गई। अभियान का उद्देश्य अन-मैप्ड मतदाताओं का सत्यापन कर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना है। उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा ने गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सीएम एक्सीलेंस विद्यालय स्थित मतदान केंद्र संख्या 117 से 120 का निरीक्षण किया। उन्होंने बैठक की प्रगति, मतदाता सत्यापन प्रक्रिया और निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने स्वयं अपना गणना प्रपत्र भरकर मतदाता सहभागिता का संदेश भी दिया।



### नागरिकों से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील

बैठकों में अन-मैप्ड मतदाताओं की सूची का सत्यापन कर अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत, डुप्लीकेट अथवा अन्य श्रेणियों में वर्गीकृत करने की प्रक्रिया पूरी की गई। साथ ही गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन और बीएलओ ऐप पर अपलोड करने का कार्य भी जारी रहा। जिला प्रशासन ने सभी बीएलओ, बीएलए-2, स्वयंसेवकों एवं नागरिकों से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की है।

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले एसबीआई कर्मी सम्मानित

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय स्टेट बैंक की नगर ऊंटारी शाखा में मंगलवार को उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। शाखा प्रबंधक सरोज कुमार केसरी ने बेहतर प्रदर्शन, ग्राहकों के प्रति समर्पण एवं कार्यकुशलता के लिए विपुल कुमार, विशाल कुमार और आकाश कुमार को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। शाखा प्रबंधक ने कहा कि बैंक की सफलता कर्मचारियों की मेहनत, ईमानदारी और टीम भावना पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी कर्मियों से भविष्य में भी ग्राहकों को बेहतर बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर फील्ड ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार, अजीत कुमार मोरंग, आराधना कुमारी समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

## एसआईआर अभियान को मिली रफ्तार, मतदाता सूची अद्यतन कराने की अपील

**रंका।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मंगलवार को मतदान केंद्र संख्या 377 (वर्तमान 402) पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीएलओ पूनम देवी की देखरेख में मतदाताओं से प्रपत्र भरवाए गए और उन्हें मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करने की शपथ दिलाई गई। समाजसेवी धर्मेंद्र पाठक ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना जरूरी है। उन्होंने लोगों से समय पर आवश्यक दस्तावेज जमा कर सूची में नाम दर्ज कराने और त्रुटियों का सुधार कराने की अपील की।

## जनसुनवाई में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं, त्वरित कार्रवाई के निर्देश



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अतिक्रमण, आवास, मुआवजा, रोजगार, बकाया मजदूरी भुगतान सहित कई मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। रमना प्रखंड के नाजिम रसूल अंसारी ने सड़क चौड़ीकरण के लिए अधिग्रहित भूमि का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की। वहीं जसिया देवी ने भी अधिग्रहित भूमि के शेष मुआवजे के भुगतान की मांग की। नगर परिषद के वार्ड पार्षद पारसनाथ कश्यप ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने का मामला उठाया। पोटमा निवासी प्रमिला देवी ने अपने दिवंगत पंचायत सचिव पति के लंबित भुगतान एवं अनुकंपा नियुक्ति की मांग रखी। उपायुक्त ने सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और आमजन की शिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बरतने पर जोर दिया।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम, उत्कृष्ट स्वास्थ्यकर्मी सम्मानित

# परिवार नियोजन रथ व जागरूकता रैली को उपायुक्त ने दिखाई हरी झंडी

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति की ओर से मंगलवार को जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व, किशोर स्वास्थ्य एवं जनसंख्या स्थिरीकरण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, एएनएम, एफपी-बीटीटी एवं सहियाओं को प्रशस्ति-पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परिवार नियोजन पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन भी हुआ, जिसमें छोटे परिवार, सुरक्षित मातृत्व और बच्चों के बीच उचित अंतराल रखने का संदेश दिया गया। उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों का समाधान जन-जागरूकता और परिवार नियोजन सेवाओं के व्यापक उपयोग से ही संभव है। वहीं सिविल सर्जन डॉ. जॉन एफ. कैनेडी ने परिवार नियोजन के अस्थायी एवं स्थायी साधनों की जानकारी देते हुए पात्र दंपत्तियों से सरकारी सेवाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपायुक्त, सिविल सर्जन एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से परिवार नियोजन जागरूकता रथ एवं रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी, डॉ. दिनेश कुमार, एएनएम इमलान बेक, शिला कुमारी, एफपी-बीटीटी पिंकी कुमारी, उषा कुमारी, वीरेंद्र कुमार मिश्रा तथा सहिया अनिता देवी एवं सूजनती देवी सहित कई स्वास्थ्यकर्मी सम्मानित किए गए।

## खोए चार मोबाइल उनके मालिकों को लौटाए गए, सीईआईआर पोर्टल की मदद से बरामदगी

गढ़वा। गढ़वा नगर थाना पुलिस ने सीईआईआर (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल की सहायता से गुम एवं चोरी हुए चार मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिया। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी मोबाइल उनके धारकों को हस्तगत किए। लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने खुशी जताई और गढ़वा पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से खोए या चोरी हुए मोबाइलों का पता लगाने और उन्हें बरामद करने में काफी मदद मिल रही है। उन्होंने लोगों से मोबाइल गुम होने पर तुरंत संबंधित थाना में सूचना देने और सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की।

# सुब्रतो कप में पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा का शानदार प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता

**भवनाथपुर।** 65वीं सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता एवं लिटिल चैंपियन फुटबॉल प्रतियोगिता में पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय, घाघरा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। अंडर-15 बालक वर्ग में टीम ने भवनाथपुर प्रखंड स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि अंडर-12 वर्ग में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर के लिए क्वालीफाई किया। जिला स्तरीय अंडर-15 प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में 12 जुलाई को टीम को हाई स्कूल बरडीहा के खिलाफ पेनाल्टी शूटआउट में एक गोल से हार का सामना करना पड़ा। वहीं 13 जुलाई को अंडर-12 वर्ग के फाइनल में उच्च विद्यालय चितविश्राम से मुकाबले में टीम उपविजेता रही। टीम के कप्तान सुमित कुमार को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया। मंगलवार को विद्यालय की प्रार्थना सभा में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा मिठाइयां बांटी गईं। प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने खिलाड़ियों और शिक्षकों को बधाई देते हुए इसे सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। खिलाड़ियों को तैयार करने वाले शिक्षक मदन राम और उदय कुमार को भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
## जिला- लातेहार

### अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 06/2026–27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शहरी क्षेत्र लातेहार अंतर्गत स्वच्छ भारत मीशन के तहत IEC मद से दिवाल लेखन एवं दिवाल पेन्टींग एवं अन्य कार्य कराया जाना है। इच्छुक निविदादाता/फर्म से **दिनांक 24.07.2026 के 2.00 बजे अपराहन् तक** मुहरबंद निविदा (Technical & Financial) आमंत्रित किये जाते है, जो नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में जमा किया जा सकता है। साथ ही उक्त निविदा **दिनांक 24.07.2026 को अपराहन् 3.30** बजे निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष नगर पंचायत, लातेहार के निविदा समिति (Procurement Committee) के द्वारा खोला जायेगा। निविदा हेतु निर्धारित नियम एवं शर्त्त कार्यालय अवधि में कार्यालय सूचना पट्ट/कार्यालय से सम्पर्क कर देखा जा सकता है, या लातेहार जिला के वेवसाईड **www.latehar.nic.in** पर देखा या डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही इस संबंध में विशेष जानकारी श्रीमति जया लक्ष्मी भगत, नगर प्रबंधक, नगर पंचायत लातेहार से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत हैः–

| S.N. | DESCRIPTION | Rate with all Taxes | Tender Fees |
|---|---|---|---|
| 01 | Best Quality Wall Painting with One Year Guarantee | | 5000.00 |
| 02 | Best Quality Wall Writing with One Year Guarantee | | |
| 03 | Best Quality Flex Printing Work | | |
| 04 | Best Quality Iron Board Size 2' X 1'.6" with Instalation | | |
| 05 | Waste to Wonder Sculpture Size 10' X 10' | | |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 384901 Urban Development(26-27).D



## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार
## जिला- लातेहार

### विज्ञापन संख्या– 05/2026–27
### संविदा अधारित नियुक्ति

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 (ADM) दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Ayushman Arogya Mandir, Duruwa के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 27.07.2026 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित भार्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रू0 मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से भानिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 27.07.2026 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.384899 Urban Development(26-27):D



## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा

### –ः आम सूचना ः–

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–10 रा0(विभाग), दिनांक–19.06.2026 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 152 पंचायतों में द्वितीय चरण में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं के साथ आकर टैगिंग करालें तथा चिकित्सा, बधियाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। Pashudhan टैगिंग के बिना सरकार द्वारा किसी प्रकार का लाभ नही दिया जायेगा। शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्डः– सिमरिया | | | | |
| 01 | जाँगी | जाँगी/चौराही | 15.07.2026/16.07.2026 | डॉ0 अलोना संगम, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोरी। |
| 02 | सेरनदाग | सेरनदाग/पिपराडीह | 17.07.2026/18.07.2026 | |
| 03 | बगरा | बगरा/लूतीडीह | 19.07.2026/20.07.2026 | |
| 04 | जबरा | नवादा/जबरा | 21.07.2026/22.07.2026 | |
| 05 | कसारी | कसारी/केन्दू | 23.07.2026/24.07.2026 | |
| 06 | जीरवाखुर्द | सलगी/ऐरेगडा | 25.07.2026/26.07.2026 | |
| 07 | हुरनाली | हुरनाली/देवरिया | 27.07.2026/28.07.2026 | |
| 08 | पिरि | पिरि/तालसा | 29.07.2026/30.07.2026 | |
| प्रखण्डः– हण्टरगंज | | | | |
| 09 | लेंजवा | लेंजवा/सगासोत | 15.07.2026/16.07.2026 | डॉ0 मो0 रेहान अहमद रज़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, दंतार। |
| 10 | गेंजना | सोनपुरा/गेंजना | 17.07.2026/18.07.2026 | |
| 11 | पाण्डेपुरा खुर्द | बलनिया/करमा | 19.07.2026/20.07.2026 | |
| 12 | बलूरी | बलूरी/नोनिया | 21.07.2026/22.07.2026 | |
| 13 | औरू | औरू/सतघरवा | 23.07.2026/24.07.2026 | |
| 14 | केदली कला | केदली कला/केदली खुर्द | 25.07.2026/26.07.2026 | |
| 15 | उरैली | उरैली/घारघरा | 27.07.2026/28.07.2026 | |
| 16 | तिलहेत | तिलहेत/कासडावर | 29.07.2026/30.07.2026 | |
| प्रखण्डः– प्रतापपुर | | | | |
| 17 | गजवा | गजवा/पाति | 15.07.2026/16.07.2026 | डॉ0 कुमार सौरभ, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, प्रतापपुर। |
| 18 | टण्डवा | टण्डवा/पथरा | 17.07.2026/18.07.2026 | |
| 19 | सिदकी | सिदकी/हिसातु | 19.07.2026/20.07.2026 | |
| 20 | मोनिया | गोवा/बिच्किल्ला | 21.07.2026/22.07.2026 | |
| 21 | बरूरा | अदौरिया/कथौटिया | 23.07.2026/24.07.2026 | |
| 22 | डुमरवार | चरका कला/गुर्तरी | 25.07.2026/26.07.2026 | |
| 23 | एघारा | कौरा/दोनिदांग | 27.07.2026/28.07.2026 | |
| 24 | हुमाजांग | हुमाजांग/लिप्टा | 29.07.2026/30.07.2026 | |
| प्रखण्डः– टण्डवा | | | | |
| 25 | बचरा उत्तरी | बचरा अंश/होसिर | 15.07.2026/16.07.2026 | डॉ0 पिंकी तिग्गा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा। |
| 26 | बचरा दक्षिणी | बचरा अंश/ बचरा दक्षिणी | 17.07.2026/18.07.2026 | |
| 27 | कबरा | कादमदीरी/सिसई | 19.07.2026/20.07.2026 | |
| 28 | पोकला उर्फ कसियाडीह | बिंगलात/उडसु | 21.07.2026/22.07.2026 | |
| 29 | कोयद | होन्हे/सोपारम | 23.07.2026/24.07.2026 | |
| 30 | सराढु | कुण्डी/कुड़लौंगा | 25.07.2026/26.07.2026 | |
| 31 | गाडीलौंग | गाडीलौंग/कामता | 27.07.2026/28.07.2026 | |
| 32 | टण्डवा | टण्डवा/ टण्डवा | 29.07.2026/30.07.2026 | |
| प्रखण्डः– कान्हाचट्टी | | | | |
| 33 | कैण्डीनगर | कादे/कैण्डीनगर | 15.07.2026/16.07.2026 | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी। |
| 34 | बेंगोकला | बेंगोकला/गड़िया | 17.07.2026/18.07.2026 | |
| 35 | मदगड़ा | भतहा/कठौतिया | 19.07.2026/20.07.2026 | |
| प्रखण्डः– गिद्धौर | | | | |
| 36 | द्वारी | जोकाही/ओबरीडिह | 21.07.2026/22.07.2026 | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी। |
| 37 | बारीयातु | इचाक/गांगपुर | 23.07.2026/24.07.2026 | |
| 38 | गिद्धौर | गिद्धौर/सलगा | 25.07.2026/26.07.2026 | |
| 39 | पहरा | किरकिरा/बर्ता | 27.07.2026/28.07.2026 | |
| 40 | मझगाँवा | सिंदआरी कला/पिण्डारकोण | 29.07.2026/30.07.2026 | |
| प्रखण्डः– ईटखोरी | | | | |
| 41 | परसौनी | लीटा/कुर्जुन | 15.07.2026/16.07.2026 | डॉ0 नकुल कुमार मेहता, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी। |
| 42 | मलकपूर | तेतरचक/बडहीचक | 17.07.2026/18.07.2026 | |
| 43 | नवादा | कंजीया/राजानरचा | 19.07.2026/20.07.2026 | |
| 44 | करनी | चोरकारी/बोंगा | 21.07.2026/22.07.2026 | |
| 45 | सहरजाम | महुदा/सहरजाम | 23.07.2026/24.07.2026 | |
| प्रखण्डः– मयुरहंड | | | | |
| 46 | मयुरहंड | मयुरहंड/परोरीया | 25.07.2026/26.07.2026 | डॉ0 नकुल कुमार मेहता, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी। |
| 47 | सोकी | ढेबादूरी/गुरवाडीह | 27.07.2026/28.07.2026 | |
| 48 | हुसीया | गणेशपुर/मटवरी | 29.07.2026/30.07.2026 | |
| प्रखण्डः– चतरा | | | | |
| 49 | जाँगी | सरीया/धरमपुर | 15.07.2026/16.07.2026 | डॉ0 अंजू कुजुर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चतरा। |
| 50 | टिकर | ओबरा/टिकर | 17.07.2026/18.07.2026 | |
| 51 | गोढ़ाई | कमता/फरेंदा | 19.07.2026/20.07.2026 | |
| 52 | डमडोइया | कड़लगा/डमडोइया | 21.07.2026/22.07.2026 | |
| 53 | मोकतमा | अकोना/आरा | 23.07.2026/24.07.2026 | |
| 54 | आरा | होलमगड़ा/मरदनपुर | 25.07.2026/26.07.2026 | |
| 55 | देवरिया | रमना/तुराग | 27.07.2026/28.07.2026 | |
| 56 | पाराडीह | पाराडीह/सजना | 29.07.2026/30.07.2026 | |

❖ विशेष परिस्थिति में शिविर की तिथि एवं शिविर स्थल में परिवर्तन किया जा सकता है।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
चतरा

PR 384892 Animal Husbandry(26-27)#D

## दृष्टिपात

### थाना दिवस आज, जमीन विवादों के समाधान के लिए लगेगा विशेष शिविर

**चंदवा।** जमीन संबंधी विवादों के त्वरित निष्पादन के उद्देश्य से बुधवार, 15 जुलाई को चंदवा थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया जाएगा। शिविर दोपहर 3 बजे से शुरू होगा, जिसमें जमीन विवादों की सुनवाई कर समाधान का प्रयास किया जाएगा। शिविर में अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी, सीआई एवं संबंधित हल्का कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और मामलों की सुनवाई करेंगे। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह ने क्षेत्र के लोगों से अपील की है कि वे अपने जमीन संबंधी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याएं रखें।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी लाने पर जोर, बीएलए की दूसरी बैठक आयोजित

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की दूसरी बैठक एवं चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। बैठक बूथ संख्या 172 एवं 183 के लिए आयोजित की गई। बैठक में अधिकारियों ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने तथा सभी पात्र मतदाताओं का नाम निर्धारित समय सीमा के भीतर मतदाता सूची में जोड़ने पर जोर दिया। बीएलए एवं मतदाताओं को मतदाता सूची अद्यतन की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। बैठक में बीएलओ साबरा खातून, कांति देवी, कुमारी कविता, वॉलेंटियर संतोष सेठ, गेंदो रविदास, पंचायत सचिव खुशबू लता, राकेश गुप्ता, महानंद यादव, अबुल कलाम, महबूब आलम, बीएलए-2 तथा अन्य मतदाता उपस्थित थे।

### बिरसा कृषि रथ रवाना, किसानों को मिलेगी आधुनिक खेती की जानकारी

**बारियातू।** कृषि विभाग के जागरूकता अभियान के तहत बारियातू प्रखंड कार्यालय परिसर से बिरसा कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान, प्रभारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशीला बागे तथा पूर्व मुखिया अर्जुन उरांव ने संयुक्त रूप से रथ को रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि बिरसा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक खेती, वैकल्पिक फसलों, उन्नत कृषि तकनीकों, फसल विविधीकरण, गुणवत्तापूर्ण बीज चयन, जल संरक्षण तथा सरकार की कृषि योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मौसम की अनिश्चितता और कम वर्षा की स्थिति को देखते हुए किसानों को वैज्ञानिक सलाह के अनुरूप खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बीडीओ अमित कुमार पासवान ने किसानों से अपील की कि वे अपनी पंचायत में बिरसा कृषि रथ के पहुंचने पर अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कृषि विशेषज्ञों से जानकारी प्राप्त करें और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में कृषि विभाग के पदाधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

### 18 जुलाई को चेक बाउंस मामलों के लिए लगेगी विशेष लोक अदालत

**लातेहार।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर 18 जुलाई को लातेहार व्यवहार न्यायालय परिसर में परक्राम्य लिखत अधिनियम (एनआई एक्ट) के चेक बाउंस मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष शेष नाथ सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने न्यायिक पदाधिकारियों को लंबित मामलों को चिन्हित कर दोनों पक्षों को समय पर नोटिस तामील कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विशेष लोक अदालत का उद्देश्य लंबित मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण निपटारा कर लोगों को सस्ता और शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने बैंक अधिकारियों, अधिवक्ताओं और पक्षकारों के साथ पूर्व बैठक आयोजित कर समझौते की प्रक्रिया को प्रभावी बनाने का भी निर्देश दिया।

### छठे दिन भी बंद रहा कोयला वाहनों का परिचालन



**सिमरिया (चतरा)।** देल्हो घाटी में सड़क दुर्घटना में सीआरपीएफ जवान लक्ष्मण कुमार यादव की मौत के विरोध में सिमरिया-चतरा मुख्य मार्ग पर कोयला वाहनों का परिचालन मंगलवार को लगातार छठे दिन भी बंद रहा। हालांकि सामान्य यातायात पूर्ववत जारी है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने सार्वजनिक सड़क से कोयला ढुलाई पर रोक लगाने की मांग को लेकर आंदोलन किया था। प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम समाप्त किया गया था, लेकिन उच्चस्तरीय बैठक होने तक कोयला वाहनों का परिचालन स्थगित रखने का निर्णय बरकरार है। सड़क किनारे सैकड़ों कोयला लदे वाहन खड़े हैं। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों की मांग है कि बड़कागांव-पकरी बरवाडी कोल माइंस से निकलने वाले कोयले की ढुलाई इस मार्ग से स्थायी रूप से बंद की जाए तथा सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों और घायलों के लिए स्थायी मुआवजा नीति लागू की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि भारी वाहनों के बंद रहने से लोगों को सुरक्षित आवागमन में राहत मिली है। उन्होंने चेतावनी दी है कि जब तक स्थायी समाधान नहीं निकलता, आंदोलन जारी रहेगा।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए : आयुक्त

- मनिका में रोल प्रेक्षक और उपायुक्त ने बीएलओ-बीएलए बैठक का किया निरीक्षण, घर-घर सत्यापन पर दिया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत मंगलवार को रोल प्रेक्षक-सह-पलामू प्रमंडल आयुक्त कुमुद सहाय एवं उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार ने मनिका प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने बीएलओ, बीएलए-2 एवं चुनाव पाठशाला के सदस्यों की बैठक में शामिल होकर पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नए मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटियों में सुधार और शत-प्रतिशत घर-घर सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कुमुद सहाय ने कहा कि कोई भी पात्र मतदाता मतदाता सूची से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए सभी संबंधित कर्मियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। वहीं उपायुक्त संदीप कुमार ने पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्धता बनाए रखने पर बल दिया।

निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में तेजी, जिला स्तरीय अधिकारियों ने किया निरीक्षण

- बीएलओ-बीएलए की बैठकों और घर-घर सत्यापन अभियान की प्रगति परखी

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मंगलवार को जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न मतदान केंद्रों पर आयोजित बीएलओ, बीएलए-2 एवं चुनाव पाठशाला की बैठकों का जिला स्तरीय अधिकारियों ने निरीक्षण किया।

उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार के निर्देश पर अधिकारियों ने मतदान केंद्रों का दौरा कर पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान बैठक की उपस्थिति, प्रतिभागियों के हस्ताक्षर तथा अन्य अभिलेखों का सत्यापन किया गया।

निरीक्षण के दौरान अनमैप्ड मतदाताओं, मृत, स्थानांतरित, डुप्लीकेट एवं अन्य श्रेणियों के मतदाताओं के सत्यापन की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने नए पात्र मतदाताओं का नाम जोड़ने, त्रुटियों में सुधार और शत-प्रतिशत घर-घर सत्यापन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित पक्षों से पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नहीं रहना चाहिए।

## नो-एंट्री उल्लंघन पर दो कोल वाहनों के खिलाफ प्राथमिकी, सीओ की कार्रवाई से मचा हड़कंप

नवीन मेल संवाददाता




**टंडवा (चतरा)।** प्रभारी अंचल अधिकारी गौरव कुमार राय ने नो-एंट्री का उल्लंघन कर परिचालन कर रहे दो कोल वाहनों एवं उनके चालकों के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद नियमों की अनदेखी करने वाले ट्रांसपोर्टरों और बिचौलियों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार हजारीबाग जिले के पकरी बरवाडीह माइंस से कोयला लेकर एनटीपीसी टंडवा की ओर जा रहे हाइवा संख्या जेएच-02 बीएम-6260 एवं जेएच-02 बीएम-7352 को पकड़कर उनके विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया। इससे पहले सोमवार को भी एक अन्य कोल वाहन के खिलाफ सिमरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। हाल के दिनों में कोयला और फ्लाई ऐश लदे भारी वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में देल्हो घाटी में कोल वाहन की चपेट में आने से एक सीआरपीएफ जवान की मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीणों ने टंडवा-सिमरिया मुख्य मार्ग पर कोयला वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने की मांग की थी।

पिछले छह दिनों से इस मार्ग पर कोयला एवं फ्लाई ऐश लदे वाहनों का परिचालन बंद है, जिससे लंबी कतारें लगी हुई हैं। प्रशासन की कार्रवाई की स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने किया निरीक्षण

- निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने पर दिया जोर, मतदाताओं की समस्याएं सुनीं

नवीन मेल संवाददाता




**बालूमाथ।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पुनरीक्षण कार्य का जायजा लिया। प्रतिनिधिमंडल ने मतदान केंद्र संख्या 140, 144, 145, 146, 147 और 148 का भ्रमण कर बीएलओ, बीएलए, मतदानकर्मियों एवं मतदाताओं से बातचीत की।

प्रतिनिधिमंडल में लातेहार जिला प्रभारी निरंजन पासवान, मनिका विधानसभा प्रभारी पप्पू अजहर और जिला कांग्रेस अध्यक्ष कामेश्वर यादव शामिल थे। नेताओं ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा पर निर्भर करती है। इसलिए पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और भेदभावरहित होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान मतदाताओं ने दस्तावेजों की उपलब्धता, आवेदन प्रक्रिया और अन्य तकनीकी समस्याओं की जानकारी दी। कांग्रेस नेताओं ने संबंधित अधिकारियों से इन समस्याओं का सरल एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

प्रतिनिधिमंडल ने मतदाताओं से समय पर आवश्यक दस्तावेज जमा करने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित बीएलओ, बीएलए एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष से संपर्क करने की अपील की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष हाजी मोतिउर्रहमान, जिला महासचिव मो. जुबैर, प्रखंड अध्यक्ष मो. आमिर हयात सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### एसआईआर अभियान का कांग्रेस नेताओं ने लिया जायजा

**महुआडांड़।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत मंगलवार को जिला कांग्रेस महासचिव किशोर तिर्की, मंडल अध्यक्ष रामनरेश ठाकुर, नुरुल अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष सह उप प्रमुख अभय मिंज, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय तिग्गा, युवा प्रखंड अध्यक्ष आमिर सुहैल तथा अन्य कार्यकर्ताओं ने ओरसा, चीरोपाठ, असनारी, चटकपुर, हामी, गोठगांव, अमवाटोली सहित विभिन्न पंचायतों के बूथों का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से मिलकर एसआईआर फॉर्म भरने की प्रगति की जानकारी ली। नेताओं ने बीएलओ से घर-घर जाकर सभी पात्र मतदाताओं तक पहुंचने तथा योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का आग्रह किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य किसी भी पात्र मतदाता को मतदाता सूची से वंचित नहीं रहने देना है। उन्होंने आम लोगों से भी समय पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ एसआईआर फॉर्म भरकर अभियान में सहयोग करने की अपील की।

## तेतरियाखाड़ परियोजना पर सीसीएल की कार्यशैली पर राज्यसभा सांसद ने उठाए सवाल



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** तेतरियाखाड़ कोयला परियोजना बंद रहने से उत्पन्न आर्थिक संकट को लेकर राज्यसभा सांसद बैद्यनाथ राम ने सीसीएल प्रबंधन पर गंभीर सवाल उठाए हैं। ट्रक मालिकों से ज्ञापन प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा कि परियोजना बंद होने से हजारों परिवारों की आजीविका प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि ट्रक मालिक बैंक की किस्तें जमा नहीं कर पा रहे हैं, जबकि चालक, उपचालक और अन्य श्रमिक बेरोजगार हो गए हैं। सांसद ने कहा कि परियोजना शुरू होने के समय स्थानीय जमीन मालिकों से यह समझौता हुआ था कि स्थानीय ट्रकों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि सीसीएल प्रबंधन स्थानीय हितों की अनदेखी कर रहा है। सांसद ने महाप्रबंधक भूपेंद्र मिश्रा से परियोजना को शीघ्र शुरू कर पहले की तरह स्थानीय ट्रकों का परिचालन बहाल करने की मांग की। साथ ही भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को संबंधित मंत्रालय के समक्ष भी मजबूती से उठाया जाएगा।

### कांग्रेस जिला प्रभारी ने एसआईआर कार्य का लिया जायजा

**चंदवा।** लातेहार जिला कांग्रेस प्रभारी निरंजन पासवान ने मंगलवार को चंदवा प्रखंड के विभिन्न बूथों का दौरा कर विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान की प्रगति का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के भीतर पुनरीक्षण कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने पर जोर दिया। दौरे की अगुवाई प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष असगर खान ने की। उन्होंने बूथ स्तर पर कार्यरत पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अभियान को गंभीरता से संचालित करने की अपील की। मनिका विधानसभा प्रभारी पप्पू अजहर ने बूथ संख्या 313 का निरीक्षण कर बताया कि यहां 981 मतदाताओं में से लगभग 85 प्रतिशत का पुनरीक्षण कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने बीएलओ एवं कांग्रेस के बीएलए के कार्य की सराहना की।

## रविंद्र गंझू की गिरफ्तारी नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी सफलता : प्रतुल शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कुख्यात नक्सली रविंद्र गंझू की गिरफ्तारी को सुरक्षा बलों की ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए इसे नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान की बड़ी सफलता करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के "नक्सल मुक्त भारत" के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। जारी बयान में प्रतुल शाहदेव ने कहा कि रविंद्र गंझू और उसका गिरोह वर्षों से लातेहार, लोहरदगा, पलामू सहित आसपास के क्षेत्रों में आतंक का पर्याय बना हुआ था। गिरोह पुलिसकर्मियों, निर्दोष ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, विकास कार्यों और सुरक्षा बलों को लगातार निशाना बनाकर क्षेत्र में भय का माहौल बनाए हुए था। उसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र की जनता ने राहत की सांस ली है। उन्होंने इस अभियान की सफलता के लिए सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस, केंद्रीय एवं राज्य की सुरक्षा तथा खुफिया एजेंसियों, विशेष रूप से लातेहार पुलिस को बधाई दी। उन्होंने कहा कि विभिन्न एजेंसियों के बेहतर समन्वय, सटीक खुफिया सूचना और लगातार चलाए गए अभियानों के कारण रविंद्र गंझू पर लगातार दबाव बना रहा।


**कार्यालय-कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार**
(E-mail ID- nrep-lat@jharkhandmail.gov.in)

**अल्पकालीन ई- निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या :- 09/2026-27/EE/NREP/LATEHAR दिनांक :-14.07.2026

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल | मद का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NREP/LATEHAR/26/ 2026-27 | प्रखंड- बरवाडीह अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय, हेन्देहास का विद्यालय भवन का जीर्णोद्वार कार्य। | 53,20,500.00 | 106500.00 | 05 माह | प्रथम | ITDA |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 23.07.2026
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 03.08.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 05.08.2026 अपराह्न 12:30 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 - **06565796434 ई मेल**- nrep-lat@jharkhandmail.gov.in
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. निविदा में भाग लेने वाले संवेदक इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगें की निर्धारित अवधि में कार्य अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लेंगें।
11. उक्त निविदा के लिए भवन प्रमंडल, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है।
12. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता,
एन0आर0ई0पी0, लातेहार

PR 384963 NREP(26-27)#D


## सदर अस्पताल से जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा-2026 की शुरुआत

- परिवार नियोजन जागरूकता रथ को दिखाई गई हरी झंडी, नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

नवीन मेल संवाददाता




**लातेहार।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर मंगलवार को सदर अस्पताल में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा-2026 का शुभारंभ किया गया। 11 जुलाई से 10 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान का उद्घाटन सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजमोहन खलखो की अध्यक्षता में किया गया।

कार्यक्रम में परिवार नियोजन और जनसंख्या स्थिरता के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। इसके बाद परिवार नियोजन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जो अभियान के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेगा।

इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी परिवार नियोजन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा जनसंख्या स्थिरता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में डीपीएम निर्मल कुमार, डीपीसी उदय शरण प्रसाद सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

### कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण की मांग को लेकर मंत्री से मिले जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष

**गिद्धौर (चतरा)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने राज्य के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने द्वारी पंचायत स्थित नए कब्रिस्तान की चारदीवारी निर्माण की मांग करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि चारदीवारी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस स्थल की सुरक्षा के लिए चारदीवारी का निर्माण आवश्यक है। मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि चारदीवारी बनने से कब्रिस्तान की भूमि सुरक्षित रहेगी तथा भविष्य में विवाद की संभावना भी समाप्त होगी।


**कार्यालय-कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, लातेहार**
(E-mail ID- nrep-lat@jharkhandmail.gov.in)

**अति अल्पकालीन ई- पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई-निविदा संख्या :- 01/R2/2026-27/EE/NREP/LATEHAR दिनांक :-14.07.2026
(CSR)

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की तिथि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | NREP/LATEHAR/01 / 2026-27 | लातेहार जिला के बालूमाथ प्रखंड में पब्लिक लाईब्रेरी निर्माण कार्य। | 39,08,600.00 | 78200.00 | 04 माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- 17.07.2026
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- 25.07.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 27.07.2026 अपराह्न 12:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जाएगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:- कार्यपालक अभियंता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार
8. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 - **06565796434 ई मेल**- nrep-lat@jharkhandmail.gov.in
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. निविदा में भाग लेने वाले संवेदक इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगें की निर्धारित अवधि में कार्य अनिवार्य रुप से पूर्ण कर लेंगें।
11. उक्त निविदा में BCD एवं RWD में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही निविदा में भाग ले सकते है।
12. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है।
13. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.384961 NREP(26-27):D — कार्यपालक अभियन्ता, एन0आर0ई0पी0, लातेहार

# वार्ड 8 में जेसीबी से सरकारी पीसीसी सड़क को किया ध्वस्त

● मोहल्ले वासियों ने वार्ड पार्षद व कार्यपालक पदाधिकारी से की शिकायत

● वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने नगर परिषद प्रशासन से की आरोपी पर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग

संजय गांधी पथ के ठाकुर मोहल्ला की घटना





नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर आठ अंतर्गत संजय गांधी पथ, ठाकुर मोहल्ला में एक व्यक्ति द्वारा सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। मोहल्ले के ही एक रसूखदार व्यक्ति ने जेसीबी मशीन लगाकर नवनिर्मित पीसीसी मुख्य सड़क को पूरी तरह से डैमेज (क्षतिग्रस्त) कर दिया। इस मनमानी से आक्रोशित आम नागरिकों और स्थानीय मोहल्ले वासियों ने इसकी लिखित शिकायत वार्ड पार्षद और नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी से करते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।स्थानीय जनमानस और मोहल्ले वासियों का आरोप है कि सड़क को क्षतिग्रस्त करने वाला यह व्यक्ति आए दिन मोहल्ले में होने वाले विकास कार्यों में रोड़ा अटकाता है। सड़क तोड़े जाने से पूरे मोहल्ले में आवागमन बाधित हो गया है और लोगों में भारी आक्रोश है। वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने कहा कि सरकारी राशि से बनी सार्वजनिक सड़क को इस तरह जेसीबी से तोड़ना सीधे तौर पर कानून का उल्लंघन है। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को इस संबंध में लिखित शिकायत सौंपकर आरोपी के खिलाफ दंडात्मक और कानूनी कार्रवाई का आग्रह किया गया है। स्थानीय जनता की मांग है कि सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध करने के आरोप में दोषी व्यक्ति पर सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी विकास कार्यों को बाधित करने का दुस्साहस न कर सके।

# हेसल बसारडीह के मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में 95 मरीजों का हुआ निःशुल्क इलाज

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** विकास भारती बिशुनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल, हेसल बसारडीह में मंगलवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रांची से आए विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर स्वास्थ्य परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। शिविर में हड्डी, जोड़ एवं नस रोग विशेषज्ञ सह सर्जन डॉ. विजय कुमार, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. एस. कुमार, जनरल फिजिशियन डॉ. डी. खेस, डॉ. सुनील प्रसाद, डॉ. प्रेम प्रकाश सिन्हा, डॉ. जगजीवन साहू तथा नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरेंद्र प्रसाद सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं।

शिविर में कुल 95 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया। इनमें 42 हड्डी रोग, 33 सामान्य रोग, 14 नेत्र रोग, 5 नाक-कान-गला रोग तथा 2 दंत रोग के मरीज शामिल रहे। इसके अलावा 7 एक्स-रे, 14 लैब मरीजों के 35 जांच, तथा 3 सिकल सेल एनीमिया जांच भी निःशुल्क की गई।शिविर के सफल आयोजन में अस्पताल प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक के नेतृत्व में राजीव रंजन, मुकेश साहू, अरुण राम, फारूक अंसारी, दीलेश लोहरा, ऐतवा उरांव, भजन भगत, जमुना देवी, उर्मिला कुजूर, एएनएम अंशु कुमारी, सीमा उरांव, यशिका तिग्गा, निर्मला कुजूर, सावित्री तिर्की, शांति कुमारी, शीला कुजूर, प्रेमिका कुजूर, सूरजमनी भगत, संचरिया देवी, अनीता देवी, ललिता देवी, सीता देवी, अनीता उरांव सहित अस्पताल के अन्य कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# श्रावणी मेला ड्यूटी का एमपीडब्ल्यू कर्मियों ने किया बहिष्कार




नवीन मेल संवाददाता

**सेन्हा/लोहरदगा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा के बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एमपीडब्ल्यू) झारखंड कर्मचारी संघ के नेतृत्व में अपनी लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन पर उतर आए हैं। कर्मी काला रिबन बांधकर मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं और श्रावणी मेला ड्यूटी के बहिष्कार की घोषणा की है। कर्मियों का कहना है कि यदि सरकार उनकी वर्षों पुरानी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लेती है, तो राज्यव्यापी आंदोलन और तेज किया जाएगा। उनकी प्रमुख मांगों में पिछले 18 वर्षों से कार्यरत बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का सृजित पदों पर स्थायी समायोजन, जेएसएससी द्वारा क्षेत्रीय एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता के लिए जारी त्रुटिपूर्ण अधियाचना को तत्काल रद्द करना तथा वर्ष 2016 से 2025 तक की श्रावणी मेला ड्यूटी का बकाया भुगतान शामिल है। आंदोलन की रूपरेखा के तहत 13 से 16 जुलाई तक काला रिबन लगाकर कार्य किया जाएगा। 17 से 20 जुलाई तक तख्ती के साथ विरोध प्रदर्शन, 21 से 23 जुलाई तक नियमित कार्य करते हुए भूख हड़ताल, 24 और 25 जुलाई को जिला सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष धरना तथा 27 जुलाई को रांची स्थित नेपाल हाउस में स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव कार्यालय का शांतिपूर्ण घेराव किया जाएगा। आंदोलन को सफल बनाने में देवेंद्र गिरी, मंसूर अंसारी, अनुज सिन्हा, गंदूर उरांव सहित सभी एमपीडब्ल्यू कर्मियों का सक्रिय सहयोग मिल रहा है।

## मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में अंग्रेजी सप्ताह का शुभारंभ

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, लोहरदगा में विद्यार्थियों में अंग्रेजी भाषा के प्रति रुचि, आत्मविश्वास एवं संप्रेषण कौशल के विकास के उद्देश्य से अंग्रेजी सप्ताह का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। अंग्रेजी सप्ताह के प्रथम दिवस विद्यालय के भैया-बहनों ने आकर्षक अंग्रेजी गीत प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों की मधुर एवं प्रभावशाली प्रस्तुति ने उपस्थित सभी का मन मोह लिया एवं द्वितीय दिवस पर भैया-बहनों ने उत्साहपूर्वक आत्म-परिचय गतिविधि में भाग लिया। इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, प्रभावी संप्रेषण कौशल तथा अंग्रेज़ी भाषा में बोलने की दक्षता का विकास करना था। इस अवसर पर अंग्रेजी के दीदी जी शिखा राय ने कहा कि अंग्रेजी भाषा आज वैश्विक संचार का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने लोहरदगा के बूथों का किया औचक निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा

# मतदाता सूची से न छूटे कोई पात्र, अपात्रों का नाम तुरंत हटाएं : के रवि

● एएसडीडी सूची का हो शत-प्रतिशत सत्यापन, नागरिकता के नियमों से समझौता नहीं



नवीन मेल संवादाता

**लोहरदगा।** झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि एक पारदर्शी लोकतंत्र के लिए शुद्ध और त्रुटिहीन मतदाता सूची का होना सबसे पहली शर्त है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से वंचित न रहे और किसी भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में जगह न बना पाए। मंगलवार को लोहरदगा के नगर परिषद क्षेत्र में विभिन्न मतदान केंद्रों का सघन औचक निरीक्षण करने पहुंचे मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ और बीएलए-2 की संयुक्त बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता चुनाव प्रक्रिया की सबसे मजबूत बुनियाद है। बीएलओ और बीएलए-2 आपसी समन्वय से इस कार्य को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ पूरा करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने क्षेत्र के कई संवेदनशील और महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों का खुद जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आयशा कच्छी उर्दू बालिका विद्यालय (बूथ संख्या 272, 273, 274), रहमत नगर स्थित एकता छात्रावास (बूथ संख्या 260, 261) व इमली चौक स्थित सामुदायिक भवन (बूथ संख्या 259) के बूथों पर चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी। उन्होंने मौके पर मौजूद बीएलओ से उनके अनुभवों और फील्ड में आ रही समस्याओं के बारे में सीधा संवाद किया और ऑन-द-स्पॉट उनके संशयों को दूर किया। 22 जुलाई 2026 को सभी बूथों पर बीएलओ और बीएलए-2 की अगली बड़ी बैठक होगी। इसमें बीएलए-2 एएसडीडी सूची पर अपने लिखित सुझाव और मंतव्य देंगे। 5 अगस्त 2026 को मतदाता सूची के प्रारूप का अंतिम रूप से प्रकाशन कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, वरीय निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### नागरिकता के नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं

के. रवि कुमार ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जो लोग विदेश की नागरिकता ले चुके हैं या भारत में रहने के बावजूद जिनके पास भारत की वैध नागरिकता नहीं है, उनका नाम मतदाता सूची में किसी भी हाल में शामिल नहीं होना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि एएसडीडी (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत और डुप्लीकेट) सूची में शामिल प्रत्येक मतदाता का घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन किया जाए। उन्होंने विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा नामित बीएलए-2 प्रतिनिधियों से अपील की कि वे समाज में मतदाता सूची को लेकर फैलने वाली किसी भी प्रकार की भ्रांति या अफवाह को दूर करने में जिला प्रशासन का सक्रिय सहयोग करें। इस दौरान बीएलए-2 प्रतिनिधियों ने भी प्रशासन को पूरा सहयोग देने का भरोसा दिलाया।


**Deputy Commissioner Office, Latehar**
**(Civil Surgeon Office)**
Collectorate office, Latehar- 829206
Email: Website: www.latehar.nic.in

**Request for Proposal (RFP)**

**Tender Reference No:** 10/26-27 **Date**: 13/07/2026

The Civil Surgeon Office, Latehar, invites Tender from eligible companies, eligible OEMs, or their authorized distributors for the supply, installation, and establishment of Dental OT at Latehar (Jharkhand).

| | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | **The Civil Surgeon Office, Latehar, invites Tender from eligible companies, eligible OEMs, or their authorized distributors for the supply, installation, and establishment of Dental OT at Latehar (Jharkhand).** |
| 2 | Date of Publication of Bid | 15/07/2026 |
| 3 | Tender fee | Rs. 5000.00 (Rupees Five thousand only (Non-refundable) online at https://jharkhandtenders.gov.in |
| 4 | Earnest Money to be Deposited (EMD) | 4,00,000(Four Lakh) online at https://jharkhandtenders.gov.in |
| 5 | Last date and time of Submission of Bid | 30/07/2026 - 11 AM |
| 6 | Technical Bid Opening | 31/07/2026 – 11 AM |
| 7 | Pre-Bid Meeting. | 18/07/2026 at 11:00AM at CS office Latehar |
| 8 | Financial Bid Opening | After Technical Evaluation |
| 9 | Bid submission Place | Online - https://jharkhandtenders.gov.in/ |
| 10 | Bid Opening Place | CS Office, Latehar |
| 11 | Contact Number | Email Id: cslatehar@gmail.com |
| 12 | **Method of Selection** | Cost-Based Selection (CBS) Method. Stage 1: The eligibility criteria documents, Bid Fee EMD submitted by the bidders will be evaluated in the first stage. The bidders meeting the technical evaluation criteria only will be shortlisted for further financial bid valuation. Stage 2: Out of the technically eligible bidders, the agency submitting the lowest financial bid will be awarded the project. |

**"Note-All bidders are directed to paginate every page of the documents submitted in the Technical Bid and provide an index clearly mentioning the details of each page."**

**Civil Surgeon**
**Latehar**

PR 384924 (Health Med Edu and Family Welfare) 26-27 (D)


रथ यात्रा के सफल व शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर डीसी-एसपी ने भंडरा थाना में की बैठक

# सुरक्षा, यातायात, पार्किंग व स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**लोहरदगा।** भंडरा में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक रथ यात्रा-2026 के आयोजन को लेकर आज उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी संदीप कुमार मीना एवं पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी की संयुक्त अध्यक्षता में भंडरा थाना परिसर में आयोजन समिति, शांति समिति के सदस्यों एवं स्थानीय लोगों के साथ आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान आयोजन समिति द्वारा रथ यात्रा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथियों एवं आयोजित होने वाले मेले की विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने कहा कि चलती रथ (16 जुलाई) एवं घुरती रथ (25 जुलाई) यात्रा के अवसर पर मेला का आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आयोजन समिति पर्याप्त संख्या में वोलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करे। उन्होंने मेला परिसर एवं प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरों के अधिष्ठापन, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था तथा स्वास्थ्य संबंधी आकस्मिक सेवाओं के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पार्किंग व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने पर विशेष जोर देते हुए किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होने देने का निर्देश दिया। बैठक में अंचल अधिकारी, भंडरा द्वारा जानकारी दी गई कि 16 एवं 25 जुलाई को मसमानो मोड़ से नवडीहा मोड़ तक मुख्य पथ पर बैरिकेडिंग की जाएगी तथा उक्त मार्ग पर नो-एंट्री व्यवस्था लागू रहेगी। उपायुक्त ने इस व्यवस्था का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने नो-एंट्री चेक पोस्टों पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के साथ आयोजन समिति की ओर से पर्याप्त संख्या में वोलेंटियर्स की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। उन्होंने पार्किंग स्थलों पर भी वोलेंटियर्स की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। इसके अतिरिक्त मेला में व्यवस्था संधारित करने वाले सभी वोलेंटियर्स को पहचान पत्र उपलब्ध कराने तथा उनकी सूची संबंधित थाना में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने आयोजन समिति एवं स्थानीय लोगों से आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के वातावरण में रथ यात्रा एवं मेले का सफल आयोजन सुनिश्चित करने की अपील की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम, डीएसपी मुख्यालय समीर तिर्की, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार, पुलिस निरीक्षक पुष्पलता कुमारी, थाना प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता, आयोजन समिति के गणमान्य सदस्य, शांति समिति के सदस्य एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

भंडरा में कोटपा कानून के तहत छापेमारी

# 14 दुकानदारों से 3,050 रुपए जुर्माना वसूला गया



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीणा एवं सिविल सर्जन डॉ. राजू कच्छप के निर्देश पर जिले में सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा-2003) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजागरूकता को लेकर भंडरा प्रखंड में संयुक्त छापेमारी अभियान चलाया गया। अभियान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कोषांग, खाद्य सुरक्षा विभाग तथा प्रखंड प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया गया। अभियान के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा, कचमची, भंडरा चट्टी तथा स्कूलों के आसपास स्थित करीब 40 से 45 दुकानों की जांच की गई। कोटपा अधिनियम की धारा 4, 5, 6ए, 6बी एवं 7 का उल्लंघन करने वाले 14 दुकानदारों पर कार्रवाई करते हुए 3,050 रुपये का अर्थदंड वसूला गया। जांच के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों एवं आम नागरिकों को कोटपा-2003 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान, 21 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों को तंबाकू उत्पाद बेचने तथा शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों एवं सरकारी कार्यालयों के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध की जानकारी दी। साथ ही तंबाकू सेवन से होने वाले गंभीर स्वास्थ्य दुष्प्रभावों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। इस संयुक्त अभियान में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, भंडरा थाना प्रभारी, जिला सलाहकार तंबाकू नियंत्रण कोषांग तथा आईडीएसपी विभाग के प्रतिनिधि शामिल रहे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि तंबाकू नियंत्रण कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने और जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के उद्देश्य से इस प्रकार की छापेमारी आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/17/2026-27

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत नेवाड़ी के ग्राम तुबेद में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन, तुबेद का निर्माण। | 2282600 | 46000 | 5000 | 3 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत नेवाड़ी के ग्राम अम्बाझारण में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन, अम्बाझारण का निर्माण। | 2282600 | 46000 | 5000 | 3 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु पंचायत बारियातु के ग्राम बटहेट में आँगनबाड़ी केन्द्र भवन, बटहेट का निर्माण। | 2282100 | 46000 | 5000 | 3 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 16.07.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 22.07.2026 से दिनांक 01.08.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –03.08.2026 अपराह्न 1:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR.NO.384948 Rural Development(26-27):D


लोहरदगा में सांपों का कहर: कुड़ू, सेन्हा और भंडरा में मचा हड़कंप

# 24 घंटे में चार लोग सर्पदंश के शिकार

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** बारिश के मौसम में लोहरदगा ज़िले में सर्पदंश (सांप काटने) का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। ज़िले में पिछले 24 घंटों के भीतर तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों कुड़ू, सेन्हा और भंडरा से सांप काटने की चार गंभीर घटनाएं सामने आई हैं। पहली घटना कुड़ू थाना क्षेत्र के ग्राम चिरी बरवटोली से सामने आई है। यहाँ दुर्गा उरांव के 27 वर्षीय पुत्र निरंजन उरांव को सांप ने काट लिया। घटना के बाद युवक की स्थिति को देखते हुए परिजनों में अफरा-तफरी मच गई और आनन-फानन में उसे नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ उसका इलाज जारी है। दूसरी घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के ग्राम परहेपाट की है। यहाँ सकुर अंसारी के 17 वर्षीय पुत्र दिलकश अंसारी को सांप ने अपना शिकार बनाया। घटना के बाद से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया ताकि समय पर इलाज मिल सके। भंडरा थाना क्षेत्र से एक साथ दो मामले सामने आए हैं, जिसने पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना दिया है। ग्राम भौरो के रहने वाले बाबूलाल उरांव की 14 वर्षीय पुत्री आरती कुमारी को सांप ने डस लिया। भंडरा के ही रामदेनी साहू के 40 वर्षीय पुत्र बिनोद साहू को उनके घर के पास ही सांप ने काट लिया। एक ही दिन में चार अलग-अलग इलाकों से सर्पदंश के मामले आने के बाद स्थानीय स्वास्थ्य व्यवस्था पर दबाव बढ़ गया है। सभी पीड़ितों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## धान रोपनी, घास काटने व सिंचाई के दौरान 3 महिलाएं शिकार, भर्ती

पिछले 24 घंटों के भीतर लोहरदगा और पड़ोसी जिले गुमला के सिसई में सांप काटने की तीन अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। राहत की बात यह रही कि तीनों ही मामलों में परिजनों ने बिना वक्त गंवाए मुस्तैदी दिखाई और पीड़ितों को तत्काल सदर अस्पताल लोहरदगा में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। पहली घटना लोहरदगा थाना क्षेत्र के भुजानिया गांव की है। यहां सिमोन कुजूर की 52 वर्षीय पत्नी ललिता कुजूर घर के पास मवेशियों के लिए घास काट रही थीं। इसी दौरान घास में छिपे जहरीले सांप ने उनके पैर में डस लिया। तबीयत बिगड़ती देख परिजन उन्हें तुरंत सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। दूसरी घटना भी लोहरदगा थाना क्षेत्र के भकसो कोयला टोली की है। यहां जतरु उराव की पत्नी सुमिता उरांव अपने खेत में धान की फसल के लिए पानी पटवन कर रही थीं। पानी और कीचड़ के बीच छिपे सांप पर नजर न पड़ने के कारण सांप ने उन्हें काट लिया। तीसरी घटना गुमला जिले के दहीं दोन गांव की है। यहां बलवीर यादव की 32 वर्षीय पत्नी आशा देवी खेत में अन्य महिलाओं के साथ धान की रोपनी कर रही थीं। इसी क्रम में वह सर्पदंश का शिकार हो गईं। मरीजों की स्थिति नियंत्रण में है।

## विश्व चिंपैंजी दिवस पर ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

**लोहरदगा।** ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल में विश्व चिंपैंजी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यजीव संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। विद्यालय के निदेशक मुकेश कुमार गुप्ता ने कहा कि चिंपैंजी पृथ्वी के सबसे बुद्धिमान और सामाजिक जीवों में शामिल हैं तथा मनुष्यों के सबसे निकट संबंधी प्राणियों में गिने जाते हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों की कटाई, प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और अवैध शिकार के कारण चिंपैंजी समेत कई वन्यजीवों का अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए आगे आने का आह्वान किया। विद्यालय की प्राचार्या शोभा रानी साहू ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है।


**कार्यालय–जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।**
संयुक्त कृषि भवन, प्रथम तल, पिपराकलां, गढ़वा– 822114
E-Mail Id- horticulturegarhwa2021@gmail.com

निविदा सूचना।

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा के अन्तर्गत विभागीय राज्यादेश सं0–29 दिनांक 24.06.2026 के आलोक वित्तीय वर्ष2026-27में चल रहे राज्य उद्यान विकास योजना की उपयोजना **"प्रोमोशन ऑफ अरबन फार्मिंग"** के तहतजिला–गढ़वा शहर एवं उसके आस–पास के सटे हुए शहरों में बसे परिवार के घरों के निकट खाली पड़े छोटे भू–खण्ड, सरकारी परिसर जहाँ स्थान उपलब्ध हो एवं Terrace Gardening अन्तर्गत जैविक एवं गुणवत्ता युक्त विभिन्न प्रकार के सब्जियों की खेतीहेतुबीज, फूलों फलों तथा साज–सज्जा के पौधे एवं उपादान का क्रय हेतु पंजीकृत इच्छुक स्थानीय Service Provider/Nursery चयन के साथसमानों का दर निर्धारण हेतु दिनांक29-07-2026 के अपराह्न11:00 बजे तक दर निर्धारण हेतु निविदा मुहरबंद लिफाफें में अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा किया जायेगा एवं उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदाकर्त्ता एवं उक्त योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय निविदा समिति के उपस्थिति में जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा में निविदा खोला जायेगा। निविदा का निस्तारण L1 निविदा प्रक्रिया के नियम से किया जाएगा।

**Technical Bid**

I. Bidder must be reputed manufacturer/Authorised Dealer/Firms/ Agency/Govt.orNon-Govt. Organisation/Companies. (Enclose supporting documents).
II. It should have at least one year experience in the field of gardening/ land scaping/roof top/terrace gardening. Supporting Work order/ experience certificate issued from Govt. or Non-Govt. Organisation should be attached with proposal in support of experience.
III. Registration Certificate and detailed information of nursery, firm/Company etc should be attached. The Agency must have a demonstration plot and after sale service centre in Jharkhand.
IV. The bidder should furnish a self-attested copy of PAN & GST registration with their application.
V. The bidder should furnish self-attested copy of GST return of atleast 02 (two) quarter of last 12 months.
VI. The average annual turnover of the bidder must not be less than Rs. 30.00 lakhs in any the last 3 financial year. Details of the audited balance sheet certified by CA for the last financial year should be attachedalong with the application.
VII. The bidder is required to deposit an EMD amount of 30,000/- Rs.
VIII. ITR of Last Three Financial Years 2023-24, 2024-25& 2025-26.
IX. An undertaking (self-certificate) that the bidder hasn't been blacklisted by a central/state government institution and that there has been no litigation with any government department on account of similar services must be submitted.

**Financial Bid**

I. Urban Farming के तहत लगाये जाने वाले पौध सामग्रियों तथा अन्य उपादानों की सूची विस्तृत रूप से garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।
II. सूची में वर्णित सामग्रियों का बंद लिफाफे में Financial Bidकियाजायेगा।

नोटः– विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यान कार्यालय, गढ़वा से सम्पर्क किया जा सकता है एवं मोबाईल नम्बर–7906432739 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

PR 384912 (Agriculture) 26-27 (D)

जिला उद्यान पदाधिकारी, गढ़वा।

## दृष्टिपात

### गुरुगोष्ठी में शिक्षा विभाग के लंबित कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश

**भरनो (गुमला)।** राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय, भरनो में प्रखंड स्तरीय शिक्षकों की गुरुगोष्ठी आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी घनश्याम चौबे ने की। बैठक में यू-डायस प्लस, आधार सत्यापन, अपार आईडी, ई-विद्यावाहिनी, मध्याह्न भोजन, ऑनलाइन उपस्थिति, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब सहित विभिन्न विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई। बीईईओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को समय सीमा के भीतर लंबित कार्यों को पूरा करने तथा ऑनलाइन पोर्टलों पर शत-प्रतिशत डाटा अपलोड सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### माही ज्वेलर्स लूटकांड का अब तक नहीं हुआ खुलासा

**पालकोट (गुमला)।** पालकोट स्थित माही ज्वेलर्स में हथियारबंद लूट की घटना के एक सप्ताह बाद भी पुलिस को कोई ठोस सफलता नहीं मिली है। मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रहा है, लेकिन अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। गत सप्ताह बदमाश लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण लूटकर फरार हो गए थे। दुकान संचालक मनीष कुमार सोनी (पिंटू) ने बताया कि यह उनके प्रतिष्ठान में चौथी लूट की घटना है। लगातार हो रही घटनाओं से उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है और वे आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान हैं। थाना प्रभारी अंकित राज ने बताया कि पुलिस तकनीकी साक्ष्यों और अन्य सुरागों के आधार पर जांच कर रही है तथा जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी की उम्मीद है। इधर, घटना का खुलासा नहीं होने से व्यापारियों और स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ी है। लोगों ने जिला प्रशासन और पुलिस के वरीय अधिकारियों से शीघ्र कार्रवाई कर लूटकांड का खुलासा करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

### मासूम से दुष्कर्म मामले की जांच तेज पलमा गांव पहुंची प्रशासनिक टीम

**घाघरा (गुमला)।** पलमा गांव में तीन वर्षीय बच्ची से कथित दुष्कर्म और मामले को दबाने के प्रयास की सूचना के बाद मंगलवार को प्रशासनिक एवं जांच टीम गांव पहुंची। टीम में अंचल अधिकारी सुशील खाखा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह, बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), डालसा के प्रतिनिधि तथा थाना प्रभारी मोहन कुमार सिंह शामिल थे। अधिकारियों ने ग्रामीणों और पीड़ित परिवार से बातचीत कर मामले की जानकारी ली तथा निष्पक्ष जांच और न्याय का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि किसी भी अपराध की सूचना छिपाना भी कानूनन अपराध है और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी मोहन कुमार सिंह ने बताया कि जांच रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई होगी। वहीं जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने बताया कि कथित समझौता बैठक में पंचायत समिति सदस्य की मौजूदगी की जांच की जा रही है और उनसे तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### 219 विद्यार्थियों को मिली साइकिल फिटिंग दुरुस्त होने के बाद हुआ वितरण

**भरनो (गुमला)।** प्लस टू हाई स्कूल भरनो परिसर में 'उन्नति का पहिया' योजना के तहत प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों के 219 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी मंजू खाखा, बीपीओ सूरज लकड़ा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पिछले वितरण कार्यक्रम में फिटिंग संबंधी शिकायत मिलने के बाद सभी साइकिलों की मरम्मत कराई गई। वितरण से पहले जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों ने स्वयं साइकिल चलाकर उनकी गुणवत्ता की जांच की। संतुष्ट होने के बाद ही विद्यार्थियों के बीच साइकिलें वितरित की गईं। वक्ताओं ने कहा कि यह योजना विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने-जाने में सहायक होगी।


### कामडारा सीएचसी में फाइलेरिया मरीजों के बीच एमएमडीपी किट का वितरण

**कामडारा (गुमला)।** फाइलेरिया से पीड़ित मरीजों को बेहतर उपचार और राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी) किट का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनील खलखो की देखरेख में आयोजित कार्यक्रम में 25 मरीजों को किट प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एमएमडीपी किट के नियमित उपयोग से प्रभावित अंगों की सूजन कम करने, संक्रमण से बचाव और मरीजों के जीवन की गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलती है। कार्यक्रम के दौरान मरीजों को व्यक्तिगत स्वच्छता, प्रभावित अंगों की देखभाल और संक्रमण से बचाव के उपाय भी बताए गए। इस अवसर पर एमपीडब्ल्यू मुकेश, तेजप्रताप, संदल सहित स्वास्थ्यकर्मी, सहिया और सहिया साथी उपस्थित रहे।

### डीएसई कार्यालय में एसीबी का छापा बड़ा बाबू समेत दो रिश्वत लेते गिरफ्तार

**गुमला।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी), रांची की टीम ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) कार्यालय में छापेमारी कर बड़ा बाबू रंजीत कुजूर और सेवानिवृत्त शिक्षक वत्स रविकांत को कथित रूप से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। दोनों को पूछताछ के लिए रांची ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, एक शिक्षक से एरियर भुगतान के एवज में रिश्वत मांगी गई थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने उसका सत्यापन किया और योजनाबद्ध कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के दौरान डीएसई कार्यालय में अफरा-तफरी का माहौल रहा। एसीबी अधिकारियों ने कार्यालय में आवश्यक जांच भी की। एसीबी के डीएसपी ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए कहा कि मामले की विस्तृत जानकारी मुख्यालय द्वारा जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि लगभग दो वर्ष पूर्व भी शिक्षा विभाग में रिश्वतखोरी के मामले में एसीबी ने तत्कालीन जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य को गिरफ्तार किया था।

### एलाइट क्रिकेट एकेडमी ने 4-1 से जीती अंतर्राज्यीय क्रिकेट सीरीज



**सिसई (गुमला)।** ललित उरांव स्टेडियम, महुआडीपा में गुमला जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय अंतर्राज्यीय क्रिकेट सीरीज का समापन हो गया। प्रतियोगिता में एलाइट क्रिकेट एकेडमी सिसई और बिहार टेक्नो क्रिकेट क्लब के बीच खेले गए पांच मुकाबलों में एलाइट क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। अंतिम मुकाबले में भी एलाइट क्रिकेट एकेडमी ने बिहार टेक्नो क्रिकेट क्लब को हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। पूरे टूर्नामेंट में शानदार गेंदबाजी करते हुए रमीज अंसारी ने 15 विकेट लेकर सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज का सम्मान हासिल किया। वहीं शम्स अंसारी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया, जबकि अंडर-11 वर्ग में पृथ्वीराज को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर का पुरस्कार मिला। समापन समारोह में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी महावीर राम ने कहा कि ऐसे आयोजन युवा खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने और उन्हें बड़े मंच तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाजसेवी मुकेश श्रीवास्तव डेविड ने कहा कि सिसई के खिलाड़ियों में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता केवल बेहतर अवसर और मार्गदर्शन की है। मौके पर कोच अंकित वर्मा, अजीत कुमार, रोहित शर्मा, संदीप शर्मा, रेणु देवी सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद रहे।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में तेजी, उपायुक्त ने किया बूथों का निरीक्षण

- **बीएलओ-बीएलए-2 की बैठक में शत-प्रतिशत सत्यापन और पारदर्शिता पर दिया गया जोर**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत मंगलवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ-बीएलए-2 की संयुक्त बैठक और चुनाव पाठशाला आयोजित की गई। इस दौरान अनुपस्थित, मृत, स्थानांतरित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची का सार्वजनिक वाचन कर आवश्यक सुधार की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो ने गुमला शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर अभियान की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित नहीं रहे तथा पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ पूरा किया जाए। उपायुक्त ने सभी मतदाताओं और राजनीतिक दलों से अभियान में सक्रिय सहयोग की अपील भी की।

## चैनपुर में एसआईआर अभियान ने पकड़ी रफ्तार, 52 प्रतिशत कार्य पूरा

- **बीडीओ यादव बैठा ने मतदाताओं से समय पर सत्यापन कराने की अपील की**

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर (गुमला)।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत चैनपुर प्रखंड में मतदाता सत्यापन कार्य ने गति पकड़ ली है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन प्रभारी यादव बैठा के निर्देशन में ब्लॉक कर्मी और बूथ लेवल अधिकारी अभियान को समयबद्ध ढंग से पूरा करने में जुटे हैं। प्रखंड प्रशासन के अनुसार मंगलवार दोपहर तक एसआईआर अभियान का 52 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए संबंधित कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। बीडीओ यादव बैठा ने मतदाताओं से अपील की कि जिनका सत्यापन कार्य अभी शेष है, वे आवश्यक दस्तावेज और पासपोर्ट आकार का फोटो लेकर अपने निकटतम मतदान केंद्र पहुंचें। उन्होंने बताया कि जो लोग बूथ तक नहीं पहुंच सकते, वे निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भी अपनी प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। प्रशासन ने सभी नागरिकों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग की अपील की है।

## डुमरी में आयोजित शिविर में 15 बच्चों को जरूरत के अनुसार मिली सहायता

**नवीन मेल संवाददाता**



**डुमरी (गुमला)।** डुमरी प्रखंड संसाधन केंद्र में मंगलवार को एलिम्को के सहयोग से दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वर्ष 2025 के विशेष जांच शिविर में चयनित 15 दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का, एलिम्को के प्रतिनिधियों, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तपेश्वर साहू तथा अन्य अधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया। प्रखंड प्रमुख जीवंती एक्का ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना समाज और सरकार की साझा जिम्मेदारी है। वहीं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तपेश्वर साहू ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें बेहतर जीवन उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, एलिम्को के अधिकारी, शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने इस पहल को दिव्यांग बच्चों के लिए उपयोगी और प्रेरणादायी बताया।

## जन शिकायत निवारण दिवस में 50 से अधिक मामलों की सुनवाई

- **भूमि, पेंशन, आवास, सड़क व रोजगार से जुड़ी शिकायतों पर उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई के दिए निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को उपायुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए 50 से अधिक फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखीं। उपायुक्त ने सभी मामलों की गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शिविर में भूमि विवाद, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि सुधार, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, पेयजल, बिजली, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और प्रमाण-पत्र निर्गत करने सहित विभिन्न मामलों पर सुनवाई हुई। बैठक के दौरान युवा कलाकारों के एक दल ने जिले की प्राकृतिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन विरासत पर आधारित लघु फिल्म निर्माण के लिए प्रशासनिक सहयोग का अनुरोध किया। वहीं कामडारा प्रखंड के ग्रामीणों ने टिटिही हरहारा नाला पर स्थायी पुल निर्माण की मांग उठाई। घाघरा के एक ग्रामीण ने हिंडालको प्रबंधन पर भूमि अधिग्रहण और प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की। पालकोट के एक इंटर कॉलेज के शिक्षकों ने लंबित अनुदान भुगतान, जबकि अन्य आवेदकों ने भूमि कब्जा एवं सुरक्षा से जुड़े मामले उठाए। उपायुक्त ने सभी शिकायतों की गंभीरता से जांच कर नियमानुसार शीघ्र निष्पादन का निर्देश देते हुए कहा कि जन शिकायत निवारण दिवस प्रशासन और आम जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम है तथा प्रत्येक आवेदन पर पारदर्शी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

**गुमला।** उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाज कल्याण विभाग की योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, सभी सीडीपीओ, प्रभारी सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिकाएं शामिल रहीं। समीक्षा के दौरान किराये के भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में रसोईघर, शौचालय, स्वच्छ पेयजल और बिजली जैसी सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष चर्चा हुई। डीडीसी ने निर्देश दिया कि जिन केंद्रों में आवश्यक सुविधाओं का अभाव है, वहां शीघ्र व्यवस्था की जाए तथा अनुपयुक्त भवनों में संचालित केंद्रों को सुविधायुक्त भवनों में स्थानांतरित किया जाए।

## पालकोट सीएचसी में शुरू हुआ पीसीसी सड़क निर्माण

- **राष्ट्रीय नवीन मेल की खबर के बाद प्रशासन सक्रिय, मरीजों और एंबुलेंस को मिलेगी राहत**

**नवीन मेल संवाददाता**




**पालकोट (गुमला)।** पालकोट सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में लंबे समय से सड़क नहीं होने से मरीजों, परिजनों और एंबुलेंस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को राष्ट्रीय नवीन मेल द्वारा प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद प्रशासन ने अस्पताल परिसर में पीसीसी सड़क निर्माण कार्य शुरू करा दिया है।

अब तक अस्पताल तक पहुंचने के लिए कच्चे और ऊबड़-खाबड़ रास्ते से गुजरना पड़ता था। बरसात के मौसम में हालात और खराब हो जाते थे, जिससे मरीजों और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने में काफी कठिनाई होती थी। निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी है। ग्रामीणों का कहना है कि पक्की सड़क बनने से मरीजों, बुजुर्गों और एंबुलेंस की आवाजाही आसान होगी तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा।

ग्रामीणों ने प्रशासन की त्वरित पहल का स्वागत करते हुए जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए राष्ट्रीय नवीन मेल की भी सराहना की। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान होता रहेगा।

**समाहरणालय, लोहरदगा**
**(समेकित जनजाति विकास अभिकरण (I.T.D.A.)) – 2nd Floor, Block - B**

**वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन से संबंधित**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिला के अनुमोदित 512 विद्यालय के प्रधानाध्यापक/INO को सूचित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्री–मैट्रिक छात्रवृति योजना अन्तर्गत वर्ग 1–10 तक के छात्र–छात्राओं को छात्रवृति हेतु INO Level से ऑनलाईन आवेदन करने के लिए विभाग द्वारा अवधि विस्तार करते हुए ई–कल्याण पोर्टल खोला जा रहा है, जो निम्नवत है :–

वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्री–मैट्रिक छात्रवृति हेतु ऑनलाईन आवेदन की समय सीमा

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्यवाही | कार्यवाही प्रारम्भ की तिथि | कार्यवाही के लिए निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | सम्बंधित शैक्षणिक संस्थान के Institute Nodal Officer (INO) द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन करने की अंतिम तिथि। | 08-07-2026 | 15-10-2026 |
| 2 | सम्बंधित District Nodal Officer (DNO) द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की अंतिम तिथि। | 08-07-2026 | 30-11-2026 |

अतः जिला के अनुमोदित 512 विद्यालय के प्रधानाध्यापक/INO से अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 में आपके विद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के योग्य छात्र–छात्राओं का INO Level पर ससमय शतप्रतिशत डाटा इन्द्रांज करना सुनिश्चित किया जाय। डाटा इन्द्राज के साथ–साथ प्रत्येक दिन INO Level से Verification का कार्य भी करना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा

PR 384943 Lohardaga(26-27)#D

**-: कोर्ट नोटिस :-**
**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।**

चन्दवा थाना काण्ड संख्या 170/2023, दिनांक 25.08.2023, धारा 302 भा0द0वि0 एवं 27 आर्म्स एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त रविन्द्र गंझू उर्फ सुरेन्द्र गंझू उर्फ रविन्द्र जी, पिता स्व0 रामब्रत गंझू, ग्राम हेसला, बांझीटोला, थाना चन्दवा (बेतर ओ0पी0) जिला लातेहार के विरूध माननीय अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय लातेहार के न्यायालय के आदेशानुसार दिनांक 20.06.2026 को निर्गत इश्तिहार का विधिवत दिनांक 03.07.2026 को तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक उक्त माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्ध अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | रविन्द्र गंझू उर्फ सुरेन्द्र गंझू उर्फ रविन्द्र जी, पिता स्व0 रामब्रत गंझू, ग्राम हेसला, बांझीटोला, थाना चन्दवा (बेतर ओ0पी0) जिला लातेहार। |

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
(Form No. 5)
(Section 82 of the Cr.p.c)

**Chandwa P.S. 170/2023**

एक मातहम शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 84 मजमूआए जवाबिते फौजदारी)

(१) नाम व विशाल पता **Accusd: Ravindra Ganjhu @ Surendra Ganjhu @ Ravindra Ji, S/o late Rambrat Ganjhu, Vill – Hesla Banjhi Tola, P.S – Chandwa (Betar O.P), Distt - Latehar**

चूंकि मेरे पास नालिस की गई है (१) ये चूंके

(२) किया है या करने का उस पर शुबहा है। **U/s 302 I.P.C Sec. 27 Arms Act.** जो बु–मुजिब दफा मजमूआए जाजिराते हिन्द के सजा के लायक है (२)

(३) नाम और ब– तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जी जारी हुआ यह कैफियत दी गई है कि (३) **Ravindra Ganjhu @ Surendra Ganjhu @ Ravindra Ji**

(४) फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी **Absconder** ने हो सके। पाये नही जाते है और चुकि ब– तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (३) जब

(५) मोकाम (४) मजकुर इसलिये **Ravindra Ganjhu @ Surendra Ganjhu @ Ravindra Ji** बजरिये इस के इश्तिहार दिया गया है कि

मजकुर साकिन **Vill – Hesla Banjhi Tola,**
ब– मोकाम (५) **P.S – Chandwa (Betar O.P), Distt - Latehar**

(६) इस अदालत व रूबरू मेरे। अ–हजूर (६) **Court of ACJM, Latehar**
ब– तारीख **21. 07. 2026** नालिश मजकुर की जवाबदेही के लिए हाजिर हो

आज तारीख 20 माह 06 सन 2026

ACJM, Latehar

ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लातेहार।

PR 384905 (Police) 26-27 (D)

• POLICE HELPLINE (EMERGENCY DIAL)-112 • CHILD HELPLINE-1098 • WOMEN HELPLINE-1091
• DOMESTIC ABUSE HELPLINE-181 • CYBER CRIME HELPLINE-1930 • AMBULANCE SERVICE-108

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार**

**-: कोर्ट नोटिस :-**

चन्दवा थाना काण्ड संख्या 215/2025, दिनांक 29.09.2025, धारा 111(3)/111(4)/308(4)/308(6) /3(5) बी0एन0एस0 एवं 17 सी0एल0ए0 एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त रविन्द्र गंझू उर्फ सुरेन्द्र गंझू उर्फ रविन्द्र जी, पिता स्व0 रामब्रत गंझू, ग्राम हेसला, बांझीटोला, थाना चन्दवा (बेतर ओ0पी0) जिला लातेहार के विरूध माननीय अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी महोदय लातेहार के न्यायालय के आदेशानुसार दिनांक 20.06.2026 को निर्गत इश्तिहार का विधिवत दिनांक 03.07.2026 को तामिला किया गया है। आपको सूचित किया जाता है कि इश्तिहार निर्गत की तिथि से 30 दिनों के अन्दर तक उक्त माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करे अन्यथा आपके विरूद्ध अग्रीम कार्रवाई की जाएगी।

| क्रम | अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|
| 1. | रविन्द्र गंझू उर्फ सुरेन्द्र गंझू उर्फ रविन्द्र जी, पिता स्व0 रामब्रत गंझू, ग्राम हेसला, बांझीटोला, थाना चन्दवा (बेतर ओ0पी0) जिला लातेहार। |

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF A PERSON ACCUSED
(Form No. 5)
(Section 84 of the B.N.S.S)

**Chandwa P.S. 215/2025**

एक मतहम शख्स को हाजिर करने का इश्तिहार।
(दफा 84 मजमूआए जवाबिते फौजदारी)

(१) नाम व विशाल पता **Accusd: Ravindra Ganjhu @ Surendra Ganjhu @ Ravindra Ji, S/o late Rambrat Ganjhu, Vill – Hesla Banjhi Tola, P.S – Chandwa (Betar O.P), Distt - Latehar**

चूंकि मेरे पास नालिश की गई है (१) ये चूंके

(२) किया है या करने का उस पर शुबहा है। **U/s 111(3), 111(6), 308(4), 308(6), 3(5) B.N.S Sec. 17 C.L.A Act.** जो बु–मुजिब दफा मजमूआए जाजिराते हिन्द के सजा के लायक है (२)

(३) नाम और ब– तामील वारन्ट गिरफतारी जो बद अर्जी जारी हुआ यह कैफियत दी गई है कि (३) **Ravindra Ganjhu @ Surendra Ganjhu @ Ravindra Ji**

(४) फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उस पर जारी **Absconder** ने हो सके। पाये नही जाते है और चुकि ब– तशफ्फी हमारे साबित किया गया है कि (३) जद

(५) मोकाम (४) मजकुर इसलिये **Ravindra Ganjhu @ Surendra Ganjhu @ Ravindra Ji** बजरिये इस के इश्तिहार दिया गया है कि

मजकुर साकिन **Vill – Hesla Banjhi Tola,**
ब– मोकाम (५) **P.S – Chandwa (Betar O.P), Distt - Latehar**

(६) इस अदालत व रूबरू मेरे। अ–हजूर (६) **Court of ACJM, Latehar**
ब– तारीख **21. 07. 2026** नालिश मजकुर की जवाबदेही के लिए हाजिर हो

आज तारीख 20 माह 06 सन 2026

ACJM, Latehar

ह0/–
पुलिस अधीक्षक, लातेहार

PR 384907 Police (26-27)_D

**विचार प्रवाह** अनंत परमेश्वर के साथ की प्रेमलीला ही सर्वोच्च है। आपको कल्पना भी नहीं है कि जीवन कितना सुंदर हो सकता है। जब आप अचानक ईश्वर को सर्वत्र पाते हैं, जब वे आपको दर्शन देते हैं और आपसे बातें करते हैं और आपका मार्गदर्शन करते हैं, तब ईश्वरीय प्रेमलीला शुरू हो जाती है। **- श्री श्री परमहंस योगानंद, 'मानव की निरंतर खोज'**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# टॉयलेट के लिए तरसती कामकाजी महिलाएं

**इंडिया**



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

क्या चमकते हुए इंडिया और नवधनाढ्यों से भरे महानगरों के बीच पिसती ग्रामीण्य आदिवासी कामकाजी महिलाओं को आपने देखा है जो मजदूरी करने, सब्जी बेचने या ऐसे अनेक छोटे मोटे काम करने हमारे आसपास दिखती हैं और हमारे जीवन को आसान बना देतीं हैं पर पानी नहीं पीतीं या भरपेट खाना नहीं खातीं कि टॉयलेट कहां मिलेगा? बताया जाता है कि कई बार ऐसी महिलाएं मजबूरी में खड़े होकर कपड़ों सहित पेशाब करती हैं और सूखने तक शर्म और भय से कहीं नहीं जा पातीं। झारखंड की राजधानी रांची से लेकर छोटे शहरों तक की लगभग यही स्थिति है। हाल के वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन में करोड़ों शौचालयों के निर्माण के लिए सरकार के प्रयासों के बावजूद असंगठित क्षेत्रों में काम करने वाली महिला श्रमिकों को अभी भी सुरक्षित और स्वच्छ शौचालयों की सुविधा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, जिससे उनकी कमाई की क्षमता सीमित हो जाती है और उनके स्वास्थ्य को खतरा होता है। कहीं कहीं बने सार्वजनिक शौचालयों का रखरखाव ठीक से नहीं होता और बहुत सीमित सुलभ शौचालयों में हर बार पांच से दस रुपए देना इनके लिए संभव नहीं होता। शहरों में बने सब्जी मार्केट पर पैसे वालों या नेताओं तक पहुंच वालों का कब्जा होता है जबकि सड़क किनारे जाड़े गर्मी बरसात में बिना किसी सुविधा के ये महिलाएं मजबूरी में धक्के खाती हैं। भारत में महिलाओं ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में निस्संदेह उल्लेखनीय प्रगति की है, बाधाओं को तोड़ते हुए पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से नई ऊंचाइयों को छुआ है। हालांकि कार्य जगत में पूर्ण भूमिका निभाने और पुरुषों के समान रोजगार और पेशेवर अवसरों तक समान पहुंच प्राप्त करने की उनकी यात्रा चुनौतियों से भरी हुई है।2011 की भारतीय जनगणना के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 587 मिलियन महिलाएं हैं, जो जनसंख्या का 48 प्रतिशत हैं। इसके बावजूद, केवल एक तिहाई महिलाएं ही श्रम बल में शामिल हुई हैं। 2021-22 के नवीनतम आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण से पता चलता है कि भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं की श्रम बल भागीदारी (एफएलएफपीआर) 32.8 प्रतिशत रही, जबकि महिलाओं की आबादी लगभग आधी है।रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी पाने और आगे बढ़ने की इच्छुक महिलाओं को अपने करियर लक्ष्यों को सामाजिक अपेक्षाओं और पारिवारिक जिम्मेदारियों जैसी बातों के साथ संतुलित करना पड़ता है, जिससे कामकाजी महिला के जीवन में जटिलता बढ़ जाती है। महिलाएं, जो अक्सर परिवार में बच्चों और माता-पिता की प्राथमिक देखभालकर्ता होती हैं, अपने कार्य-जीवन संतुलन को बिगड़ते हुए पाती हैं, खासकर जब लंबे कामकाजी घंटे घर के अवैतनिक कार्यों, जैसे कि बच्चों की देखभाल और घरेलू कार्यों की मांगों से टकराते हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की 2024 की रिपोर्ट, "महिलाओं की श्रम भागीदारी पर देखभाल की जिम्मेदारियों का प्रभाव", इस चिंता को दोहराती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि भारत में 53 प्रतिशत महिलाएं देखभाल की जिम्मेदारियों के कारण श्रम बल में भाग लेने में असमर्थ हैं, और उन्होंने महिलाओं को रोजगार प्राप्त करने से रोकने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए देखभाल अर्थव्यवस्था में और अधिक निवेश करने का आह्वान किया। रिपोर्ट की सिफारिशों में बच्चों, बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों के लिए औपचारिक देखभाल सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा अधिक धन उपलब्ध कराना शामिल था, ताकि महिलाओं को उनकी कुछ देखभाल संबंधी जिम्मेदारियों से राहत मिल सके।देखभाल संबंधी प्रतिबद्धताओं के साथ-साथ, कई अन्य बाधाएं भी हैं जो महिलाओं को कार्यबल में पूरी तरह से भाग लेने और पुरुषों के समान रोजगार के अवसर प्राप्त करने से रोकती हैं, जैसे कि लैंगिक वेतन अंतर और यौन उत्पीड़न। इस समस्या पर कई अध्ययन किए गए हैं कि कैसे अवैतनिक देखभाल की जिम्मेदारियां और घरेलू कार्य महिलाओं को काम की दुनिया में प्रवेश करने से रोक रहे हैं और रोजगार में लगी महिलाओं की आर्थिक क्षमता को सीमित कर रहे हैं, लेकिन इस बात की जांच करने वाले शोध में एक उल्लेखनीय कमी है कि बुनियादी सार्वजनिक स्वच्छता अवसंरचना तक पहुंच भारत के श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी को कैसे प्रभावित करती है। मोटे तौर पर भारत में अधिकांश कामकाजी महिलाएं संभवतः कम से कम एक ऐसे अनुभव का जिक्र कर सकती हैं जहां उन्हें कार्यस्थल और सार्वजनिक स्थानों दोनों पर अपर्याप्त, खराब डिजाइन वाले, खराब रखरखाव वाले या पूरी तरह से गैर-मौजूद शौचालय सुविधाओं का सामना करना पड़ा हो। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि कार्यस्थल पर स्वच्छता सुविधाओं में सुधार और सरल तकनीकों का उपयोग करके श्रमिकों के गर्मी के संपर्क को कम करने जैसे उपायों से कम आय वाले श्रमिकों के स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि कम आय और कम कौशल वाले श्रमिक शौचालयों की खराब पहुंच और उच्च तापमान के संपर्क में आने से सबसे अधिक स्वास्थ्य जोखिमों का सामना कर रहे हैं - उदाहरण के लिए, कृषि, निर्माण और बाहरी कार्य में लगे लोग।अर्थव्यवस्था के अनौपचारिक क्षेत्रों में पर्याप्त शौचालय और स्वच्छता सुविधाओं की कमी सबसे आम है, लेकिन पेशेवर भूमिकाओं में महिलाएं भी इससे अछूती नहीं हैं।

# भारत-न्यूजीलैंड संबंधों का नया स्वर्णिम अध्याय

**आज की बात**



कांतिलाल मांडोत

**"दोनों देशों ने अपने रिश्तों को औपचारिक रूप से सामरिक साझेदारी का स्वरूप देते हुए भारत न्यूजीलैंड सामरिक साझेदारी रोडमैप 2030 को मंजूरी दी है। इसके साथ रक्षा व्यापार समुद्री सुरक्षा खेल पशुपालन आपदा प्रबंधन आतंकवाद विरोधी सहयोग तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े कुल 18 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड यात्रा ने भारत और न्यूजीलैंड के संबंधों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा दिया है। दोनों देशों ने अपने रिश्तों को औपचारिक रूप से सामरिक साझेदारी का स्वरूप देते हुए भारत न्यूजीलैंड सामरिक साझेदारी रोडमैप 2030 को मंजूरी दी है। इसके साथ रक्षा व्यापार समुद्री सुरक्षा खेल पशुपालन आपदा प्रबंधन आतंकवाद विरोधी सहयोग तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े कुल 18 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। यह केवल दो देशों के बीच सहयोग का विस्तार नहीं बल्कि हिंद प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता सुरक्षा और आर्थिक समृद्धि की दिशा में एक दीर्घकालिक रणनीतिक पहल भी मानी जा रही है। ऑकलैंड में आयोजित शिखर वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के बीच व्यापक चर्चा हुई। दोनों नेताओं ने इस बात पर सहमति जताई कि भविष्य की वैश्विक चुनौतियों का सामना साझेदारी और विश्वास के आधार पर ही किया जा सकता है। इसी सोच के साथ दोनों देशों ने नियमित उच्चस्तरीय वार्ता विदेश मंत्रियों की वार्षिक बैठक और संसदों के बीच संवाद को मजबूत करने का निर्णय लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में न्यूजीलैंड की खुले दिल से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड केवल प्राकृतिक सुंदरता के लिए ही नहीं बल्कि अपनी सामाजिक समरसता सांस्कृतिक विविधता और मानवीय मूल्यों के लिए भी पूरी दुनिया में अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि यहां विभिन्न संस्कृतियों और समुदायों के लोग जिस सम्मान और सौहार्द के साथ रहते हैं वह पूरी दुनिया के लिए प्रेरणा है। उन्होंने न्यूजीलैंड की सामाजिक व्यवस्था को संतुलित समावेशी और आधुनिक बताते हुए कहा कि यह देश विकास और मानवीय मूल्यों के बीच उत्कृष्ट संतुलन स्थापित करने में सफल रहा है। मोदी ने विशेष रूप से वहां बसे भारतीय समुदाय की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि न्यूजीलैंड में भारतीय संस्कृति को सम्मान मिला है और भारतीय परंपराओं ने स्थानीय समाज के साथ सुंदर समन्वय स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि ऑकलैंड में गांधी रोड महात्मा गांधी सेंटर और भारत से जुड़े अनेक सांस्कृतिक स्थलों के साथ भारतीय समुदाय की सक्रिय उपस्थिति यह दर्शाती है कि दोनों देशों के संबंध केवल सरकारों तक सीमित नहीं बल्कि लोगों के दिलों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि कई स्थानों पर भारतीय शहरों और महापुरुषों के नाम दिखाई देते हैं जो भारतीय विरासत के प्रति सम्मान का प्रतीक हैं और यह दृश्य उन्हें अत्यंत अद्भुत लगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्यूजीलैंड भारतीय संस्कृति के अनुरूप स्वयं को ढालने वाला एक निराला देश है। यहां भारतीय पर्व उत्साह के साथ मनाए जाते हैं भारतीय भोजन लोकप्रिय है और भारतीय भाषाओं तथा परंपराओं को भी सम्मान प्राप्त है। उन्होंने कहा कि यह अपनापन दोनों देशों के रिश्तों को और अधिक मजबूत बनाता है। अपने सम्मान का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने अत्यंत विनम्रता के साथ कहा कि उन्हें जो भी सम्मान मिला है वह व्यक्तिगत नहीं बल्कि भारत के 140 करोड़ नागरिकों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं उसकी सांस्कृतिक विरासत और विश्व बंधुत्व की भावना का सम्मान है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान प्रत्येक भारतीय को समर्पित है जिसने अपने परिश्रम और संस्कारों से दुनिया में भारत की सकारात्मक पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री मोदी ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की भी मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि लक्सन दूरदर्शी नेतृत्व वाले ऐसे जननेता हैं जो भारत और न्यूजीलैंड के संबंधों को नई दिशा देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि लक्सन के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच विश्वास सहयोग और मित्रता का नया युग प्रारंभ हुआ है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनका नेतृत्व आने वाले वर्षों में दोनों देशों की साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाएगा। शिखर वार्ता के दौरान रक्षा और सुरक्षा सहयोग पर विशेष बल दिया गया। वर्ष 2025 के रक्षा सहयोग समझौते को प्रभावी ढंग से लागू करने पर सहमति बनी। दोनों देशों के रक्षा मंत्रालयों और तीनों सेनाओं के बीच नियमित संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया गया। समुद्री सुरक्षा आतंकवाद और मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध संयुक्त प्रयासों को और मजबूत बनाने पर भी सहमति बनी। हिंद प्रशांत क्षेत्र में वार्षिक समुद्री सुरक्षा संवाद शुरू करने का फैसला इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

आर्थिक क्षेत्र में भी दोनों देशों ने महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किए हैं। वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय वस्तु और सेवा व्यापार को सात अरब न्यूजीलैंड डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। हाल ही में संपन्न मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र लागू करने और उसके प्रभावी क्रियान्वयन पर दोनों पक्षों ने विशेष जोर दिया। इससे कृषि डेयरी शिक्षा सूचना प्रौद्योगिकी पर्यटन और निवेश जैसे क्षेत्रों में व्यापक अवसर खुलने की उम्मीद है। खेल शिक्षा विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। दोनों देशों ने छात्र आदान प्रदान अनुसंधान और नई तकनीकों के विकास में साझेदारी को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयासों को भी नई गति देने पर सहमति बनी।

वैश्विक स्तर पर न्यूजीलैंड ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे का समर्थन दोहराया। यह भारत की बढ़ती वैश्विक भूमिका और दोनों देशों के मजबूत विश्वास का प्रमाण माना जा रहा है। दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति सुरक्षा और स्थिरता के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प भी दोहराया। भारत और न्यूजीलैंड के संबंध लंबे समय से लोकतांत्रिक मूल्यों कानून के शासन और साझा मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित रहे हैं। अब रोडमैप 2030 और सामरिक साझेदारी के माध्यम से इन संबंधों को नई ऊर्जा और स्पष्ट दिशा मिली है। यह साझेदारी केवल व्यापार या रक्षा तक सीमित नहीं बल्कि सांस्कृतिक संवाद सामाजिक सहयोग और जनसंपर्क को भी नई मजबूती प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा केवल कूटनीतिक उपलब्धि नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और वैश्विक मित्रता की भावना का भी सशक्त संदेश बनकर सामने आई है। न्यूजीलैंड की संस्कृति सामाजिक समरसता विविधता को स्वीकार करने की परंपरा और भारतीय समुदाय के प्रति सम्मान ने इस यात्रा को विशेष बना दिया। वहीं प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के नेतृत्व में न्यूजीलैंड सरकार द्वारा भारत के साथ संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना इस बात का संकेत है कि दोनों देश आने वाले वर्षों में विश्वास और सहयोग के नए इतिहास की रचना करने के लिए तैयार हैं। भारत और न्यूजीलैंड की यह नई सामरिक साझेदारी भविष्य के उस व्यापक दृष्टिकोण का प्रतीक है जिसमें आर्थिक विकास सुरक्षा सांस्कृतिक निकटता और वैश्विक शांति एक साथ आगे बढ़ते हैं। रोडमैप 2030 इसी साझा संकल्प का दस्तावेज है जो आने वाले वर्षों में दोनों देशों को और अधिक निकट लाएगा तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र सहित पूरी दुनिया में स्थिरता और समृद्धि के नए अध्याय लिखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# लॉर्ड्स में लिखा भारतीय महिला क्रिकेट का स्वर्णिम इतिहास

**अलग बात**



आरके जैन 'अरिजीत'

क्रिकेट की दुनिया में यदि किसी मैदान को खेल का तीर्थ कहा जाए, तो वह लॉर्ड्स है। यहां जीत केवल उपलब्धि नहीं, बल्कि सर्वोच्च गौरव का प्रतीक मानी जाती है। इसी ऐतिहासिक धरती पर भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐसा स्वर्णिम इतिहास रचा, जिसने केवल रिकॉर्ड नहीं बदले, बल्कि विश्व क्रिकेट की सोच को भी नई दिशा दी। इंग्लैंड जैसी सशक्त टीम को 270 रनों के विशाल अंतर से पराजित कर भारतीय शेरनियों ने साबित कर दिया कि महिला क्रिकेट अब संभावनाओं का नहीं, उत्कृष्टता का पर्याय बन चुका है। यह जीत महज एक टेस्ट मुकाबले की सफलता नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, अथक परिश्रम, अटूट विश्वास और निरंतर साधना का प्रतिफल है। इस ऐतिहासिक क्षण ने करोड़ों भारतीयों के हृदय को गर्व से भर दिया और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अमिट अध्याय लिख दिया। शुरुआत से ही भारतीय टीम ने मैच पर अपना वर्चस्व स्थापित कर दिया था। गेंदबाजों ने इंग्लैंड की मजबूत बल्लेबाजी को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। खासकर भारतीय स्पिन आक्रमण ने अपनी सटीकता और विविधता से मेजबान बल्लेबाजों को पूरी तरह जकड़ लिया। हर विकेट के साथ भारत का आत्मविश्वास बढ़ता गया और इंग्लैंड का प्रतिरोध कमजोर पड़ता गया। बल्लेबाज़ी में स्मृति मंधाना की उपयोगी पारी और यस्तिका भाटिया के शानदार शतक (113) ने मजबूत आधार तैयार किया, जबकि मध्यक्रम की महत्वपूर्ण साझेदारियों (ऋचा घोष की नाबाद 50 रन की पारी सहित) ने बढ़त को निर्णायक बना दिया। बल्लेबाजों ने संयम और आक्रामकता का संतुलन दिखाया, वहीं गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन से साबित कर दिया कि भारतीय महिला टीम अब हर विभाग में परिपक्व, संतुलित और किसी भी चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार है। जीत को इतिहास में बदलने का क्षण चौथे दिन आया। भारतीय गेंदबाजों ने इंग्लैंड की दूसरी पारी को मात्र 186 रनों पर समेटकर 270 रनों की ऐतिहासिक विजय पर मुहर लगा दी। यह सफलता किसी एक खिलाड़ी की नहीं, बल्कि सामूहिक समर्पण, सटीक रणनीति और अनुशासित खेल की जीत थी। हर खिलाड़ी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई, जो टीम की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरी। कप्तान की सूझबूझ, गेंदबाजों का प्रभावी उपयोग, सटीक क्षेत्ररक्षण और शानदार तालमेल ने इंग्लैंड को पूरे मैच में दबाव में रखा। मानसिक दृढ़ता और तकनीकी श्रेष्ठता के बल पर भारतीय टीम हर मोर्चे पर मेजबानों पर भारी रही। इस प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि भारतीय महिला टीम अब दुनिया की किसी भी मजबूत टीम को उसकी सरज़मीं पर हराने का दम रखती है। टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाली क्रांति गौड़ के 5/37 (पहली पारी) और स्नेह राणा के 4 विकेट (दूसरी पारी) ने इंग्लैंड को चित किया। इस जीत का सबसे गौरवपूर्ण पक्ष यह रहा कि भारतीय महिला टीम ने पहली बार लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर टेस्ट जीत का परचम लहराया। भारतीय पुरुष टीम इस मैदान पर कई यादगार सफलताएं हासिल कर चुकी है, लेकिन अब भारतीय शेरनियों ने भी अपने प्रदर्शन से यहां अमिट पहचान बना ली। यह केवल एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि वर्षों के संघर्ष, मेहनत और अर्जित आत्मविश्वास की सशक्त अभिव्यक्ति है। इंग्लैंड की सरज़मीं पर मेजबान टीम को इस अंदाज़ में हराना बताता है कि भारतीय महिला क्रिकेट अब विदेशी परिस्थितियों में भी उतना ही मजबूत और निडर है। इस विजय ने विश्व क्रिकेट को स्पष्ट संदेश दिया कि भारत की महिला टीम अब केवल चुनौती स्वीकार नहीं करती, बल्कि नए मानक गढ़ने के इरादे से मैदान में उतरती है। भारतीय महिला क्रिकेट की यह उपलब्धि उन संघर्षपूर्ण दिनों की याद भी दिलाती है, जब सीमित संसाधनों, कम अवसरों और उपेक्षा के बीच खिलाड़ियों ने अपने हौसले को जीवित रखा। आज वही संघर्ष विश्व मंच पर सम्मान बनकर चमक रहा है। स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और यस्तिका भाटिया जैसी खिलाड़ियों ने केवल व्यक्तिगत उपलब्धियां ही नहीं, बल्कि टीम भावना से सामूहिक सफलता की नई मिसाल भी कायम की।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

**आपकी बात**

## आषाढ़ गुप्त नवरात्र का पावन पर्व 15 जुलाई से



संजय सर्राफ

चैत्र और शारदीय नवरात्रि के बारे में तो सभी जानते हैं लेकिन बहुत कम लोगों को यह जानकारी होती है कि आषाढ़ माह में आने वाली गुप्त नवरात्रि अत्यंत रहस्यमय और प्रभावशाली मानी जाती है। इस विशेष नवरात्रि में देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा के साथ-साथ दस महाविद्याओं की भी साधना की जाती है। इन विद्याओं में मां काली,मां तारा, मां त्रिपुर सुंदरी, मां भुवनेश्वरी, छिन्नमस्ता,मां त्रिपुर भैरवी, मां धूमावती, मां बगलामुखी, मां मातंगी और मां कमला शामिल है,आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाली गुप्त नवरात्र इस वर्ष 15 जुलाई से 23 जुलाई तक मनाई जाएगी। यह नौ दिवसीय पर्व देवी शक्ति की उपासना, आत्मशुद्धि, आध्यात्मिक साधना तथा तांत्रिक सिद्धियों की प्राप्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। सामान्यतः चैत्र और शारदीय नवरात्र पूरे देश में व्यापक रूप से मनाए जाते हैं, जबकि आषाढ़ और माघ की नवरात्र को गुप्त नवरात्र कहा जाता है। इन दिनों में साधक, संत, योगी और तंत्र-मंत्र की साधना करने वाले श्रद्धालु विशेष रूप से मां आदिशक्ति की आराधना करते हैं।धार्मिक मान्यता के अनुसार, गुप्त नवरात्र का वर्णन विभिन्न पुराणों एवं तांत्रिक ग्रंथों में मिलता है। कथा के अनुसार, एक समय देवर्षि नारद ने भगवान से प्रश्न किया कि ऐसे गृहस्थ और साधक, जो गुप्त रूप से देवी की आराधना करना चाहते हैं, उनके लिए कौन-सा श्रेष्ठ समय है। तब देवी उपासना के लिए आषाढ़ और माघ की गुप्त नवरात्र का महत्व बताया गया। माना जाता है कि इन दिनों में श्रद्धापूर्वक की गई साधना शीघ्र फलदायी होती है तथा साधक को मां दुर्गा की विशेष कृपा प्राप्त होती है। गुप्त नवरात्र के नौ दिनों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री-की विधिवत पूजा की जाती है। भक्त कलश स्थापना, अखंड ज्योति, दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी कवच, अर्गला स्तोत्र, कीलक स्तोत्र तथा मंत्र-जप के माध्यम से माँ भगवती का आह्वान करते हैं।

राष्ट्रीय नवीन मेल
**धर्म-अध्यात्म**

## पीड़ा के विरुद्ध सर्वोत्तम संवेदनाहारी औषधि आपकी मानसिक शक्ति है



श्री श्री परमहंस योगानंद

आप इसके बारे में जितना अधिक सोचते हैं, उतना ही अपनी ठेस, को अधिक बढ़ा लेते हैं और अपने दुःख को भी। कुछ लोग अपने सभी दुःखों को, जो उन्होंने झेले थे, बार-बार स्मरण करते रहते हैं, और जो ऑपरेशन बीस वर्ष पहले हुआ था उसकी पीड़ा कितनी भयानक थी! वे बार-बार उस रोग की चेतना को पुनः जीवंत कर लेते हैं। ऐसे अनुभवों की पुनरावृत्ति करने का क्या लाभ? अपने कष्टों से स्वयं को पृथक करने का उत्तम तरीका है स्वयं को मानसिक रूप से अनासक्त करना, जैसे आप मात्र एक द्रष्टा हैं, और साथ में उसका उपाय भी खोजना। सत्य तो यह है, कि यदि आप अपने शरीर में उसे अपना अस्तित्व न मानते हुए, जीना सीख लें, तो आप इतना अधिक दुःख नहीं भोगेंगे। आपमें और शारीरिक पीड़ा में संबंध मात्र मानसिक है। जब आप सोए होते हैं और शरीर के बारे में अचेत होते हैं, तो आप पीड़ा का कोई अनुभव नहीं करते। इसी प्रकार, जब एक चिकित्सक या दंत चिकित्सक आपको बेहोशी की दवा देता है और आपके शरीर पर शल्य चिकित्सा करता है, तो आप किसी पीड़ा का अनुभव नहीं करते। मन को संवेदना से पृथक कर दिया गया होता है। शरीर का ध्यान रखें, परंतु इससे ऊपर रहें। जान लें कि आप अपने नश्वर शरीर से पृथक हैं। अपने मन और शरीर के बीच एक विशाल मानसिक अवरोध खड़ा कर दें। प्रतिज्ञापन करें: "मैं शरीर से अलग हूं। कोई गर्मी, सर्दी या रोग मुझे छू नहीं सकते। मैं मुक्त हूं।" आपकी सीमितताएं कम से कमतर होती चली जाएंगी। पीड़ा के विरुद्ध सर्वोत्तम संवेदनाहारी औषधि आपकी मानसिक शक्ति है।

**-पुस्तक जहां है प्रकाश से साभार**

**फेसबुक वॉल से**



**एक्स से**




# आर्थिक रूप से कमजोर वंचित समुदाय ही धर्मांतरण की बहस के केंद्र में क्यों?

**देश की बात**



प्रो मनमोहन प्रकाश

भारत में धर्मांतरण का प्रश्न लंबे समय से सामाजिक, राजनीतिक और कानूनी विमर्श का विषय रहा है। इस विषय पर विभिन्न पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं, किंतु एक तथ्य बार-बार ध्यान आकर्षित करता है कि धर्मांतरण की बहस का केंद्र प्रायः आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और सामाजिक रूप से वंचित समुदाय ही क्यों? स्वतंत्रता प्राप्ति के लगभग आठ दशक बाद भी देश के अनेक दूरस्थ और पिछड़े क्षेत्रों में गरीबी, कुपोषण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव, स्वास्थ्य सेवाओं की सीमित उपलब्धता, बेरोजगारी तथा आवास जैसी मूलभूत समस्याएं आज भी विद्यमान हैं। अनेक परिवार आज भी दो समय के भोजन, बच्चों की शिक्षा और गंभीर बीमारी के उपचार जैसी बुनियादी आवश्यकताओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों में यदि कोई संस्था भोजन, चिकित्सा, शिक्षा या अन्य प्रकार की सहायता उपलब्ध कराती है, तो स्वाभाविक रूप से उसका प्रभाव उन परिवारों पर पड़ता है। कई बार यह आरोप भी लगाया जाता है कि कुछ संगठनों द्वारा सेवा कार्यों के साथ धार्मिक प्रभाव विस्तार या धर्मांतरण के प्रयास भी किए जाते हैं। दूसरी ओर अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाएँ इस प्रकार के आरोपों से इनकार करते हुए अपने कार्यों को केवल मानवीय सेवा बताती हैं। इसलिए प्रत्येक मामले का मूल्यांकन तथ्यों और कानून के आधार पर ही किया जाना चाहिए। भारतीय समाज में अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य वंचित वर्गों ने लंबे समय तक सामाजिक विषमता और भेदभाव की पीड़ा झेली है। यद्यपि शिक्षा, शहरीकरण, संवैधानिक संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता के कारण परिस्थितियों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, फिर भी अनेक क्षेत्रों में सामाजिक सम्मान और समान अवसरों का प्रश्न पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। जब किसी व्यक्ति को अपने ही सामाजिक परिवेश में अपेक्षित सम्मान नहीं मिलता, तब वह ऐसे विकल्पों की ओर आकर्षित हो सकता है जहाँ उसे समानता, सम्मान और अपनत्व का अनुभव होने का विश्वास दिलाया जाए। वनवासी और जनजातीय समुदायों की स्थिति कुछ अलग प्रकार की चुनौतियाँ प्रस्तुत करती है। अधिकांश जनजातीय आबादी दुर्गम पर्वतीय और वन क्षेत्रों में निवास करती है, जहाँ सरकारी योजनाओं, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा कानूनी जागरूकता की पहुंच अपेक्षाकृत सीमित रहती है। ऐसी परिस्थितियों में बाहरी संगठनों के लिए इन समुदायों के बीच प्रभाव स्थापित करना अपेक्षाकृत सरल हो जाता है। स्थानीय भाषा सीखकर, उनके बीच रहकर तथा सेवा गतिविधियों के माध्यम से विश्वास अर्जित करना कई संगठनों की कार्यपद्धति का हिस्सा माना जाता है। कुछ क्षेत्रों में तथाकथित 'चंगाई सभाओं' या चमत्कार आधारित धार्मिक आयोजनों की भी चर्चा होती रही है, जिनमें गंभीर बीमारियों के उपचार, आर्थिक संकट दूर करने अथवा अलौकिक शक्तियों के माध्यम से समस्याओं के समाधान जैसे दावे किए जाते हैं। यदि ऐसे दावों के आधार पर किसी व्यक्ति को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जाता है, तो यह न केवल अंधविश्वास को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और विधि के शासन की भावना के भी प्रतिकूल है। ऐसे मामलों में प्रशासन और समाज दोनों की सजगता आवश्यक है। धर्मांतरण को लेकर समय-समय पर विदेशी वित्तपोषण, संगठित नेटवर्क और सुनियोजित गतिविधियों के आरोप भी सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा रहे हैं। यदि कहीं प्रलोभन, कपट, दबाव या धोखे के माध्यम से धर्म परिवर्तन कराया जाता है, तो वह न केवल अनेक राज्यों के प्रचलित कानूनों की भावना के विपरीत है, बल्कि व्यक्ति की स्वतंत्र एवं सूचित आस्था के अधिकार पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। वहीं यह भी उतना ही आवश्यक है कि किसी भी संस्था या व्यक्ति पर आरोप तथ्यों और प्रमाणों के आधार पर ही लगाए जाएं। स्पष्ट है कि धर्मांतरण की बहस के केंद्र में आर्थिक रूप से कमजोर, वनवासी और वंचित समुदायों का होना केवल धार्मिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विषमताओं का भी संकेत है। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति तक सम्मान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएँ, रोजगार के अवसर और न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवहार नहीं पहुँचेगा, तब तक ऐसी परिस्थितियाँ बनी रह सकती हैं जिनका लाभ विभिन्न प्रकार की शक्तियाँ उठाने का प्रयास करें। इस चुनौती का समाधान केवल कठोर कानूनों में नहीं, बल्कि समावेशी विकास और सामाजिक समरसता में निहित है। शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, वनवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका की सुदृढ़ व्यवस्था विकसित हो, तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को सम्मान और अपनत्व का वातावरण मिले,मेरी दृष्टि में यही सबसे प्रभावी उपाय है। साथ ही, विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सेवा संगठनों को भी इन क्षेत्रों में निस्वार्थ सेवा, सामाजिक समरसता और आत्मसम्मान की भावना को सुदृढ़ करने की दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## आज का दोहा

जोहड़ के तैराक थे, कूद गये नद बीच।
वक्त न देखा, उम्र भी, लिया काल ने खींच।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : डॉ राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)



● सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन का क्रम शुरू हुआ

### मंगला आरती के साथ उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जय जगन्नाथ से गूंजी काशी

# 14 दिन बाद स्वस्थ हुए भगवान जगन्नाथ, खुले मंदिर के पट

**एजेंसी। वाराणसी**

● भगवान को स्वस्थ होने के बाद पहला पथ्य भोग परवल का जूस अर्पित किया गया

उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्येष्ठ माह की पूर्णिमा तिथि पर भक्तों के प्रेम में अत्यधिक स्नान (जलाभिषेक) से प्रतीक रूप से बीमार हुए भगवान जगन्नाथ 14 दिनों तक आराम के बाद मंगलवार को स्वस्थ हो गए। अस्सी स्थित जगन्नाथ मंदिर में सुबह मंदिर का पट खुलते ही भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रभु की मंगला आरती के बाद मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान के काष्ठ विग्रह के समक्ष भोग, फल एवं फूल अर्पित कर घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके पहले मंदिर के महंत राधेश्याम पांडेय ने मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों की मौजूदगी में भगवान जगन्नाथ के विग्रह को पंचामृत से स्नान करा कर श्वेत परिधान धारण कराया एवं फूल मालाओं से श्रृंगार कर भव्य मंगला आरती की। सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद मंदिर में जय जगन्नाथ के उद्घोष के साथ दर्शन पूजन का क्रम शुरू हुआ। सुबह ही भगवान को पहला पथ्य परवल का जूस भोग रूप में चढ़ाया गया।

मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ जुटी। श्रद्धालु नाथों के नाथ भगवान जगन्नाथ का दर्शन पाकर निहाल हुए। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर जय जगन्नाथ के जय घोष से गुंजायमान रहा। मंदिर में पूर्वाह्न साढ़े 10 बजे भगवान जगन्नाथ को पंच भोग लगाया गया। दोपहर 12 बजे मंदिर का पट बंद हुआ। इसके बाद दोपहर तीन बजे फिर खुलेगा। फिर दर्शन-पूजन का क्रम शुरू हो जाएगा। मंदिर में रात 8 बजे संध्या आरती और 9 बजे शयन आरती के बाद मंदिर बंद कर दिया जाएगा। मंदिर के पुजारी राधेश्याम पांडेय के अनुसार बुधवार, 15 जुलाई को भगवान डोली पर सवार होकर नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही 16 जुलाई से काशी की विश्वप्रसिद्ध तीन दिवसीय रथयात्रा मेले की शुरूआत होगी।

### दिल्ली में भारत टेक्स 2026 का आगाज, गिरिराज सिंह बोले

# वैश्विक टेक्सटाइल बाजार में भारत की मजबूत दावेदारी हुई प्रदर्शित

● उद्देश्य टेक्सटाइल, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और मैन्युफैक्चरिंग क्षमता को दुनिया के सामने लाना

● अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस

**एजेंसी। नई दिल्ली**




**56 देशों संग एफटीए, बढ़ा भारत का व्यापारिक दायरा**

गिरिराज सिंह ने भारत के बढ़ते व्यापारिक संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के 56 देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते हैं, जबकि पहले यह संख्या 19 थी। उन्होंने कहा कि भारत करीब 40 अन्य देशों के साथ भी अलग स्तर पर व्यापारिक सहयोग बढ़ा रहा है। कपड़ा मंत्री ने बताया कि वैश्विक टेक्सटाइल आयात बाजार करीब 900 अरब डॉलर का है और भारत के एफटीए समझौते 500 अरब डॉलर से अधिक के बाजार को कवर करते हैं। उन्होंने तकनीकी वस्त्रों को उभरता हुआ क्षेत्र बताते हुए कहा कि इसके विकास के लिए सरकार ने करीब 11 हजार करोड़ रुपये की पीएलआई योजना शुरू की है।

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह और कपड़ा राज्य मंत्री पवित्र मार्गेरिटा ने मंगलवार को नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में ग्लोबल टेक्सटाइल एक्सपो 'भारत टेक्स 2026' के उद्घाटन सत्र में हिस्सा लिया। इस अवसर पर कपड़ा मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव समेत मंत्रालय के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

14 से 17 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाला 'भारत टेक्स 2026' देश की पूरी टेक्सटाइल वैल्यू चेन को एक वैश्विक मंच पर प्रस्तुत कर रहा है। इस एक्सपो का उद्देश्य भारत की टेक्सटाइल, इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं को दुनिया के सामने रखना तथा अंतरराष्ट्रीय साझेदारी और व्यापारिक अवसरों को बढ़ावा देना है।

उद्घाटन के बाद केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि यह 'भारत टेक्स' का तीसरा संस्करण है और इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के कारण हुई। वर्ष 2025 तक ही 'भारत टेक्स' दुनिया के प्रमुख ग्लोबल टेक्सटाइल आयोजनों में शामिल हो चुका था।

उन्होंने कहा कि भारत लगातार आयात कम करने और निर्यात बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है। देश वर्तमान में 3 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के तकनीकी वस्त्रों का निर्यात कर रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि एफआईबीसी जैसे उत्पादों में भारत कई देशों को चीन से अधिक आपूर्ति कर रहा है। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में अब 550 जिलों के लोग हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल और गारमेंट्स के निर्यात से जुड़े हैं, जो देश के कपड़ा क्षेत्र की व्यापक भागीदारी को दर्शाता है। 'भारत टेक्स 2026' में वैश्विक खरीदारों, उद्योग जगत, डिजाइनरों और नीति निर्माताओं की भागीदारी से भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है।

## दान में हेराफेरी कानूनन अपराध ही नहीं, महापाप, दोषियों को मिलेगी सख्त सजा : नरेंद्र कश्यप



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने राम मंदिर चढ़ावा मामले पर कहा कि सरकार सख्त कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा आस्था के नाम पर दिए गए दान में हेराफेरी करना केवल कानूनन अपराध ही नहीं, बल्कि धार्मिक दृष्टि से भी गंभीर पाप है। उन्होंने कहा कि चाहे मामला अयोध्या का हो या किसी अन्य धार्मिक स्थल का, ऐसे मामलों में सरकार किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतेगी। राम मंदिर चढ़ावा मामले में कथित हेराफेरी को लेकर मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप ने आईएएनएस से कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस पूरे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लिया है। मामले में एफआईआर दर्ज की गई है, विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारियां भी की गई हैं।

## मंदिरों से चढ़ावा चोरी होना शर्मनाक करोड़ों हिंदुओं की आस्था को पहुंची ठेस : सुरेंद्र राजपूत



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था और 'एक देश, एक चुनाव' के मुद्दे पर कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र राजपूत ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है तथा महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराध के मामलों में बढ़ोतरी हो रही है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में सुरेंद्र राजपूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हाल के दिनों में मंदिरों से चढ़ावा चोरी होने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसी घटनाएं न केवल प्रदेश की छवि को नुकसान पहुंचाती हैं, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की धार्मिक आस्था को भी आहत करती हैं। उनका दावा है कि सरकार इन मामलों में प्रभावी कार्रवाई करने में विफल रही है।राजपूत ने यह भी दावा किया कि प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

# दिल्ली पुलिस ने ट्रांसजेंडर वेश में रह रहे बांग्लादेशी नागरिक को पकड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

● पूछताछ में वैध यात्रा या पहचान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका

दिल्ली पुलिस ने अवैध आप्रवासन के खिलाफ़ चल रहे अभियान के तहत, जहांगीरपुरी पुलिस स्टेशन इलाके में भलस्वा फ्लाईओवर के नीचे सुबह-सुबह एक ऑपरेशन में बांग्लादेश के एक अवैध नागरिक को पकड़ा। खास जानकारी मिलने पर, अधिकारियों ने उस संदिग्ध व्यक्ति को रोका जो उस इलाके में ट्रांसजेंडर के भेष में था। जांच-पड़ताल और पूछताछ से पुष्टि हुई कि वह व्यक्ति बिना किसी वैध यात्रा या पहचान-पत्र के भारत में गैर-कानूनी रूप से रह रहा था। यह भी पता चला कि संदिग्ध व्यक्ति रात के समय गैर-कानूनी गतिविधियों में शामिल होने के लिए इस भेष का इस्तेमाल करता था।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि एक गुप्त मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर ऑपरेशन टीम ने संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। शुरुआती पूछताछ के दौरान वह व्यक्ति यात्रा या पहचान से जुड़े वैध दस्तावेज़ नहीं दिखा पाया। दस्तावेज़ों की विस्तृत जांच, डिजिटल फुटप्रिंट और लगातार पूछताछ से यह पुष्टि हुई कि वह व्यक्ति बांग्लादेशी नागरिक है और भारत में अवैध रूप से रह रहा था। पुलिस की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जांच के दौरान अधिकारियों को एक स्मार्टफोन मिला जिसमें प्रतिबंधित IMO ऐप इंस्टॉल था और फ़ोन की गैलरी में बांग्लादेशी राष्ट्रीय पहचान पत्र के दस्तावेज़ मौजूद थे। कानून के अनुसार कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। पकड़े गए व्यक्ति को फॉरेनर्स रीजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस के सामने पेश किया गया और तय प्रक्रियाओं के तहत उसे देश से वापस भेजने की कार्रवाई शुरू की गई। दिल्ली पुलिस ने इस व्यक्ति की पहचान सुकांता चंद्र दास (उर्फ माधुरी) के तौर पर की है। वह 44 साल का पुरुष है और बांग्लादेश के ढाका ज़िले के गाज़ीपुर सदर पुलिस स्टेशन इलाके में आने वाले गांव बारिया का रहने वाला है।

### ज्ञानवापी विवाद में सुलह की कोशिश नाकाम

# हिंदू और मुस्लिम पक्षों ने ठुकराया सुप्रीम कोर्ट का मध्यस्थता प्रस्ताव, कानूनी फैसले पर अड़े

**एजेंसी। वाराणसी**

ज्ञानवापी मस्जिद विवाद को अदालती प्रक्रिया से बाहर आपसी बातचीत से सुलझाने की सुप्रीम कोर्ट की कोशिश को बड़ा झटका लगा है। मामले से जुड़े दोनों ही पक्षों—हिंदू और मुस्लिम—ने शीर्ष अदालत के मध्यस्थता (Mediation) प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। दोनों पक्षों ने साफ कर दिया है कि वे इस संवेदनशील और लंबे समय से लंबित मामले का हल केवल और केवल कानूनी प्रक्रिया और अदालती फैसले के जरिए ही चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों से कहा था कि वे मंगलवार को वाराणसी कोर्ट के मध्यस्थता केंद्र में पेश हों और लंबे समय से चल रहे इस विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने की संभावना तलाशें। हालांकि, मध्यस्थता की इस पहल को किसी भी पक्ष का समर्थन नहीं मिला। सुप्रीम कोर्ट ने 'सुप्रीम कोर्ट एक्शन फॉर मीडिएटेड एडजुडिकेशन एंड डिस्प्यूट्स हार्मोनाइज़ेशन अक्रॉस नेशन' शुरू किया था। इसका मकसद 21, 22 और 23 अगस्त को होने वाली स्पेशल लोक अदालत से पहले मध्यस्थता के ज़रिए लंबित मामलों को आपसी सहमति से सुलझाने को बढ़ावा देना था। इस पहल के तहत, कई लंबित मामलों के पक्षों से आपसी सहमति से समझौता करने की संभावना तलाशने को कहा गया है।




**हिंदू पक्ष कानूनी फैसले पर अड़ा**

हिंदू पक्ष ने साफ कर दिया है कि वह मध्यस्थता के ज़रिए विवाद को सुलझाना नहीं चाहता और कानूनी कार्यवाही के आधार पर ही फैसला चाहता है। हिंदू दावेदारों का प्रतिनिधित्व करने वाले पक्षों के अनुसार, इस मुद्दे का फैसला अदालतों को कानून के मुताबिक करना चाहिए, न कि न्यायिक प्रक्रिया से बाहर बातचीत के ज़रिए। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने कहा, "हमने तय किया है कि मंदिर हमारा है और मुस्लिम पक्ष कब्ज़ा करने वाला है। मस्जिद पक्ष को जगह खाली कर देनी चाहिए ताकि मूल ज्योतिर्लिंग स्थल पर भव्य काशी विश्वनाथ मंदिर बनाया जा सके।

### आज कल




### 'शौर्य विजय यात्रा' राष्ट्रभक्ति, कर्तव्य और बलिदान का संदेश लेकर निकली सेना की शौर्य यात्रा

# कारगिल शौर्य यात्रा को राजनाथ ने दिखाई हरी झंडी

**उदय चंद्र सिंह की विशेष रिपोर्ट**

**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी से भारतीय सेना की 13 दिवसीय 'शौर्य विजय यात्रा' का शुभारंभ हुआ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से इस मोटरसाइकिल अभियान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 28 बाइक सवार लगभग 1,900 किलोमीटर की यात्रा तय करते हुए 26 जुलाई को कारगिल दिवस के दिन लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक पहुंचेंगे, जहां वे कारगिल युद्ध के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि "1999 की कारगिल विजय भारत के उस अटूट संकल्प का प्रतीक है कि हमारी भूमि, पहचान और सम्मान पर किसी भी शत्रुतापूर्ण दुस्साहस का देश पूरी शक्ति से जवाब देगा।" राजनाथ सिंह ने कहा कि लगभग 20 हजार फीट की ऊंचाई और माइनस 40 डिग्री तापमान जैसी विषम परिस्थितियों में भारतीय सैनिकों ने अद्वितीय पराक्रम दिखाते हुए दुश्मन से हर चोटी और बंकर वापस लेकर तिरंगे का मान बढ़ाया।



रक्षा मंत्री ने परमवीर चक्र विजेताओं कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार पांडे, सूबेदार मेजर (मानद कप्तान) योगेंद्र सिंह यादव और सूबेदार मेजर (मानद कप्तान) संजय कुमार के योगदान को विशेष रूप से याद करते हुए कहा कि ये वीर आज भी देश के युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान बाइक सवार चंडीमंदिर, रेजांग ला और लेह सहित विभिन्न युद्ध स्मारकों पर श्रद्धांजलि देंगे तथा वीरांगनाओं से मिलकर उनका सम्मान भी करेंगे।

इस अभियान की एक विशेष बात यह है कि बाइक सवार राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की पवित्र मिट्टी अपने साथ कलश में लेकर कारगिल पहुंचेंगे, जिसे वहां की मिट्टी में समर्पित किया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि "दिल्ली और कारगिल की मिट्टी का यह मिलन वर्तमान पीढ़ी की श्रद्धा और राष्ट्र के वीर सपूतों की अमर वीरता का प्रतीक बनेगा।" उन्होंने विश्वास जताया कि 'एक सवारी, एक राष्ट्र, एक सलाम' के संदेश के साथ निकली यह यात्रा विशेष रूप से युवाओं में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्य और बलिदान की भावना को नई ऊर्जा देगी।

## दृष्टिपात

### सुप्रीम कोर्ट ने देवघर चारा घोटाला मामले में लालू प्रसाद को मिली राहत बरकरार रखी



**नई दिल्ली/ रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के देवघर कोषागार से अवैध निकासी से संबंधित मामले में राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव को झारखंड हाईकोर्ट से मिली राहत बरकरार रखी है। चारा घोटाले के इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए अंतिम फैसला आने तक सजा निलंबित रखी थी। सुप्रीमो कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट को वह इस मामले में लालू प्रसाद यादव की लंबित आपराधिक अपील का निपटारा छह महीने के भीतर करने को कहा है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने मंगलवार को कहा कि हाई कोर्ट के आदेश को करीब सात साल हो चुके हैं। ऐसे में इस स्तर पर उसमें हस्तक्षेप करने की जरूरत नहीं है। अदालत ने यह भी कहा कि वर्ष 2018 से लंबित अपील पर अब जल्द सुनवाई होनी चाहिए। सीबीआई ने हाईकोर्ट के 12 जुलाई 2019 के आदेश को चुनौती दी थी।एजेंसी का कहना था कि लालू प्रसाद को इस आधार पर सजा निलंबन का लाभ दिया गया कि उन्होंने आधी सजा पूरी कर ली है जबकि यह गणना सही नहीं थी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने दलील दी कि चारा घोटाले के अलग-अलग मामलों में मिली सजाएं एक के बाद एक चलनी चाहिए, जब तक अदालत अलग से कोई आदेश न दे।

### केतन की हत्या से टूटा परिवार, मां ने प्रधानमंत्री से लगाई न्याय की गुहार



**नई दिल्ली/** केतन अग्रवाल की हत्या के बाद न्याय की मांग कर रही उनकी मां राखी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ई-मेल भेजकर इंसाफ की गुहार लगाई। इस ई-मेल के साथ उन्होंने एक वीडियो भी संलग्न किया है, जिसमें वह बेटे की तस्वीर हाथ में लेकर फूट-फूटकर रोती नजर आ रही हैं। उनका कहना है कि वह किसी विशेष सुविधा या सहानुभूति की मांग नहीं कर रहीं बल्कि केवल अपने बेटे के लिए न्याय चाहती हैं। प्रधानमंत्री को भेजे गए ई-मेल में राखी अग्रवाल ने लिखा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें अपने ही बेटे के लिए न्याय मांगने के लिए पत्र लिखना पड़ेगा। हर मां की तरह उनका भी सपना था कि केतन की शादी हो, वह अपना परिवार बसाए और उनके साथ पूरी जिंदगी बिताए। लेकिन किस्मत ने उनसे उनका बेटा छीन लिया और उन्हें अपने ही बेटे का अंतिम संस्कार करना पड़ा। उन्होंने ई-मेल में लिखा, "एक मां के लिए इससे बड़ा दर्द कुछ नहीं हो सकता। मेरे बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई और उसके साथ मेरी पूरी दुनिया भी चली गई। घर का हर कोना मुझे उसकी याद दिलाता है। उसका कमरा, उसके कपड़े, उसकी तस्वीरें और वह सन्नाटा, जिसने उसकी हंसी की जगह ले ली है, हर दिन मुझे याद दिलाते हैं कि वह अब कभी वापस नहीं आएगा।"राखी अग्रवाल ने बताया कि बेटे की मौत के महज 20 दिन बाद उनके ससुर का भी निधन हो गया।

### जम्मू कोर्ट ने हाफिज सईद के खिलाफ जारी किया गैर-जमानती वारंट



**जम्मू।** जम्मू की एक अदालत ने नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) की अर्जी पर पहलगाम हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तार और हिरासत में पूछताछ जरूरी है। इस महीने दायर एक सप्लीमेंट्री चार्जशीट में एनआईए द्वारा हाफिज को मास्टरमाइंड बताए जाने के बाद वारंट जारी किया गया। हाफिज सईद के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 75 के तहत गैर-जमानती वारंट जारी करने की अर्जी एनआईए के इंस्पेक्टर अरुण शर्मा (एआईओ) ने स्पेशल कोर्ट में दाखिल की है। आरोपी हाफिज मुहम्मद सईद को हाफिज मुहम्मद साहिब, हाफिज मोहद्दद सैयद, हाफिज मोहम्मद, हाफिज सईद, हाफिज मुहम्मद सईद, मुहम्मद सैयद और मुहम्मद सईद के नामों से भी जाना जाता है। हाफिज कमाल-उद-दीन का बेटा है और सरगोधा, पंजाब, पाकिस्तान का रहने वाला है। यूएपीए 1967 के तहत एक घोषित आतंकवादी है और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन एलईटी का संस्थापक है। वह पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां चला रहा है। आरोपी जानबूझकर अपनी गिरफ्तारी से बच रहा है।

### वैष्णो देवी नकली चांदी विवाद में अदालत सख्त, क्राइम ब्रांच से मांगे सभी दस्तावेज

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन में नकली चांदी चढ़ाए जाने के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में शिकायत दर्ज कराने वाले अधिवक्ता दीपक शर्मा ने बताया कि जम्मू की अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए क्राइम ब्रांच के जांच अधिकारी को तलब किया है। अदालत ने निर्देश दिया है कि जांच अधिकारी 29 जुलाई को मामले से जुड़े सभी प्रासंगिक दस्तावेजों और रिकॉर्ड के साथ अदालत में उपस्थित हों। दीपक शर्मा ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि उन्होंने 9 मई 2026 को क्राइम ब्रांच में इस मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने कहा कि इससे पहले मीडिया में व्यापक रूप से यह खबर सामने आई थी कि श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड में मौजूद लगभग 20 टन चांदी की जांच के दौरान अधिकांश चांदी नकली पाई गई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस चांदी का बाजार मूल्य करीब 550 करोड़ रुपए बताया गया था और दावा किया गया कि इसमें केवल 5 से 10 किलोग्राम या लगभग 30 करोड़ रुपए मूल्य की चांदी ही असली थी, जबकि बाकी सामग्री नकली निकली। शर्मा ने कहा कि यही बात उन्हें सबसे अधिक संदेहास्पद लगी।

### अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बोले- ईरान पर फिर से नाकेबंदी लागू करेंगे

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण करने का संकल्प कर लिया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई तेज करेगा, होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण की कोशिश करेगा और ईरानी सैन्य ठिकानों पर हमले जारी रखेगा, साथ ही अगर तेहरान किसी समझौते के लिए तैयार होता है तो बातचीत के रास्ते भी खुले रखेगा। ट्रंप ने कहा कि ईरान कुछ दिन पहले हुए एक समझौते से पीछे हट गया, जिससे वॉशिंगटन को फिर से मिलिट्री एक्शन शुरू करना पड़ा। उन्होंने कहा, "हम आज रात उन पर हमला कर रहे हैं और होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) से जुड़ी किसी भी चीज के लिए उनकी सभी क्षमताओं को खत्म कर रहे हैं। और मुझे लगता है कि आखिर में, हम पूरी चीज को कंट्रोल कर लेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, "अमेरिका ईरान पर फिर से नाकेबंदी (ब्लॉकेड) लागू करेगा। हम नाकेबंदी फिर से लागू कर रहे हैं और यह नाकेबंदी सिर्फ ईरान के लिए है, किसी और के लिए नहीं। दूसरे शब्दों में, जो कोई भी ईरान के साथ व्यापार करेगा, वह वहां से नहीं गुजर पाएगा।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता टूटने की खबरों को राजदूत गोर ने बताया फर्जी

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर गलत जानकारी वाली खबरों पर टिप्पणी करते हुए अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने साफ किया है कि समझौता टूटा नहीं है। उन्होंने लोगों से भ्रामक खबरों से सावधान रहने की अपील की और कहा कि दोनों देश बातचीत के जरिए आगे बढ़ रहे हैं। सर्जियो गोर ने सोशल मीडयिा प्लेटफॉर्म 'एक्स' पोस्ट पर लखिा, ''फर्जी खबरों से सावधान! किसी ने भी किसी चीज को ठुकराया नहीं है। दोनों पक्षों के बीच हुई बैठकें काफी रचनात्मक रहीं और दोनों ने व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। हम अब भी इस मुद्दे पर लगातार बातचीत कर रहे हैं और सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।'' सर्जियो गोर ने अपनी 'एक्स' पोस्ट एजेंसी की ओर से प्रसारति की गई खबर को रीपोस्ट करते की, जसिमें दावा कयिा गया, ''अधिकारियों और विशेषज्ञों के अनुसार, हाल की बातचीत में भारत ने अमेरिका के साथ जल्दी से व्यापार समझौता करने के प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया।




# जातिवाद, भ्रष्टाचार व खोखले दावों से आजिज आकर सात समंदर पार बसते घर के चिराग

## विदेशी नागरिकता लेने में तेजी का कारण : खराब ढांचा, सामाजिक तनाव , संसाधन की कमी , अवसरों का अकाल

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत छोड़कर विदेशों में बसने वाले नागरिकों की संख्या आज संसद से लेकर आम जनता तक गहरी चिंता और तीखी बहस का विषय बन चुकी है। एक तरफ जहां देश में बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ सरकार के अपने ही आंकड़े एक कड़वी हकीकत बयां कर रहे हैं।वर्तमान केंद्रीय सत्ता के दौरान भारतीय नागरिकता छोड़ने की गति में अभूतपूर्व तेजी आई है। विदेश मंत्रालय द्वारा संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2011 से 2024 के बीच 20.6 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी नागरिकता का त्याग कर दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि पिछले कुछ वर्षों (2022, 2023 और 2024) में यह संख्या लगातार प्रति वर्ष दो लाख के पार बनी हुई है।

**नागरिकता छोड़ने की बढ़ती रफ्तार (वर्षवार आंकड़े):**

| वर्ष | नागरिकता छोड़ने वाले भारतीयों की संख्या |
|---|---|
| 2022 | 2,25,620 |
| 2023 | 2,16,219 |
| 2024 | 2,06,378 |

### आखिर क्यों देश छोड़ रहे हैं टैलेंटेड छात्र व धनी परिवार?

सिर्फ शक्तिशाली पासपोर्ट की चाहत ही इसका कारण नहीं है। इस पलायन के पीछे देश का बदलता सामाजिक और प्रशासनिक माहौल सबसे बड़ा जिम्मेदार है। आज का पढ़ा-लिखा और काबिल युवा देश के भीतर बढ़ते हिंदू-मुसलमान , मंदिर -मस्जिद के विवादों, नेताओं के विरोधाभासी और अजीबोगरीब बयानों (जैसे- खुद शादी न करना, किया तो छोड़ देना या दूसरों को चार बच्चे पैदा करने के प्रवचन देना) से पूरी तरह आजिज़ आ चुका है।इसके अलावा, 'मॉडल स्टेट' कहे जाने वाले गुजरात समेत देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभा शाली छात्र या एक परिवार के कई लोग निम्नलिखित कारणों से पलायन कर रहे हैं:

- **भ्रष्टाचार व लालफीताशाही : पग-पग पर घूसखोरी और प्रशासनिक अड़चनें।**
- **जातिवाद व आरक्षण : योग्यता के बावजूद अवसरों की कमी का अहसास।**
- **बुनियादी सुविधाओं का अभाव : विश्वस्तरीय शिक्षण संस्थानों, बेहतर चिकित्सा सुविधाओं और उच्च वेतन वाले रोजगारों का न होना।**

वर्षों तक वर्क परमिट पर रहने के बाद लोग विदेशी नागरिकता इसलिए चुनते हैं ताकि उन्हें बार-बार वीजा की कतारों में न लगना पड़े। सबसे बड़ी बात, वे अपने बच्चों का सुरक्षित भविष्य चाहते हैं। विकसित देशों में मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा—जैसे पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, बेरोजगारी भत्ता और वृद्धावस्था सुरक्षा—भारत की तुलना में कहीं अधिक मजबूत और भरोसेमंद है।

इसके साथ ही, विदेशी पासपोर्ट अंतरराष्ट्रीय व्यापार और कॉर्पोरेट क्षेत्र के लोगों के लिए दुनिया भर में बिना वीजा यात्रा को बेहद आसान बना देता है।

### प्रतिभा पलायन या वैश्विक शक्ति?

चूंकि भारत पूर्ण दोहरी नागरिकता की अनुमति नहीं देता, इसलिए विदेशी नागरिक बनते ही भारतीय नागरिकता स्वतः समाप्त हो जाती है। हालांकि, ये लोग 'ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया' कार्ड के जरिए भारत से अपना जुड़ाव बनाए रखते हैं। आज 3.5 करोड़ से अधिक लोगों के साथ भारतीय प्रवासी दुनिया का सबसे बड़ा समुदाय हैं।विश्व बैंक के अनुसार, भारत दुनिया का सबसे बड़ा रेमिटेंस (विदेशों से भेजा जाने वाला धन) प्राप्त करने वाला देश है। वर्ष 2024 में भारतीयों ने लगभग 135 अरब अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड धनराशि भारत भेजी।

यह पैसा केवल परिवारों का खर्च नहीं चलाता, बल्कि देश की शिक्षा, स्वास्थ्य और स्थानीय अर्थव्यवस्था को गति देता है।यदि हमें वास्तव में 2047 तक 'विकसित भारत' का सपना पूरा करना है, तो खोखली राजनीति और नफरत के माहौल को छोड़कर देश के भीतर ही अमेरिका, सिंगापुर, कनाडा और जर्मनी जैसा बुनियादी ढांचा, विश्वस्तरीय संस्थान और शांतिपूर्ण माहौल तैयार करना होगा। जब देश में ही संसाधन और सम्मान मिलेगा, तो अपनी मेधा के दम पर आगे बढ़ने वाले हमारे युवा अपनी मातृभूमि को छोड़कर कभी नहीं जाएंगे।

## बदला अभी बाकी है, पूर्वांचल भूला नहीं!

# अमेजन एमएक्स प्लेयर ने जारी किया 'रक्तांचल सीजन 3' का दमदार ट्रेलर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** भारत की प्रमुख मुफ्त, प्रीमियम और विज्ञापन-समर्थित वीडियो स्ट्रीमिंग सेवा, अमेज़न एमएक्स प्लेयर ने आज अपनी चर्चित क्राइम फ्रेंचाइज़ 'रक्तांचल सीज़न 3' का दमदार ट्रेलर जारी किया। यह नया सीज़न अब तक का सबसे रोमांचक और एक्शन से भरपूर सीज़न होने वाला है। इस सीज़न का निर्देशन ऋतम श्रीवास्तव ने किया है, इसकी कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है और इसका निर्माण जार मोशन पिक्चर्स ने किया है। सीरीज़ में क्रांति प्रकाश झा, निकितिन धीर, करण पटेल, माही गिल, राजेश कुमार और विक्रम कोच्छर जैसे कलाकार प्रमुख भूमिकाओं में नज़र आएंगे। पूर्वांचल की पृष्ठभूमि पर आधारित इस नए सीज़न में बदले, महत्वाकांक्षा, कमजोर रिश्तों और विश्वासघात की कहानी को पहले से कहीं ज्यादा गहराई से दिखाया जाएगा, यहां हर फैसला भारी कीमत लेकर आता है। रक्तांचल सीज़न 3' का प्रीमियर 16 जुलाई से केवल अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर होगा। एक्शन और रोमांच से भरपूर ट्रेलर 'रक्तांचल' की अब तक की सबसे जबरदस्त कहानी की झलक दिखाता है। चार साल तक फरार रहने के बाद विजय सिंह सिर्फ एक मकसद लेकर लौटता है, अपने पुराने दुश्मन वसीम खान से बदला लेना। वर्षों से चली आ रही दुश्मनी अब खुली जंग का रूप ले लेती है, लेकिन यह लड़ाई सिर्फ विजय सिंह और वसीम खान तक सीमित नहीं रहती। सनकी पांडे एक बार फिर मैदान में उतरता है। वहीं




- **'रक्तांचल सीज़न 3, 16 जुलाई से सिर्फ़ अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर मुफ़्त में स्ट्रीम किया जाएगा'**

सरस्वती देवी के इर्द-गिर्द सियासी माहौल और भी उथल-पुथल भरा हो जाता है। इसी बीच वीरेंद्र प्रताप सिंह और हिमांशु पटनायक की एंट्री सत्ता का पूरा शक्ति संतुलन बदल देती है। जैसे-जैसे दुश्मनी बढ़ती है और राजनीति की चालें आपस में उलझती जाती हैं, ट्रेलर एक ऐसी रोमांचक जंग की झलक देता है, जहां हर कदम अहम है और टकराव अपने सबसे खतरनाक मोड़ पर पहुंच जाता है।

विजय सिंह के किरदार में एक बार फिर वापसी को लेकर क्रांति प्रकाश झा ने कहा, "विजय सिंह हमेशा अपने हौसले और अटूट इरादों के दम पर आगे बढ़ता है। इतने सालों बाद इस किरदार को दोबारा निभाना मेरे लिए एक जाना-पहचाना लेकिन बेहद रोमांचक अनुभव रहा। इस सीज़न में उसे ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जो हर पल उसके इरादों की परीक्षा लेती हैं। हर टकराव पहले से कहीं ज्यादा बड़ा और दमदार है। दर्शकों को इस बार एक ऐसा रोमांचक सफर देखने को मिलेगा, जो फ्रेंचाइज़ी की अब तक की सबसे बड़ी टक्कर की ओर बढ़ता है।

वसीम खान के किरदार में अपनी वापसी को लेकर उत्साह जताते हुए निकितिन धीर ने कहा, "वसीम खान के किरदार में दोबारा लौटना मेरे लिए बेहद संतोषजनक अनुभव है, क्योंकि यह एक ऐसा किरदार है जिसकी कई परतें हैं। वह जहां भी जाता है, अपने दमदार व्यक्तित्व से सब पर छा जाता है। लेकिन इस सीज़न में उसे अब तक की सबसे बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ता है। पिछले कई सालों से दर्शक जिस दुश्मनी को देखते आ रहे हैं, वह इस बार बिल्कुल नए और बड़े स्तर पर पहुंचने वाली है। मुझे पूरा भरोसा है कि दर्शक इस कहानी के हर पल का भरपूर आनंद लेंगे। बदले की आग जहां हर कदम को दिशा देती है और सत्ता सबसे बड़ा लक्ष्य बन जाती है, वहीं 'रक्तांचल सीज़न 3' इस फ्रेंचाइज़ी का अब तक का सबसे रोमांचक अध्याय लेकर आ रहा है। क्योंकि बदला अभी बाकी है... विजय और वसीम की इस जंग में बचेगा सिर्फ़ एक! रक्तांचल सीज़न 3 का प्रीमियर 16 जुलाई से विशेष रूप से अमेज़न एमएक्स प्लेयर पर बिल्कुल मुफ्त में किया जाएगा। यह मोबाइल डिवाइस, कनेक्टेड टीवी, अमेज़न शॉपिंग ऐप, प्राइम वीडियो, फायर टीवी, जियोटीवी और एयरटेल एक्सस्ट्रीम सहित विभिन्न प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने स्लोवाकिया के नेता को बिहारी ठेकुआ गिफ्ट किया, खाने का वीडियो शेयर किया

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले महीने स्लोवाकिया के दौरे पर गए थे। वहां उन्होंने संसद अध्यक्ष रिचर्ड रासी को बिहार का पारंपरिक व्यंजन ठेकुआ गिफ्ट किया था। अब रासी ने ठेकुआ खाते हुए अपना एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जो काफी चर्चा में है। वीडियो में रासी गिफ्ट बॉक्स खोलकर ठेकुआ निकालते हैं और उसका स्वाद चखते हैं।



- **संसद अध्यक्ष ने ठेकुआ खाते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया**
- **ठेकुआ को भारत की संस्कृति और परंपरा का प्रतीक बताया**
- **रासी बोले- ठेकुआ ने स्लोवाकिया की पारंपरिक मिठाइयों की दिलाई याद**

उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक औपचारिक उपहार नहीं, बल्कि भारत की संस्कृति और परंपरा की झलक है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी यह ठेकुआ बिहार से लेकर आए थे, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है।

रासी ने कहा कि ठेकुआ उन्हें स्लोवाकिया की कुछ पारंपरिक मिठाइयों की याद दिलाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बिहार का ठेकुआ भेंट किया, जबकि उन्होंने बदले में हिंदी में लिखे विशेष स्लोवाक स्पा वेफर्स उपहार में दिए।

# यूपी में 60 हजार करोड़ से हाईवे और एक्सप्रेस-वे बनेंगे



**उत्तर प्रदेश ।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार दोपहर लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश में करीब 60 हजार करोड़ रुपये की लागत से नए हाईवे और एक्सप्रेसवे परियोजनाओं की घोषणा की। गडकरी ने बताया कि लखनऊ में अमौसी एयरपोर्ट से शहीद पथ के कमता तक तीन मंजिला फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा।

# 29 लाख आबादी वाला लिथुआनिया स्टार्टअप हब

- **147 करोड़ वाला भारत उससे बहुत पीछे**
- **क्यों लिथुआनिया आगे है भारतीय से?**

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** जब लिथुआनिया की राजधानी विलनियस 29 लाख की आबादी के साथ दुनिया के 13वें नंबर का स्टार्टअप हब बन जाती है, तो 147 करोड़ की आबादी और सबसे तेज अर्थव्यवस्था की दौड़ में शामिल भारत को आत्ममंथन करने की जरूरत है। भारत आज भी वैश्विक इनोवेशन इंडेक्स में लिथुआनिया (33वें स्थान) से पीछे संघर्ष कर रहा है। आरोप है कि जब पूरा सरकारी तंत्र इंफ्रास्ट्रक्चर, पोर्ट्स और टेलीकॉम जैसे क्षेत्रों को गिने-चुने दिग्गजों के हवाले करने में व्यस्त रहता है, तो जमीनी स्तर के टेक-स्टार्टअप्स के लिए 'लेवल प्लेइंग फील्ड' (बराबरी का मैदान) खत्म हो जाता है।

लिथुआनिया में पूंजी का यह केंद्रीकरण नहीं है; वहां 0-16% का कॉर्पोरेट टैक्स और 10 साल तक फ्री इकोनॉमिक जोन में 0% टैक्स सबके लिए समान रूप से लागू है, जिससे छोटे स्टार्टअप्स भी यूनिकॉर्न बन पा रहे हैं। विपक्ष का आरोप है कि देश का नैरेटिव आधुनिक एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर रिसर्च के बजाय राजनीतिक ध्रुवीकरण के इर्द-गिर्द सिमट जाता है, तो बजटीय प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। लिथुआनिया ने 2018 में ही अपनी 'राष्ट्रीय एआई रणनीति' लागू कर दी थी, जबकि भारत आज भी अपनी शिक्षा प्रणाली को पूरी तरह आधुनिक और कोडिंग-केंद्रित बनाने में सुस्त है। हमारे देश से हर साल लाखों इंजीनियर्स निकलते हैं, लेकिन उद्योग जगत के अनुसार उनमें से 80% से अधिक वैश्विक स्तर पर काम करने के योग्य (Employable) नहीं होते।

### 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' का असली सच

भारत में कागजों पर 'सिंगल-विंडो' क्लीयरेंस की बात होती है, लेकिन आज भी एक नए उद्यमी को एंजेल टैक्स के नोटिस, नौकरशाही की जटिलताओं और दर्जनों अनुपालनों से गुजरना पड़ता है। इसके विपरीत, विलनियस में कोई भी युवा मात्र कुछ दिनों में पूरी तरह ऑनलाइन कंपनी रजिस्टर कर सकता है। वहां का 'एक्जिट रूट' (कंपनी बंद करने की प्रक्रिया) भी बेहद आसान है, जो निवेशकों को सुरक्षा की भावना देता है।

### भारत बनाम लिथुआनिया: एक नजर में (तुलनात्मक चार्ट)

| तुलना के मुख्य बिंदु | लिथुआनिया (विलनियस) | भारत |
|---|---|---|
| कुल आबादी (2026) | लगभग 29 लाख | लगभग 147 करोड़ |
| यूनिकॉर्न की संख्या | 6 (प्रति व्यक्ति दुनिया में सबसे अधिक में से एक) | लगभग 111+ (आबादी के अनुपात में बेहद कम) |
| ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स स्थान | 33वां स्थान | 39वां-40वां स्थान |
| स्टार्टअप टैक्स व्यवस्था | 0% से 16% कॉर्पोरेट टैक्स (शुरुआती छूट के साथ) | एंजेल टैक्स का डर, जटिल जीएसटी और टैक्स स्क्रूटनी |
| एआई और टेक विजन | 2018 से राष्ट्रीय एआई नीति लागू, 100% रिन्यूएबल का लक्ष्य | नीतियां बनीं, पर कार्यान्वयन धीमा; रिसर्च पर जीडीपी का < 1% खर्च |
| कारोबार शुरू करने की अवधि | मात्र 2 से 3 दिन (पूर्णतया डिजिटल) | कई -कई माह , सालों(वह भ्रष्टाचार से जूझते) (कई विभागों की एनओसी और कागजी कार्रवाई) |

भारत की समस्या विजन की कमी से ज्यादा 'प्राथमिकताओं के भटकाव'' की है। जब तक राजनीतिक दल व संस्थाएं अपनी दकियानूसी प्राथमिकताओं को छोड़कर वास्तविक रिसर्च, शिक्षा के आधुनिकीकरण और कॉर्पोरेट एकाधिकार को तोड़ने पर ध्यान नहीं देंगे, तब तक 147 करोड़ की आबादी केवल एक उपभोक्ता बाजार बनकर रह जाएगी, न कि इनोवेशन का नेतृत्व करने वाला 'विश्व गुरु'।



## दीपिका पांडेय सिंह ने पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक को दी श्रद्धांजलि

# मन्नान जी का संघर्ष सदैव हमारे लिए प्रेरक रहेगा : दीपिका पांडेय

- **बोलीं-मन्नान मल्लिक ने हमेशा ही सही रास्ता दिखाया है, यह क्षति पूरे झारखंड के साथ-साथ व्यक्तिगत तौर पर हमारे परिवार**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सरकार की ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मन्नान मल्लिक के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
जहां उन्होंने दिवंगत नेता के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएँ व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि मन्नान मल्लिक केवल एक वरिष्ठ राजनेता ही नहीं, बल्कि हम सभी के अभिभावक, मार्गदर्शक और जनसेवा के प्रति पूर्णतः समर्पित व्यक्तित्व थे। श्रमिकों, गरीबों और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए उनका आजीवन संघर्ष तथा संगठन और कार्यकर्ताओं के प्रति उनका आत्मीय व्यवहार सदैव स्मरणीय रहेगा। मन्नान मल्लिक ने हमेशा ही सही रास्ता दिखाया है। यह छति पूरे झारखंड के साथ साथ व्यक्तिगत तौर पर हमारे परिवार के लिए भी है। इसके उपरांत दीपिका पांडेय सिंह ने झारखंड विधानसभा परिसर पहुंचकर भी पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी दिवंगत नेता को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें विनम्र नमन किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में भी मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं एवं संगठन के कार्यकर्ताओं ने मन्नान मल्लिक जी के संगठन के प्रति समर्पण, उनके लंबे सार्वजनिक जीवन और कांग्रेस संगठन को सशक्त बनाने में दिए गए अमूल्य योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी। उल्लेखनीय है कि झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मन्नान मल्लिक का मंगलवार को रांची स्थित पल्स हॉस्पिटल में निधन हो गया।



### पूर्व मंत्री मन्नान मलिक के निधन पर कांग्रेस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मन्नान मलिक का मंगलवार सुबह पल्स अस्पताल में निधन हो गया। वे पिछले कई महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे और उपचाराधीन थे। उनके निधन की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई।मंगलवार अपराह्न 2 बजे उनका पार्थिव शरीर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय लाया गया, जहां ग्रमीण बिकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, पूर्ब केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय,रविन्द्र सिंह,प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा,महिला कांग्रेस अध्यक्ष रामा खलको,महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, राजीव रंजन प्रसाद, सोनल शांति सहित वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### सास की हत्या के मामले में बहू को आजीवन कारावास

**रांची।** सास की हत्या के मामले में दोषी करार बहू फूलो देवी को अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की अदालत ने मंगलवार को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। फूलो देवी घटना के बाद से ही जेल में है। घटना को अंजाम लापुंग थाना क्षेत्र के कारूम गांव में 9 जून 2024 को दिया गया था। गवाहों के बयान और अन्य ठोस साक्ष्य अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया। प्राथमिकी के अनुसार, 9 जून 2024 को दोपहर करीब तीन बजे आपसी विवाद के दौरान फूलो देवी ने अपनी सास मानमईत देवी के सिर पर ईंट से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

### रिम्स में योग लैब का शुभारंभ

**रांची।** राजेन्द्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) में योग लैब का विधिवत शुभारंभ किया गया। न्यू अकादमिक ब्लॉक के पांचवें तल्ले पर स्थापित योग लैब का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर रिम्स के निदेशक प्रो. डॉ. डी. के. सिन्हा सहित संस्थान के कई वरिष्ठ चिकित्सक, शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम में रिम्स के निदेशक प्रो डॉ डीके सिन्हा, डीन प्रो डॉ राजीव मिश्रा, फिजियोलॉजी विभागाध्यक्ष प्रो डॉ मैरी पुष्पा बाड़ा, बायोकेमिस्ट्री विभागाध्यक्ष प्रो डॉ संतोष कुमार, साइट डॉ राजेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## जेपी विचार मंच ने रक्षा राज्य मंत्री को सौंपा ज्ञापन

# रांची से इंदौर के लिए सीधी ट्रेन की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची के रेल यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए झारखंड प्रदेश जेपी विचार मंच के प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार मलिक के नेतृत्व में रक्षा राज्य मंत्री एवं रांची सांसद संजय सेठ से मुलाकात कर रेल सेवा विस्तार और नई रेल सेवाएं शुरू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में रांची से इंदौर (मध्य प्रदेश) और गांधीनगर (गुजरात) के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। इसके अलावा हटिया से जयनगर जाने वाली ट्रेन का प्रतिदिन परिचालन, हटिया-पूर्णिया कोर्ट ट्रेन का विस्तार जोगबनी तक करने तथा रांची से मुंबई के बीच चलने वाली ट्रेन का परिचालन प्रतिदिन करने की मांग भी की गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गढ़वा**

ई–निविदा सं0– RDD/SD/GARHWA/01/2026-27, PR 384695 Rural Development(26-27)D

**CORRIGENDUM-2 (शुद्धिपत्र)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सं0– RDD/SD/GARHWA/01/2026-27, PR 384695 Rural Development (26-27)D के कंडिका क्रमांक–03, से 09 तक में आशिंक संशोधन करते हुए निविदा आमंत्रित की जाती है, जो निम्न प्रकार है –

3. Document Download/Sale Start Date-11.07.2026 के स्थान पर 17.07.2026 पढ़ा जाय।
4. Document Download/Sale End Date- 17.07.2026, Time 5:00 PM के स्थान पर 22.07.2026, Time End 5:00 PM पढ़ा जाय।
5. Clarification Start Date-18.07.2026 के स्थान पर 23.07.2026 पढ़ा जाय।
6. Clarification End Date- 22.07.2026, Time 5:00 PM के स्थान पर 27.07.2026, Time End 5:00 PM पढ़ा जाय।
7. Bid Submission Start Date-23.07.2026 के स्थान पर 28.07.2026 पढ़ा जाय।
8. Bid Submission End Date-30.07.2026, Time End 5:00 PM के स्थान पर 01.08.2026 पढ़ा जाय।
9. Bid Opening Date-01.08.2026 के स्थान पर 04.08.2026, Time 2:00 PM पढ़ा जाय।

आमंत्रित निविदा की शेष सभी कंडिकाएँ पूर्वतः बनी रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा

PR 384878 Rural Development (26-27)_D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गढ़वा**

ई–निविदा सं0–**RDD/SD/GARHWA/02/2026-27, PR 384696 (Rural Development)26-27(D)**

CORRIGENDUM-3 (शुद्धिपत्र)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल द्वारा आमंत्रित ई निविदा सं0–**RDD/SD/GARHWA/02/2026-27, PR 384696 (Rural Development) 26-27(D)** के कंडिका क्रमांक 01 कार्य की विस्तृत विवरणी के क्रमांक सं0–05 से 12 तक एवं कंडिका क्रमांक–03, से 09 तक में आशिंक संशोधन करते हुए निविदा आमंत्रित की जाती है, जो निम्न प्रकार है –

- कंडिका क्रमांक 01. कार्य की विस्तृत विवरणी के क्रमांक सं0–05 से 09 एवं 11 में कार्य पूर्णता की तिथि 06 माह के स्थान पर 04 माह तथा क्रमांक–10 एवं 12 में कार्य पूर्णता की तिथि 06 माह के स्थान पर 03 माह पढ़ा जाय।

3. Document Download/Sale Start Date-11.07.2026 के स्थान पर 17.07.2026 पढ़ा जाय।
4. Document Download/Sale End Date- 17.07.2026, Time 5:00 PM के स्थान पर 22.07.2026, Time End 5:00 PM पढ़ा जाय।
5. Clarification Start Date-18.07.2026 के स्थान पर 23.07.2026 पढ़ा जाय।
6. Clarification End Date- 22.07.2026, Time 5:00 PM के स्थान पर 27.07.2026, Time End 5:00 PM पढ़ा जाय।
7. Bid Submission Start Date-23.07.2026 के स्थान पर 28.07.2026 पढ़ा जाय।
8. Bid Submission End Date-30.07.2026, Time End 5:00 PM के स्थान पर 01.08.2026 पढ़ा जाय।
9. Bid Opening Date-01.08.2026 के स्थान पर 04.08.2026, Time 2:00 PM पढ़ा जाय।

आमंत्रित निविदा की शेष सभी कंडिकाएँ पूर्वत् बनी रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।

PR 384876 Rural Development(26-27)D


## पेज एक के शेष

### भारत मंडपम में...

झारखंड पवेलियन में राज्य के छह जीआई टैग प्राप्त हस्तकरघा उत्पादों की प्रदर्शनी ने झारखंड की समृद्ध वस्त्र विरासत, पारंपरिक शिल्पकला और बुनकरों की प्रतिभा को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खरीदारों के समक्ष प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। तसर सिल्क, कुचाई सिल्क, भगैया साड़ी एवं फैब्रिक, टुमका चादर, भोया साड़ी एवं फैब्रिक तथा पंछी साड़ी एवं फैब्रिक का भी प्रदर्शन किया गया। इस आयोजन में देश-विदेश के निर्माता, निर्यातक, वैश्विक खरीदार, निवेशक, नीति-निर्माता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल, स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी प्रदाता तथा हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा क्षेत्र से जुड़े कारीगर बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के निदेशक विशाल सागर, अपर सचिव प्रीति सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### पूर्व मंत्री व कांग्रेस...

इसे राज्य की राजनीति और सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति बताया। बड़ी संख्या में लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री मन्नान मल्लिक झारखंड कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में शामिल थे। वर्ष 2009 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने धनबाद सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। बाद में हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली पहली गठबंधन सरकार में उन्हें मंत्री बनाया गया था। वे लंबे समय तक धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भी रहे और संगठन को मजबूत करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### तीसरी भाषा की...

से पहले दोबारा मूल्यांकन का अवसर भी मिलेगा। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्र कक्षा 8 में जिन तीन भाषाओं का अध्ययन कर रहे हैं, वही संयोजन कक्षा 9 में भी जारी रहेगा और उनमें से एक भाषा को आर-3 माना जाएगा। बोर्ड ने आर-3 के लिए 100 अंकों का स्कूल आधारित मूल्यांकन तय किया है, जिसमें सुनने और बोलने की क्षमता (40 अंक), पठन कौशल (20 अंक), लेखन कौशल (10 अंक), रचनात्मक लेखन (15 अंक) और प्रोजेक्ट वर्क (15 अंक) शामिल होंगे। इसका उद्देश्य केवल लिखित परीक्षा नहीं, बल्कि भाषा के व्यावहारिक उपयोग और संवाद कौशल को भी विकसित करना है। सीबीएसई ने स्कूलों और विद्यार्थियों की सुविधा के लिए एनसीईआरटी द्वारा तैयार आर-3 भाषा शिक्षण संसाधन (लर्निंग रिसोर्सेज) भी उपलब्ध करा दिए हैं, जिनका उपयोग शिक्षक और छात्र पूरे शैक्षणिक वर्ष में कर सकेंगे। बोर्ड का कहना है कि इस संक्रमणकालीन व्यवस्था का उद्देश्य नई तीन-भाषा नीति को बिना अतिरिक्त परीक्षा बोझ के लागू करना है, ताकि विद्यार्थी सहज रूप से नई प्रणाली के अनुरूप स्वयं को ढाल सकें।

### मानव तस्करी पर...

और बरामद किए गए बच्चों की संख्या उपलब्ध कराने को कहा गया है। इसके अतिरिक्त, जिलों से मानव तस्करी की रोकथाम के लिए अपनाई गई नवाचारपूर्ण पहल, प्रभावी कार्यप्रणालियां, एएचटीयू को और सुदृढ़ बनाने के सुझाव तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों की जानकारी भी मांगी गई है। झारखंड के अपराध अनुसंधान विभाग का मानना है कि जिलों से प्राप्त सुझाव और आंकड़े राष्ट्रीय स्तर पर तैयार की जाने वाली एसओपी को अधिक प्रभावी और व्यावहारिक बनाने में सहायक होंगे। इससे मानव तस्करी और लापता बच्चों के मामलों में त्वरित कार्रवाई, बेहतर समन्वय और पीड़ितों के शीघ्र बचाव एवं पुनर्वास की दिशा में एक समान व्यवस्था विकसित की जा सकेगी।

### क्या निर्यात की...

उद्योगों को नए ऑर्डर मिलते हैं, कारखानों में उत्पादन बढ़ता है और रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। यानी, निर्यात में बढ़ोतरी का फायदा केवल बड़ी कंपनियों तक सीमित नहीं रहता। इसका असर किसानों, मजदूरों, छोटे उद्योगों, ट्रांसपोर्ट, बंदरगाहों, लॉजिस्टिक्स कंपनियों और लाखों परिवारों तक पहुंचता है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस बार निर्यात बढ़ाने में पारंपरिक वस्तुओं के साथ-साथ आधुनिक उद्योगों ने भी बड़ी भूमिका निभाई है। सबसे अधिक वृद्धि रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में हुई, जहां निर्यात लगभग 35 प्रतिशत बढ़ गया। इसके अलावा, इंजीनियरिंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक सामान, ऑर्गेनिक और इनऑर्गेनिक केमिकल्स तथा चावल के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई।
यह बदलाव इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कुछ दशक पहले भारत का निर्यात मुख्य रूप से कच्चे माल और कृषि उत्पादों तक सीमित माना जाता था। अब स्थिति बदल रही है। भारत धीरे-धीरे अधिक मूल्य वाले उत्पादों का निर्यात करने वाले देशों की श्रेणी में अपनी जगह मजबूत कर रहा है।
यह उपलब्धि इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि पूरी दुनिया इस समय आर्थिक अनिश्चितताओं से गुजर रही है। अमेरिका और यूरोप जैसे बड़े बाजारों में आर्थिक सुस्ती की आशंका बनी हुई है। कई देशों में महंगाई अब भी चिंता का विषय है। रूस-यूक्रेन संघर्ष और पश्चिम एशिया में तनाव ने वैश्विक व्यापार और समुद्री परिवहन की लागत बढ़ा दी है।
ऐसे माहौल में किसी भी देश के लिए दो अंकों की निर्यात वृद्धि हासिल करना आसान नहीं होता। भारत का प्रदर्शन बताता है कि वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की मांग बनी हुई है और दुनिया भारत को एक भरोसेमंद सप्लाई पार्टनर के रूप में देख रही है।
जब निर्यात की बात होती है तो अक्सर लोगों को लगता है कि इसका संबंध केवल उद्योगों से है। लेकिन, इस बार चावल के निर्यात में 16.48 प्रतिशत की वृद्धि यह बताती है कि कृषि क्षेत्र भी वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है। यदि कृषि उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय मांग बढ़ती है, तो किसानों को बेहतर बाजार और बेहतर कीमत मिलने की संभावना बढ़ जाती है। हालांकि इसके लिए गुणवत्ता, भंडारण, प्रसंस्करण और निर्यात मानकों का पालन करना भी उतना ही जरूरी है।
भारत को अभी भी लॉजिस्टिक्स लागत कम करनी होगी, बंदरगाहों की क्षमता बढ़ानी होगी, छोटे और मध्यम उद्योगों को वैश्विक बाजार से जोड़ना होगा और नए निर्यात बाजार तलाशने होंगे। साथ ही, गुणवत्ता, तकनीक और नवाचार पर लगातार निवेश करना होगा, ताकि भारतीय उत्पाद वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बने रहें।
दुनिया के व्यापारिक समीकरण तेजी से बदल रहे हैं। ऐसे में केवल उत्पादन बढ़ाना पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि गुणवत्ता, समय पर आपूर्ति और प्रतिस्पर्धी कीमत भी उतनी ही महत्वपूर्ण होगी।
पहली तिमाही के निर्यात आंकड़े केवल सरकारी रिपोर्ट नहीं हैं, बल्कि वे भारत की बदलती आर्थिक तस्वीर का आईना हैं। यह तस्वीर बताती है कि भारत अब केवल दुनिया का बड़ा बाजार नहीं, बल्कि दुनिया के लिए एक बड़ा आपूर्तिकर्ता भी बनता जा रहा है।
यदि यही गति पूरे वर्ष बनी रहती है, तो इससे विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत होगा, उद्योगों को नई ऊर्जा मिलेगी, रोजगार बढ़ेंगे और देश की आर्थिक विकास दर को भी मजबूती मिलेगी। साथ ही 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' जैसे अभियानों को वास्तविक आधार मिलेगा।
कुल मिलाकर, निर्यात के ये आंकड़े यह संदेश देते हैं कि भारत वैश्विक व्यापार में अपनी पहचान लगातार मजबूत कर रहा है। अब चुनौती केवल इस गति को बनाए रखने की नहीं, बल्कि इसे आने वाले वर्षों में और तेज करने की है। यदि ऐसा हुआ, तो भारतीय उद्योग, किसान, श्रमिक और आम नागरिक, सभी इस आर्थिक प्रगति के भागीदार बनेंगे।
यह 'मेक इन इंडिया'की सफलता है? : पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने उत्पादन बढ़ाने, उद्योगों को प्रोत्साहन देने और इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल निर्माण, रक्षा उत्पादन तथा इंजीनियरिंग क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) जैसी योजनाओं का असर अब निर्यात के आंकड़ों में भी दिखाई देने लगा है। विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग उत्पादों के निर्यात में बढ़ोतरी इस बात का संकेत है कि भारत केवल एक बड़ा उपभोक्ता बाजार नहीं रह गया है, बल्कि वह वैश्विक उत्पादन केंद्र बनने की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है।

## नक्सली रविंद्र गंझू की गिरफ्तारी सुरक्षा बलों की है सफलता : प्रतुल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने लातेहार, लोहरदगा एवं



आसपास के क्षेत्रों में वर्षों से आतंक का पर्याय बने कुख्यात नक्सली रविंद्र गंझू की गिरफ्तारी को सुरक्षा बलों की बड़ी और ऐतिहासिक सफलता बताया है। प्रतुल ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा भी की थी कि 31 मार्च तक देश को नक्सल मुक्त कर दिया जाएगा। अब कुछ बचे हुए नक्सली कमांडरों पर भी कार्रवाई हो रही है।उन्होंने कहा कि रविंद्र गंझू और उसका गिरोह लंबे समय से पुलिस कर्मियों ,निर्दोष ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, विकास कार्यों तथा सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर पूरे क्षेत्र में भय का वातावरण बनाए हुए था। उसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र के लोगों ने निश्चित रूप से राहत की सांस ली है। प्रतुल शाह देव ने इस सफल अभियान के लिए सीआरपीएफ के वीर जवानों, केंद्रीय एवं राज्य की सुरक्षा एवं खुफिया एजेंसियों, झारखंड पुलिस तथा विशेष रूप से लातेहार पुलिस का हृदय से आभार व्यक्त किया।
उन्होंने कहा कि इन सभी एजेंसियों ने आपसी समन्वय, सटीक खुफिया सूचना और लगातार चलाए गए अभियानों के माध्यम से रविंद्र गंझू पर निरंतर दबाव बनाए रखा। इसी रणनीति के कारण वह लगातार अपना ठिकाना बदलने और सीमित क्षेत्र में सिमटने को मजबूर हुआ, जिसके परिणामस्वरूप अंततः उसे गिरफ्तार किया जा सका।

### लातेहार पुलिस ने रविंद्र के दस्ते की कमर तोड़ दी थी

प्रतुल ने कहा कि पिछले दो वर्षों में लातेहार पुलिस ने सीआरपीएफ के सहयोग से लगातार अभियान चला कर रविंद्र के दस्तक की मारक क्षमता को लगभग समाप्त कर दिया था। कभी उसके दस्ते में 60 - 70 लोग हुआ करते थे।अब जानकारी के अनुसार सिर्फ सात आठ लोग ही उसके पुराने दस्ते में बचे हैं।
उन्होंने कहा कि यह सफलता उन सभी सुरक्षा कर्मियों के साहस, धैर्य और समर्पण का परिणाम है जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना वर्षों तक इस अभियान को आगे बढ़ाया।प्रतुल शाह देव ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को अब इसी दृढ़ता के साथ आगे भी अभियान जारी रखना चाहिए।


**कार्यालय,नगर पंचायत,लातेहार**

**शुद्धि पत्र**

नगर पंचायत, लातेहार के ज्ञापांक 1534 दिनांक 01.07.2026 द्वारा जिला सूचना एवं जनसम्पर्क पदाधिकारी लातेहार के माध्यम से PR NO 383911 Urban Development (26-27): D द्वारा नगर पंचायत लातेहार के दुकान के आवंटन हेतु विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित आम सूचना में दुकान का आवंटन आवेदको बीच लॉटरी के माध्यम से दिनांक 29.07.2025 को 11:00 बजे पूर्वाहन् के स्थान पर दिनांक 29.07.2026 को 11:00 बजे पूर्वाहन् पढा एवं समझा जाय, शेष नियम एवं अन्य शर्ते यथावत रहेगें।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, लातेहार

PR 384895 Urban Development(26-27).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा**
E-mail - eercdgarhwa-jhr@nic.in

**अति आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR 383730 Road (26-27).D** से पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा अंतर्गत प्रकाशित निविदा, जिसका निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– पथ/गढ़वा/559/2026–27 (गै0यो0) दिनांक 01.07.2026 के क्रम सं0 3 में उल्लेखित कार्य **"भंडरिया–टिहरी भाया बड़गड़ पथ के 14वें कि0मी0 में 650.00 मी0 का डायवर्सन सड़क का निर्माण कार्य"** को योजना मद अंतर्गत विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान होने के फलस्वरूप स्थगित किया जाता है। अन्य सभी यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 384953 (Road) 26-27 (D)

**झारखण्ड सरकार**
**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग**
**वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा।**

**आम नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के अंतर्गत राज्यसात वाहनों (जहाँ है, जिस स्थिति में है) की बिक्री दिनांक–29.07.2026 के पूर्वाहन 11:00 बजे से गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय, गढ़वा में आम नीलामी द्वारा की जायेगी। यदि नीलामी तिथि को किसी कारणवश अवकाश या बंदी घोषित होता है तो उसके अगले कार्य दिवस को नीलामी की तिथि तय मानी जायेगी। किसी भी व्यक्ति को यह आपत्ति हो कि आम नीलामी सूचना में उल्लेखित वाहनों के संबंध में सुनवाई किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो वे संबंधित मामले में अपना दावा स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से साक्ष्य हेतु दस्तावेज के साथ कार्यालय अवधि में गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में दिनांक–28.07.2026 के अपराह्न 05:00 बजे तक या उसके पूर्व समर्पित कर सकते हैं। यदि उक्त तिथि तक उल्लेखित राज्यसात वाहनों पर कोई दावा गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय में समर्पित नहीं किया जाता है तो यह समझा जायेगा कि उक्त राज्यसात वाहनों की आम नीलामी द्वारा बिक्री करने पर किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति नहीं है। नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी निम्नवत् है तथा नीलामी हेतु आवश्यक शर्तें सहित नीलामी हेतु राज्यसात वाहनों की सूची, क्रमानुसार विवरणी गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रमण्डलीय कार्यालय; गढ़वा जिला के Official वेबसाईट https://garhwa.nic.in/ तथा झारखण्ड राज्य, वन विभाग के Official वेबसाईट https://forest.jharkhand.gov.in/ पर उपलब्ध है :–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन संख्या/ इंजन संख्या/ चेचिस संख्या | वाहन जहाँ स्थित है। | जमा की जाने वाली अग्रधन की राशि (Gate Money) (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | महिन्द्रा ट्रैक्टर ट्रॉली सहित, रंग–लाल, मॉडल B275DI | Engine No. - PES3A85D320RS2924 / Serial No. - 86220786 | वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर, भवनाथपुर | 20,000.00 |
| 2 | महिन्द्रा 275 DI ट्रैक्टर | Engine No. – 3040912R4, Chassis No. – 3064228R4 | वन प्रक्षेत्र कार्यालय परिसर, नगर | 20,000.00 |

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल।

PR 384875 (Forest, Environment and Climate Changes) 26-27 (D)

**–: कार्यालय :–**
**प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल**

**–: आवश्यक सूचना :–**

बिहार पब्लिक लैण्ड इन्क्रौचमेन्ट एक्ट, 1956 (Bihar Act XV 1956) की धारा–2(3) के अंतर्गत बी0पी0एल0ई0 मुकदमा वादों की सूचना।
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार वन प्रमण्डल, लातेहार अंतर्गत बी0पी0एल0ई मुकदमा से संबंधित सुनवाई हेतु तिथि 19.08.2026 को निर्धारित की जाती है:–

| क्र0 स0 | शिकायत वाद संख्या | बी0पी0एल0 ई0 वाद सं0 | सुनवाई की तिथि | अभियुक्त का नाम, पता | अतिक्रमण रकबा | प्लॉट सं0 | पी0एफ0 का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 221/2021 | 17/2025 | 19.08.2026 | सकेन्द्र लोहरा, पिता–स्व0 इन्द्रदेव लोहरा, ग्राम–सारदाबार, लोहराटोला, पोस्ट+थाना हेरहंज, जिला–लातेहार | 0.60 एकड़ | 325 | सरदाबार |
| 2 | 33/2021 | 16/2025 | 19.08.2026 | 1. राजदेव लोहरा, पिता–स्व0 रामप्रसाद लोहरा 2. पितम्बर लोहरा, पिता–राजदेव लोहरा दोनो ग्राम–कोने, कलकुड़ीटोला, थाना+जिला–लातेहार | 01 एकड | 21 | कोने |
| 3 | 227/2023 | 05/2025 | 19.08.2026 | 1.राजू सिंह, पिता–ननकु सिंह 2. सुखारी सिंह, पिता–ननकु सिंह दोनो ग्राम–हेसातु, थाना–हेरहंज, जिला–लातेहार | 0.08 एकड | 48 | हेसातु |
| 4 | 422/2023 | 04/2025 | 19.08.2026 | 1. रमन गंझू, पिता–हरखू गंझू 2. धनेश्वर पासवान, पिता–सुखदेव पासवान दोनो ग्राम–बरवाडीह, पो0–चेडरा, थाना–बारियातु, जिला–लातेहार | 0.40 एकड़ | 11 | बरवाडीह |

समाचार पत्र के माध्यम से उपर्युक्त अभियुक्तों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को 11:00 बजे पर्वूाह्न में प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, लातेहार वन प्रमण्डल के न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करेंगे, अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस विषय में कुछ नहीं कहना है तथा एकतरफा सुनवाई करते हुए जप्त वन पदार्थ को सरकार के पक्ष में अधिहरित कर लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–
वन प्रमण्डल पदाधिकारी,
लातेहार वन प्रमण्डल

PR 384872 Forest, Environment and Climate Changes(26-27)#D



## हॉकी इंडिया ने घोषित की भारतीय यूथ टीम

# झारखंड के छह खिलाड़ी भारतीय हॉकी टीम में शामिल

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हॉकी झारखंड के लिए गर्व की बात है कि हॉकी इंडिया ने महिला यूथ हॉकी-5 साइड एशियन चैंपियनशिप-2026 के लिए घोषित भारतीय टीम में झारखंड के छह खिलाड़ियों को जगह दी है। इनमें महिला वर्ग में पांच और पुरुष वर्ग में एक खिलाड़ी शामिल हैं। यह प्रतियोगिता 20 से 25 जुलाई 2026 तक ओमान के मस्कट में आयोजित होगी। हॉकी इंडिया ने भोपाल (मध्य प्रदेश) में 4 से 18 जुलाई तक आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर 10 सदस्यीय भारतीय महिला टीम और चंडीगढ़ में चल रहे पुरुष वर्ग के शिविर से 10 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की है। भारतीय महिला टीम में झारखंड की संदीपा कुमारी, पुष्पा मांझी, श्रुति कुमारी, खिल्ली कुमारी और नीलम टोपनो का चयन हुआ है। वहीं पुरुष वर्ग में आशीष तनी पूर्ति को भारतीय टीम में स्थान मिला है।

उल्लेखनीय है कि संदीपा कुमारी, पुष्पा मांझी, श्रुति कुमारी, खिल्ली कुमारी और नीलम टोपनो पहले से ही भोपाल में चल रहे 15 सदस्यीय सब-जूनियर राष्ट्रीय प्रशिक्षण समूह का हिस्सा थीं। पुरुष वर्ग का प्रशिक्षण शिविर पंजाब में आयोजित किया गया था।









**हॉकी झारखंड** और राज्य सरकार के खेल विभाग के अधिकारियों ने सभी चयनित खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

**हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह** ने कहा कि राष्ट्रीय टीम में झारखंड के छह खिलाड़ियों का चयन राज्य में हॉकी के जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों, बेहतर प्रशिक्षण और खिलाड़ियों को मिल रहे प्रोत्साहन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के यूनाइटेड किंगडम एक्सपोजर दौरे में भी झारखंड की चार खिलाड़ी शामिल हैं। वहीं हाल ही में घोषित एशियन गेम्स टीम में भी राज्य की चार खिलाड़ियों को जगह मिली है। जूनियर और सब-जूनियर भारतीय महिला टीमों में झारखंड की कुल 13 महिला खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर रही है।

## 17 से शुरू होगी 65वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची ने सत्र 2026-27 के विद्यालयी खेल कैलेंडर के तहत आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके तहत 65वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 21 जुलाई 2026 तक खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, रांची में होगा।

प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी प्रमंडलों की विजेता जिला टीमों को 16 जुलाई को अपराह्न 3 बजे तक बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम के रजिस्ट्रेशन हॉल में रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है। यहां टीमों का पंजीकरण, दस्तावेजों का सत्यापन और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जाएंगी।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सभी प्रमंडलों की विजेता टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमें राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इसके बाद द्वितीय राज्य स्तरीय लिटिल चैंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 23 से 25 जुलाई 2026 तक तथा राज्य स्तरीय जवाहरलाल नेहरू हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन 29 से 31 जुलाई 2026 तक किया जाएगा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, जिला शिक्षा अधीक्षकों, जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सभी तैयारियां पूरी करते हुए खिलाड़ियों की सुरक्षित, समयबद्ध और सफल सहभागिता सुनिश्चित करें।



### रांची जिला योग चैंपियनशिप संपन्न

## सप्त ऋषि बने चैंपियन ऑफ चैंपियंस

- रूपश्री बनीं योग कुमारी, अभिमन्यु पांडे बने योग कुमार।
- 537 से अधिक प्रतिभागियों ने विभिन्न आयु वर्गों में लिया हिस्सा।
- विजेताओं को अतिथियों ने पदक एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची जिला योग संघ के तत्वावधान में दो दिवसीय रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप जीडी गोयंका स्कूल नामकोम के सभागार में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सप्त ऋषि ने वर्ष 2026 में चैंपियन ऑफ चैंपियंस बनने का गौरव हासिल किया। वहीं प्रतियोगिता में योग अमृत की रूपश्री को योग कुमारी, टेंडर हार्ट स्कूल के अभिमन्यु पांडे को योग कुमार, एन आई वाई की पम्मी कुमारी को योग सुंदरी एवं मौसम कुमार को योगश्री की उपाधि से नवाजा गया। प्रतियोगिता में 537 से ऊपर प्रतिभागियों ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया। विभिन्न ग्रुपों में आयोजित स्पर्धा मैं काव्या शर्मा, रूपश्री शर्मा, श्रेया सोनी, अंशिका कुमारी, अंदेशा कुमारी, आशा रानी, रश्मि सिंकु, वंदना सर्राफ, वंदना कुमारी, हरिंद कुमार, अगम कुमार सिंह, सप्त ऋषि मुखर्जी, ऋतुराज भास्कर, दुर्गेश कुमार, मनमीत सिंह, मौसम, राजकुमार महतो, रवि रंजन, काबिलेश कुमार ने अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।खिलाड़ियों के बीच रांची विश्वविद्यालय योग विभाग के निदेशक प्रोफेसर आशीष कुमार झा, जीडी गोयनका नामकुम के शिवम सिंह,डा. सजीव कुमार, गोपाल सोनी, शंभू सोनी, मनोज सोनी, राजेश सोनी, अभय तिवारी माखन पाठक, पिंटू शर्मा, रंजन शर्मा, डॉ पीके मित्रों, सुशांत भट्ट, पंकज प्रसाद, आदित्य कुमार सिंह ने खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार झा, रजनी बक्शी और अमरेंद्र कुमार विकल ने किया। आयोजन सचिव राहुल पोद्दार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर कौशिक दत्ता, पंकज प्रसाद, रजनी बक्शी, आदित्य कुमार सिंह,सुशीत बनर्जी, इंद्रजीत चक्रवर्ती, कृष्ण कुमार राय, श्रीमती रीमा वर्मा, कुमारी सृजन, निक्की रानी, नंददुलाल दत्ता, सहित सदस्य उपस्थित थे।

## हैरी केन और लियोनेल मेसी पर होगी नजर

# 16 को सेमीफाइनल में आमने- सामने होगी इंग्लैंड और अर्जेंटीना



**एजेंसी। अटलांटा**

दो दशक बाद 16 जुलाई, गुरुवार को इंग्लैंड और अर्जेंटीना की टीमें फीफा वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में आमने-सामने होने वाली हैं। दोनों टीमों के बीच खेले जाने वाले मुकाबले से वर्ल्ड कप की सबसे पुरानी प्रतिद्वंद्विताओं में से एक हो गया है। इंग्लैंड और अर्जेंटीना पांच मुकाबले में आमने सामने हुए हैं। इस दौरान इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा है। इंग्लैंड की टीम तीन मुकाबले जीती है, जबकि अर्जेंटीना को दो मैचों में जीत मिली है, जिसमें एक पेनल्टी भी शामिल है।

### 1962 में हुई थी पहली भिड़ंत

इंग्लैंड और अर्जेंटीना पहली बार वर्ष 1962 में विश्व कप में आमने-सामने हुए थे। जब इंग्लैंड ने ग्रुप चरण में 3-1 से जीत हासिल की थी, टीमों ने 1966 के क्वार्टर फाइनल में वेम्बली में प्रतिद्वंद्विता की नींव रखी थी। इंग्लैंड ने उस मैच में 1-0 से जीत हासिल की, जिसे ज्योफ हर्स्ट के देर से विजेता के रूप में कम, अर्जेंटीना के कप्तान एंटोनियो रैटिन की बर्खास्तगी के लिए याद किया जाता है।

इस मुकाबले में इंग्लैंड ने ट्रॉफी तो जीत ली थी, लेकिन उस मुकाबले की खराब भावना दशकों तक बनी रही। अब 20 वर्ष बाद मेक्सिको सिटी के एज्टेका स्टेडियम में फाइनल में जगह बनाने की जंग होगी।

अर्जेंटीना के मैनेजर को खास रिकॉर्ड बता दें कि स्वीट्जरलैंड को हराने के बाद अर्जेंटीना फीफा वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। इसी के साथ ही लियोनेल स्कालोनी ने एक बार फिर रिकॉर्ड तोड़ने के साथ ही नेशनल टीम के इतिहास के सबसे अहम मैनेजरों में अपनी जगह पक्की कर ली है। स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच लियोनेल स्कालोनी का नेशनल टीम के कोच के तौर पर 13वां वर्ल्ड कप मैच था। उन्होंने वर्ष 1978 वर्ल्ड कप चैंपियन सीजर लुइस मेनोट्टी का रिकॉर्ड तोड़ा है। सीजर लुइस मेनोट्टी ने 12 वर्ल्ड कप मैचों में टीम को संभाला था।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

## सैमसंग के नए फोल्डेबल स्मार्टफोन होंगे अधिक पतले और हल्के : टीएम रोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रेसिडेंट एवं सीईओ टीएम रोह ने कहा है कि जैसे-जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिक स्मार्ट और व्यक्तिगत होता जा रहा है, डिवाइस का डिजाइन और उपयोग का अनुभव पहले से अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा।

SAMSUNG

गैलेक्सी अनपैक्ड से पहले जारी अपने वक्तव्य में रोह ने कहा, "जब एआई एक साथ कई कामों में हमारी मदद करता है, तब ऐसी स्क्रीन, जिसे मोड़ा और खोला जा सके, उपयोगकर्ताओं के लिए नई संभावनाएं पैदा करती है। यही फोल्डेबल स्मार्टफोन की सबसे बड़ी खासियत है। इन्हें मोड़कर आसानी से जेब या हाथ में रखा जा सकता है और खोलने पर बड़ी स्क्रीन का अनुभव मिलता है। इसी दिशा में सैमसंग लगातार अपने फोल्डेबल डिवाइसों को अधिक पतला, हल्का, मजबूत और बेहतर बना रहा है।"

उन्होंने कहा कि एआई का अगला दौर केवल सवालों के जवाब देने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वह उपयोगकर्ताओं की जरूरतों के अनुसार उनकी मदद करने वाला डिजिटल सहायक बनेगा। हालांकि अंतिम निर्णय हमेशा उपयोगकर्ता का ही रहेगा। रोह ने कहा, "एआई किसी व्यक्ति की बेहतर मदद तभी कर सकता है, जब वह उसकी जरूरतों और पसंद को समझे। उन्होंने बताया कि सैमसंग पिछले कई वर्षों से स्मार्टफोन, टैबलेट, स्मार्टवॉच, टीवी और घरेलू उपकरणों सहित विभिन्न डिवाइसों के साथ ऐसा इकोसिस्टम तैयार कर रहा है, जिससे एआई उपयोगकर्ताओं को अलग-अलग डिवाइसों पर सहज और एकीकृत अनुभव दे सके।

## पहली तिमाही में नुवोको विस्टास का मुनाफा 20 प्रतिशत बढ़ा

**रांची।** नुवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बेहतर वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। कंपनी की सीमेंट बिक्री 5.3 मिलियन टन रही, जबकि कुल आय 3,129 करोड़ रुपये और कर पश्चात लाभ 20 प्रतिशत बढ़कर 160 करोड़ रुपये पहुंच गया। कंपनी ने सूरत में 20 लाख टन वार्षिक क्षमता वाली नई ग्राइंडिंग यूनिट का भी उद्घाटन किया। प्रबंध निदेशक जयकुमार कृष्णास्वामी ने कहा कि परिचालन दक्षता और समय पर परियोजनाओं के क्रियान्वयन से कंपनी का प्रदर्शन मजबूत रहा तथा क्षमता विस्तार की योजनाएं भी तय समय के अनुसार आगे बढ़ रही हैं।

## खरीफ की रफ्तार पर ब्रेक!

# पिछले साल के मुकाबले 101 लाख हेक्टेयर कम हुई बुवाई

- धान-दाल से लेकर तिलहन तक पिछड़े
- 10 जुलाई तक खरीफ फसलों का रकबा 531.25 लाख हेक्टेयर
- गन्ना और जूट को छोड़ अधिकांश प्रमुख फसलों की बुवाई में गिरावट

### वहीं, कपास की बुवाई भी झारखंड पर नजर



झारखंड में खरीफ खेती का सबसे बड़ा आधार धान है। राज्य के अधिकांश किसान छोटे और सीमांत हैं तथा सिंचाई सुविधाएं सीमित हैं। ऐसे में मानसून की हर देरी सीधे खेती की लागत, उत्पादन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती है। यदि आने वाले दिनों में अच्छी बारिश होती है, तो बुवाई की रफ्तार तेज हो सकती है। लेकिन बारिश में कमी बनी रही, तो राज्य में कृषि उत्पादन के साथ-साथ किसानों की आय और बाजार पर भी असर पड़ सकता है। इसलिए झारखंड के लिए अगले दो से तीन सप्ताह बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

**उदय चंद्र सिंह**

**नई दिल्ली।** देश में खरीफ सीजन की बुवाई की रफ्तार इस वर्ष पिछले साल की तुलना में धीमी दिखाई दे रही है। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार, 10 जुलाई 2026 तक खरीफ फसलों की कुल बुवाई 531.25 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह आंकड़ा 632.69 लाख हेक्टेयर था। यानी इस बार अब तक 101.44 लाख हेक्टेयर कम क्षेत्र में बुवाई हुई है। धान, दालें, तिलहन, मोटे अनाज और कपास जैसी प्रमुख फसलों के रकबे में गिरावट दर्ज की गई है, जबकि गन्ना और जूट-मेस्टा की बुवाई में मामूली बढ़ोतरी देखने को मिली है।

कृषि मंत्रालय के अनुसार, धान की बुवाई इस वर्ष 114.69 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हुई है, जो पिछले वर्ष के 125.53 लाख हेक्टेयर की तुलना में 10.84 लाख हेक्टेयर कम है। सामान्य औसत की तुलना में हालांकि धान का रकबा अभी भी अधिक बना हुआ है।

दालों की बात करें तो इनकी बुवाई 56.63 लाख हेक्टेयर में हुई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 17.22 लाख हेक्टेयर कम है। अरहर, उड़द और मूंग जैसी प्रमुख दलहनी फसलों के रकबे में भी कमी दर्ज की गई है।

श्री अन्न (मोटे अनाज) की बुवाई 98.69 लाख हेक्टेयर रही, जो पिछले साल के मुकाबले 28.61 लाख हेक्टेयर कम है। बाजरा और मक्का जैसी प्रमुख फसलों में भी उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई है।

इसी तरह तिलहन फसलों की बुवाई 117.83 लाख हेक्टेयर रही, जो पिछले वर्ष से 31.34 लाख हेक्टेयर कम है। सोयाबीन और मूंगफली दोनों के रकबे में उल्लेखनीय कमी देखी गई।

## 19 सेवा उप-क्षेत्रों में से 14 में अप्रैल में दर्ज की गई दोहरे अंकों की वृद्धि: केंद्र

**नई दिल्ली।** सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा मंगलवार को जारी ट्रायल इंडेक्स ऑफ सर्विसेज प्रोडक्शन (आईएसपी) के अनुसार, भारत के सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में मजबूत तेजी देखने को मिली है। अप्रैल 2026 में 19 सेवा उप-क्षेत्रों में से 14 ने अप्रैल 2025 की तुलना में दोहरे अंकों (डबल डिजिट) की वृद्धि दर्ज की है। इस सूचकांक का आधार वर्ष 2024-25 रखा गया है।

मंत्रालय ने बताया कि लगभग सभी सेवा श्रेणियों में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है। इन 19 उप-क्षेत्रों की हिस्सेदारी देश के कुल सेवा क्षेत्र में लगभग 60 प्रतिशत है। मंत्रालय के अनुसार, यह पहली बार है जब सेवा क्षेत्र की मासिक गतिविधियों का इतने विस्तृत स्तर पर आकलन किया गया है। अप्रैल 2026 में सबसे अधिक वृद्धि आवास एवं खानपान क्षेत्र में दर्ज की गई, जहां उत्पादन में 37.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। इसके बाद खुदरा व्यापार में 30.8 प्रतिशत, प्रशासनिक एवं सहयोगी सेवाओं में 28.7 प्रतिशत तथा रियल एस्टेट क्षेत्र में 27.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

मंत्रालय ने कहा कि उप-क्षेत्रीय इंडेक्स ऑफ सर्विसेज प्रोडक्शन (आईएसपी) पहली बार भारत के औपचारिक सेवा क्षेत्र की अल्पकालिक मासिक गतिविधियों का आकलन उपलब्ध कराएगा। फिलहाल इसकी कवरेज करीब 60 प्रतिशत है। भविष्य में उप-क्षेत्रीय सूचकांकों की स्थिरता और विश्वसनीयता का अध्ययन करने के बाद समग्र ओवरऑल आईएसपी भी जारी किया जाएगा।

## कोडेक्स आयोग में भारत की बड़ी उपलब्धि, 7 वैश्विक खाद्य मानकों को मिली मंजूरी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** जिनेवा में आयोजित कोडेक्स एलीमेंटेरियस आयोग के 49वें सत्र में भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत की अध्यक्षता और सह-अध्यक्षता में तैयार किए गए सात कोडेक्स मानकों और दिशा-निर्देशों को आयोग ने औपचारिक रूप से अपनाया, जिससे विज्ञान आधारित अंतरराष्ट्रीय खाद्य मानकों के विकास में भारत की भूमिका और मजबूत हुई है। एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि के तहत आयोग ने काजू की गिरी के लिए नया कोडेक्स मानक विकसित करने के भारत के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) राजित पुन्हानी ने किया। आयोग की बैठकों में एफएसएसएआई और स्पाइसेस बोर्ड के तकनीकी विशेषज्ञों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

आयोग ने भारत की अध्यक्षता में विकसित सूखे धनिया के बीज और ताजे करी पत्तों के लिए तैयार किए गए वैश्विक मानकों को मंजूरी दी। इसके अलावा भारत की सह-अध्यक्षता में विकसित पांच अन्य कोडेक्स दस्तावेजों को भी अपनाया गया।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, सूखे धनिया के बीज का नया मानक दुनिया के सबसे अधिक कारोबार होने वाले मसालों में से एक के अंतरराष्ट्रीय व्यापार को आसान बनाएगा। वहीं, ताजे करी पत्तों का मानक इस महत्वपूर्ण खाद्य सामग्री के लिए वैश्विक गुणवत्ता मानक तय करेगा।